17:07:2023



अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 194 epaper.rashtriyakhabar.com श्रावण, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

क्रोधो हर्षश्च दर्पश्च ह्रीः स्तंभो मान्यमानिता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति सवै पंडित उच्यते ॥

भावार्थ : जो क्रोध, हर्ष, दर्प, लज्जा, उद्दंडता तथा स्वयं को श्रेष्ठ समझने के मिथ्या अभिमान के वशीभूत होकर अपने मार्ग/धर्ममार्ग से विचलित नहीं होता वही पंडित कहलाता है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .37 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .12 बजे

## जापान में हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी

**टोक्यो:** जापान में रिकॉर्ड स्तर के उच्च तापमान ने देश के कई हिस्सों को झुलसा दिया जिसके बाद रविवार को लू-अलर्ट जारी किया गया जबकि अन्य क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने दर्शकों को चेतावनी दी कि गर्मी जानलेवा स्तर पर है क्योंकि राजधानी टोक्यो सहित कुछ स्थानों पर तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। सरकार ने देश के 47 प्रान्तों में से 20 के लिए हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी किया, मुख्य रूप से पूर्व और दक्षिण पश्चिम में, जिससे कई लाख लोग प्रभावित हुए हैं। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार टोक्यो के उत्तर में गुनमा प्रान्त के किरयू शहर में पारा 39.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि पश्चिमी टोक्यो में हाचियोजी में पारा 38.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जापान का अब तक का उच्चतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो पहली बार 2018 में सैतामा के कुमागाया शहर में दर्ज किया गया और फिर 2020 में शिजुओका के हमामात्सू शहर में दर्ज किया गया था।

## स्पेन के जंगल में आग , चार हजार लोगों को निकाला गया

**मैड्रिड:** स्पेन के कैनरी द्वीप में भीषण जंगल की आग के कारण चार हजार से अधिक लोगों को निकाला गया है। स्पेनिश मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। एल पेस अखबार की रिपोर्ट के अनुसार जंगल की आग ला पाल्मा द्वीप पर दो हजार तीन सौ लोगों की आबादी वाले पुंटागोर्डा नगर पालिका में शुरू हुई। तिजाराफे नगर पालिका से भी लोगों को निकाला गया है। अखबार ने बताया कि आग पहले से ही लगभग 9,800 एकड़ क्षेत्र में फैल चुकी है और उस पर काबू नहीं पाया जा सका है। समाचार पत्र ने कहा कि आग से बारह घर नष्ट हो गए। करीब 75 से अधिक निवासियों वाला ला पाल्मा द्वीप द्वीपसमूह में सबसे घने जंगलों में से एक है। द्वीप पर पिछली गंभीर जंगल की आग अगस्त 2020 में एल पासो नगर पालिका में लगी थी।

## अलास्का में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया

**वाशिंगटन:** अमेरिका के अलास्का से 106 किमी दक्षिण सैंड प्वाइंट में रविवार को भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गयी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार मौसम रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गयी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ये झटके इतने तेज थे कि इनके बाद सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। झटकों के कारण भयानक तबाही की आशंका जताई गई है। पर अभी भूकंप से होने वाले नुकसान के बारे में सही जानकारी सामने नहीं आई है। यूएसजीएस के अनुसार भूकंप के झटके के बाद तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है, जिसके बाद से दहशत का माहौल है। यूएसजीएस ने कहा कि भूकंप 9.3 किमी (5.78 मील) की गहराई में स्थित था। अलास्का भूकंप केंद्र ने कहा कि अलास्का प्रायद्वीप, अलेउतियन द्वीप और कुक इनलेट इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। गौरतलब है कि दो सप्ताह पहले अलास्का के एंकरेज में हल्का भूकंप आया था। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र शहर से लगभग 12 मील दक्षिण में रहा। यूएसजीएस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चला है कि भूकंप 17.5 मील की गहराई पर आया था।

## खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम और बालटाल दोनों मार्ग पर खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह सूचना दी। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण आज दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक नुनवान पहलगाम आधार शिविर और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल से किसी भी यात्री को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि दोनों मार्गों और गुफा मंदिर के कई स्थानों पर अभी भी बारिश हो रही है, जिससे कई जगहों पर सड़क फिसलन भरी हो गई है। खराब मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने सुधार होने तक यात्रा स्थगित करने का फैसला किया है। बीते शुक्रवार को किसी भी तीर्थयात्री को दुमैल के रास्ते सबसे छोटे बालटाल मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर तक दर्शन के लिए पैदल और घोड़े से जाने की अनुमति नहीं दी गई थी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

राजनीति › अरविंद केजरीवाल की मुहिम को एक बड़ा समर्थन मिला

# कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश का विरोध करेगी:वेणुगोपाल

- के सी वेणुगोपाल ने कर दी इसकी घोषणा
- कांग्रेस हमेशा ही लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ
- बेंगलुरु में होगी विपक्षी दलों की अगली बैठक

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को बड़ा समर्थन देते हुए कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश का समर्थन नहीं करेगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, मुझे लगता है कि वे (आप) कल बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। जहां तक अध्यादेश (दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण पर) का सवाल है, हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है। हम इसका समर्थन नहीं करेंगे। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि उसने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकारों के संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों पर मोदी सरकार के हमलों के खिलाफ हमेशा लड़ाई लड़ी है और संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह ऐसे प्रयासों का विरोध करेगी। कांग्रेस के फैसले का स्वागत करते हुए आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा, कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश का स्पष्ट विरोध करने की घोषणा करती है।

इससे पहले रविवार को जब पूछा गया कि क्या आप बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक में शामिल होगी, तो केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि वह राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक के बाद ही इस पर टिप्पणी कर सकते हैं।

कांग्रेस का यह दावा, दिल्ली अध्यादेश मुद्दे के सीधे » पेज 2 भी देखें

### बैठक की अध्यक्षता संसदीय दल प्रमुख सोनिया गांधी ने की

कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की बैठक की अध्यक्षता संसदीय दल प्रमुख सोनिया गांधी ने की और इसमें एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और रमेश समेत अन्य लोग शामिल हुए। यह पूछे जाने पर कि क्या आप उन 24 पार्टियों में शामिल है जो बेंगलुरु बैठक में शामिल होंगी, रमेश ने कहा, जहां तक मुझे पता है, आम आदमी पार्टी उन 24 पार्टियों में से एक है जो बेंगलुरु बैठक में शामिल होंगी। अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी समूह का विस्तार होने जा रहा है और अगले सप्ताह बेंगलुरु में कांग्रेस द्वारा बुलाई जा रही दूसरी एकता बैठक में और अधिक दलों के शामिल होने की संभावना है। 17 और 18 जून को होने वाली बैठक के लिए 24 गैर-भाजपा दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है, जिसके पहले संस्करण में 15 दलों की भागीदारी देखी गई। पिछले महीने पटना में पहली बैठक में विपक्षी दलों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करने का संकल्प लिया था। हालाँकि, तब आप के इस दावे के साथ दरारें भी उभरी थीं कि भविष्य में ऐसी किसी भी सभा का हिस्सा बनना उसके लिए मुश्किल होगा जब तक कि कांग्रेस सार्वजनिक रूप से अध्यादेश के मुद्दे पर उसका समर्थन नहीं करती।

देश के कई हिस्सों में टमाटर की ऊंची कीमत के बीच

# टमाटर बेचकर करोड़पति बन गया पुणे का किसान

- पुणे के इस किसान का नाम तुकाराम भागोजी गायकर है
- गायकर और बहू की मदद से एक महीने में 13,000 टमाटर की क्रेट बेची

राष्ट्रीय खबर



**मुंबई:** देश के कई हिस्सों में टमाटर की ऊंची कीमत के बीच, महाराष्ट्र के पुणे जिले के एक व्यक्ति ने सब्जी बेचकर 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। पुणे के इस किसान का नाम तुकाराम भागोजी गायकर है, जो एक किसान हैं, जिन्होंने अपनी 12 एकड़ जमीन पर टमाटर की खेती की है। नारायणगंज में किसान ने टमाटर की एक क्रेट बेचकर एक दिन में 2,100 रुपये कमाए। वहीं, शुक्रवार को उन्होंने कुल 900 क्रेट बेचे, जिससे एक ही दिन में 18 लाख रुपये की कमाई हुई। तुकाराम ने अपने बेटे ईश्वर गायकर और बहू सोनाली की मदद से एक महीने में 13,000 टमाटर की क्रेट बेचीं।

उनके पास 18 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने टमाटर की खेती के लिए 12 एकड़ जमीन का इस्तेमाल किया। परिवार के अनुसार, वे उर्वरकों और कीटनाशकों के अपने ज्ञान से अच्छी गुणवत्ता वाले टमाटर उगाते हैं। तुकाराम की बहू सोनाली रोपण, कटाई और पैकेजिंग जैसे कार्यों का प्रबंधन करती है। जबकि उनके बेटे ईश्वर, बिक्री, प्रबंधन और वित्तीय नियोजन संभालते हैं। पिछले तीन महीनों की कड़ी मेहनत का अच्छा फल मिला है। नारायणगंज में, झुन्नू कृषि उत्पादन बाजार समिति के बाजार में, अच्छी गुणवत्ता (20 किलोग्राम) वाले टोकरे के लिए टमाटर की उच्चतम कीमत 2,500 रुपये थी, यानी 125 रुपये प्रति किलोग्राम।

इस बीच, केंद्र ने बढ़ती कीमतों के बीच शुक्रवार को जनता को 90 रुपये प्रति किलोग्राम पर टमाटर बेचना शुरू कर दिया, जिससे उन्हें कृषि केंद्रों से दिल्ली-एनसीआर और लखनऊ जैसे शहरों तक पहुंचाया जा सके। बाढ़ से सब्जियों और फलों को काफी नुकसान होने के कारण आने वाले हफ्तों में टमाटर की कीमत 300 रुपये प्रति किलोग्राम होने की संभावना है। देश में लगातार बारिश हो रही है, जिससे रसोई के सामान को नुकसान हो रहा है, साथ ही उत्पादन और परिवहन भी प्रभावित हो रहा है। » पेज 2 भी देखें

मणिपुर में हिंसा अब भी जारी, इंटरनेट पर बैन पांच दिन बढ़ा

# घर में घुसकर महिला की गोली मारकर हत्या



- मारी गयी महिला का चेहरा भी विकृत कर दिया गया
- महिलाओं ने कथित तौर पर एलपीजी ट्रकों को जलाया
- आईटीएलएफ ने हिंसा और नुकसान की कड़ी निंदा की

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के सावोम्बुंग इलाके में शनिवार रात एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसका चेहरा क्षत-विक्षत हो गया था। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 50 वर्षीय महिला को उसके घर में कुछ हथियारबंद लोगों ने चेहरे पर गोली मार दी। मणिपुर में हिंसा जारी है और इंटरनेट पर प्रतिबंध अगले पांच दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है।उन्होंने बताया कि हथियारबंद हमलावरों भागने से पहले महिला का चेहरा विकृत कर दिया। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और मणिपुर पुलिस के जवान आसपास के इलाके के कुछ घरों में तलाशी और छापेमारी कर रहे हैं।अधिकारियों ने कहा कि वारदात स्थल के आसपास रहने वाले लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि महिला को कुछ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। वह मारिंग नगा समुदाय से संबंध रखती थी। राज्य में 20 जुलाई तक इंटरनेट बैन रहेगा। राज्य में 20 जुलाई तक इंटरनेट बैन रहेगा।अधिकारियों ने कहा कि वारदात स्थल के आसपास रहने वाले लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि महिला को कुछ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। वह मारिंग नगा समुदाय से संबंध रखती थी।

हिंसा प्रभावित मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में तीन खाली ट्रकों में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना सेकमाई पुलिस थानाक्षेत्र के अवांग सेकमाई में » पेज 2 भी देखें


## फ्लोरिडा में दुनिया का सबसे लंबा बर्मिज पाइथन पकड़ा गया



फ्लोरिडा: दुनिया का सबसे लंबा 19 फुट का बर्मी अजगर फ्लोरिडा में पकड़ा गया है। इस अजगर की लंबाई 19 फीट है। वजन 56.6 किलो। ऐसा माना जाता है कि यह दुनिया का सबसे लंबा बर्मी अजगर है। इसकी लंबाई एक वयस्क जिराफ के समान है। पिछले सोमवार को जेक वैलेरी नामक 22 वर्षीय व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया। अजगर की लंबाई 19 फीट है। वजन 56.6 किलो। ऐसा माना जाता है कि यह दुनिया का सबसे लंबा बर्मी अजगर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजगर को पकड़ने के बाद जेक उसे दक्षिण पश्चिम फ्लोरिडा के एक अभयारण्य में ले गया। वहां उसकी लंबाई और वजन मापा गया। अक्टूबर 2020 में फ्लोरिडा से एक और बर्मी अजगर बरामद किया गया था। उनकी लंबाई 18 फीट 9 इंच थी। यह दुनिया का अब तक का सबसे लंबा बर्मी अजगर था। अजगर के रेस्क्यू का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। वहां देखा गया, जेक ने सड़क के किनारे बर्मीज अजगर को पूंछ से खींच लिया। तभी, एक विशाल जानवर उसकी ओर दौड़ता हुआ आया। उसे घुमाकर पकड़ने की कोशिश करता है। फिर कुछ और लोग जेक की मदद के लिए आगे आये। जेक ने कहा कि जानवर को फ्लोरिडा के एक अभयारण्य में भेज दिया गया था। वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए। बर्मीज अजगर दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यावरण को भी प्रभावित करेगा।

# तीन घंटे के ढाका सफर में पीएम से मिले गौतम अडाणी

राष्ट्रीय खबर



**ढाका:** भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी ने ढाका में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना से शिष्टाचार मुलाकात की। गौतम अडानी शनिवार सुबह अपने विमान से ढाका पहुंचे। इसके बाद गणभवन में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से शिष्टाचार मुलाकात की। दोपहर में वह दोबारा अपने ही विमान से भारत के लिए रवाना हो गये। अडानी ग्रुप के सीईओ गौतम अडानी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। उन्होंने शनिवार को ढाका में प्रधानमंत्री हसीना से मुलाकात की। झारखंड के गोड्डा में अडानी के थर्मल पावर प्लांट के पूरी तरह चालू होने के बाद यह पहली बार है कि अडानी समूह के प्रमुख ने बांग्लादेश का दौरा किया है। 1600 मेगावाट क्षमता वाला झारखंड का गोड्डा थर्मल पावर प्लांट पूरी तरह से चालू हो गया है। इस थर्मल पावर प्लांट से बिजली बांग्लादेश को निर्यात की जाएगी। अडाणी पावर ने जून में जानकारी दी थी कि गोड्डा पावर प्लांट पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है। शनिवार को गौतम ने अपने ट्विटर हैंडल पर अडानी ग्रुप के नेता के ढाका दौरे की तस्वीर दी। उन्होंने वहां प्रधानमंत्री हसीना से मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही भारत और बांग्लादेश के श्रमिकों को भी बधाई दी। अडानी ने लिखा, कोविड के बावजूद सिर्फ साढ़े तीन साल में पावर प्लांट पूरा करने के लिए भारत और बांग्लादेश की बहादुर टीम को सलाम। शनिवार सुबह करीब 10 बजे अडानी का चार्टर्ड विमान ढाका की धरती पर उतरा। एयरपोर्ट से अडानी सीधे गणभवन पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री हसीना से शिष्टाचार मुलाकात की। दोपहर डेढ़ बजे गौतम अपने विमान से भारत लौट आये।

संयोग से, जब प्रधान मंत्री हसीना पिछले साल सितंबर में भारत आईं, तो गौतम ने उनसे भी मुलाकात की। इसके बाद शनिवार को उनकी दोबारा मुलाकात हुई।

मानचित्र › लंदन के शोधकर्ताओं ने दिल के गहन अध्ययन पर रिपोर्ट दी

# अब विस्तृत मैप से दिल का ईलाज आसान होगा

- अत्यंत बारिक चीजों का भी उल्लेख किया है
- दिल की बीमारियों की पहचान आसान होगी
- शोध दल ने एक टूल भी खोज निकाला है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** वर्तमान दौर में दुनिया में दिल संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। इनका ईलाज भी आसान नहीं होता और इसी क्रम में मरीजों के साथ साथ चिकित्सकों की मदद के लिए हृदय का विस्तृत मानचित्र उपलब्ध कराया गया है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक पत्रिका नेचर में 12 जुलाई को प्रकाशित एक नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने अब तक का सबसे विस्तृत और व्यापक मानव हृदय कोशिका एटलस तैयार किया है, जिसमें हृदय चालन प्रणाली के विशेष ऊतक भी शामिल हैं - जहां दिल की धड़कन शुरू होती है। मल्टी- » पेज 2 भी देखें

### कोशिकाएं पहली बार एक-दूसरे के साथ कैसे संवाद करती हैं

मानव हृदय के आठ क्षेत्रों का चार्ट बनाते हुए, यह कार्य हृदय चालन प्रणाली की कोशिकाओं सहित 75 विभिन्न कोशिका अवस्थाओं का वर्णन करता है - दिल की धड़कन के लिए जिम्मेदार कोशिकाओं का समूह - मनुष्यों में इतने विस्तृत स्तर (1) पर पहले नहीं समझा गया था। मानव हृदय चालन प्रणाली, हृदय की वायरिंग, विद्युत आवेगों को हृदय के ऊपर से नीचे तक भेजती है और हृदय की धड़कन का समन्वय करती है। स्थानिक ट्रांसक्रिपटॉमिक्स का उपयोग करके, जो एक मानचित्र देता है कि कोशिकाएं ऊतक के भीतर कहां बैठती हैं, शोधकर्ता यह भी समझने में सक्षम थे कि ये कोशिकाएं पहली बार एक-दूसरे के साथ कैसे संवाद करती हैं। यह मानचित्र एक आणविक गाइडबुक के रूप में कार्य करता है, जो दिखाता है कि स्वस्थ कोशिकाएं कैसी दिखती हैं, और यह समझने के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ प्रदान करती है कि बीमारी में क्या गलत होता है। निष्कर्षों से हृदय गति को प्रभावित करने वाली बीमारियों को समझने में मदद मिलेगी।

# हाउती विद्रोहियों को भेजे जा रहे हथियारों का प्रदर्शन हुआ



राष्ट्रीय खबर

**दुबई:** अमेरिकी सरकार द्वारा जब्त की गई लगभग 10,000 राइफलें, 200 रॉकेट लॉन्चर और लगभग 800,000 राउंड गोला-बारूद और अन्य हथियार प्रदर्शित किये गये हैं। इनके बारे में अदालती दस्तावेजों से पता चलता है कि अमेरिकी सरकार ने 2021 और 2023 में हजारों हथियार जब्त किए। यह हथियार यमन में विद्रोही बलों का समर्थन करने वाले ईरानी तस्करी अभियान का हिस्सा हैं। इनकी तस्वीरों में असॉल्ट राइफलों, रॉकेट लॉन्चरों और एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों की बड़े करीने से ढेर की गई पंक्तियों को दिखाती हैं। 2021 और 2023 में, यूनाइटेड » पेज 2 भी देखें

## एनबीपीडीसीएल के मानवबल को सत्यदेव जन सेवा ट्रस्ट ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड नरकटियागंज के मानव बल को सत्यदेव जनसेवा ट्रस्ट नरकटियागंज के अध्यक्ष अंकित कुमार तिवारी ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। सत्यदेव जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि मानव बल दिन-रात, सर्दी, गर्मी व वर्षा में अपने कार्य को अंजाम देने का काम करते है। यदा कदा विभाग के उच्चाधिकारियों के गलत निर्णय के साथ भी खड़े दिखते हैं। राजस्व वसूली में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है अलबत्ता विभाग उन्हे कर्मचारी नहीं मानता है।

## टीपी वर्मा कॉलेज के लेखापाल से दो लाख रुपए रंगदारी की मांग

राष्ट्रीय खबर

**नरकटियागंज :** स्थानीय टीपी वर्मा कॉलेज के लेखापाल नेसार अहमद से कतिपय तत्वों ने दो लाख रुपए रंगदारी की मांगी है। रंगदारी की पूरी राशि नहीं देने पर उनके घर निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया है। उपर्युक्त प्रकरण में लेखापाल नेसार अहमद में शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। जिसमें पुरानी बाजार निवासी आफताब आलम पर आरोप लगाया है। उनपर आरोप है कि लेखापाल के निमार्णाधीन घर के निर्माण में व्यवधान उत्पन्न कर दो लाख रुपए की रंगदारी मांगी जा रही है। आरोपी धमकी दे रहा है कि रुपए नही देने पर निर्माण कार्य रोक दिया जाएगा। उसे व उसके पुत्र की हत्या कर दी जाएगी। शिकारपुर थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि मामला की छानबीन की जा रही है, सत्य पाए जाने पर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# फल्गु नदी के किनारे स्थित हैं फलकेश्वर महादेव, भक्तों को मिलता है मनचाहा फल

### हजारों वर्षों से स्थापित शिवलिंग पर भक्तों की है गहरी आस्था

अश्विनी कुमार



**गया :** शहर गया जी को शिव मंदिरों का शहर कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यहां भगवान शंकर के विभिन्न रूपों में देवाधिदेव म

हादेव स्थित है। सभी से अपनी-अपनी परंपराएं और मान्यताएं जुड़ी हुई है। भस्मकूट की तलहटी में अक्षयवट के निकट स्थित वृद्ध प्रपितामहेश्वर अपने भक्तों पर कृपा दृष्टि करते हैं तो वहीं वैतरणी तालाब के पूर्वी तट पर मार्कण्डेय महादेव अमरत्व का वरदान देते नजर आते हैं। उत्तरी छोर पर उत्तरमानस सरोवर के पश्चिमी तट पर पितामहेश्वर है।यदि भक्तों के कल्याण में लगे हैं तो ब्राह्मणीघाट में फल्गु नदी के पश्चिमी तट पर बसे फलकेश्वर महादेव भी अपने भक्तों को साधना का फल देते दिखते हैं। यूँ तो वर्ष पर्यंत यहाँ सनातन मतावलंबी भक्तगण शिव की आराधना में संलग्न रहते हैं किंतु पवित्र श्रावण मास में शैव उपासकों की संख्या में वृद्धि देखी जाती है। विशेषकर ब्राह्मणीघाट स्थित फलकेश्वर महादेव का प्रांगण तो भक्तों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहता है। जो भी भक्त यहाँ अपनी जिस मनोकामना को लेकर साधना व उपासना करते हैं उन्हें तत्काल फल देखने को मिलता है। घर में अशांति हो,ग्रहबाधा दोष हो,शारीरिक रोग हो ,नौकरी में दिक्कतें आ रही हों,बेटी की शादी तय होने में समस्या हो, संतान प्राप्ति में बाधा हो, बच्चों की पढाई में समस्या आ रही हो,शत्रु से परेशान हों सभी समस्याओं से तत्काल निजात देते हैं फलकेश्वर महादेव। यही कारण है कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवारी को भगवान भोलेनाथ पर रुद्राभिषेक,जलाभिषेक बेलपत्र अर्पण कर पूजा अर्चना करते है। इस वर्ष श्रावण मास पुरुषोत्तम मास होने के कारण और ज्यादा ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसी शास्त्रीय मान्यता है कि पुरुषोत्तम मास में की गई किसी भी उपासना का चार गुना अधिक फल मिलता है। पवित्र श्रावण माह में इन दिनों शिव भक्ति अपने चरम पर है ऐसे में हर दिन बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक हो रहा है। बिरंचि नारायण सूर्य मंदिर के प्रधान आचार्य प्रो मनोज कुमार मिश्र बताते हैं कि यदि फलकेश्वर महादेव के प्राचीनतम होने की हो तो इस मंदिर में स्थापित लिंग विग्रह हजारों वर्ष प्राचीन माना जाता है। वायुपुराण एवं अन्य पुराणों में जहाँ-जहाँ गया जी की महत्ता बताई गई है उन सबों में फलकेश्वर महादेव का वर्णन आया है। वैसे इनके नाम के संदर्भ में कुछ भ्रांतियां है। कहीं- कहीं इन्हें फल्गवीश्वरके नाम से वर्णित किया गया है तो अधिकांशतः जगहों पर फलकेश्वर के नाम से। यदि व्याकरण की दृष्टि से देखा जाय तो दोनों ही नाम समानार्थी ही प्रतीत होते हैं। फल्गु+ईश्वर (फल्गवीश्वर), फलक+ईश्वर (फलकेश्वर)। दोनो ही नामों में नदी तटीय संबंध सामान्य हैं। फल्गु नदी के तट पर स्थित यह शिवालय लोगों की आस्था और भक्ति का एक प्रमुख केंद्र है।

## आर्य समाज मंदिर मार्ग सब्जी बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराएगा नगर परिषद

**नरकटियागंज :** स्थानीय नगर परिषद इनदिनों सुर्खियों में है। उल्लेखनीय है कि नरकटियागंज आर्यसमाज मंदिर मार्ग के दक्षिण छोर से लेकर आर्य समाज चौक तक भारतीय रेलवे की भूमि पर लगने वाले सब्जी बाजार को लेकर गणेश प्रसाद जायसवाल ने पटना उच्च न्यायालय में सीडब्लूजेसी 2901/2023 के न्यायादेश के अनुपालनार्थ नगर परिषद प्रशासन सक्रीय हो गया है। गौरतलब है कि गणेश प्रसाद के मामला में पटना उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में प्रशासन विगत कई महीनो से मौन रहा। उसके बाद 09 मई, 15 मई, 16 जून एवं 21 जून 2023 को उन्होंने ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को न्यायादेश के अनुपालनार्थ आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि इस बावत नगर परिषद ने कोई अग्रेत्तर कार्रवाई नहीं किया। बाध्य होकर आवेदक ने जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण को ईएफ 595024502 आईएन दिनांक 30 जून को स्पीड पोस्ट से आवेदन प्रेषित किया, जिसकी प्रतिलिपि अनुमण्डल पदाधिकारी नरकटियागंज को प्रेषित किया। विगत दिनों पटना उच्च न्यायालय समेत अन्य लम्बित मामलों के निष्पादन का निर्देश जिला पदाधिकारियों को दिया। द्रष्टव्य है कि 19 जुलाई 2023 तक यदि नगर परिषद उपर्युक्त अतिक्रमण नहीं हटाता है तो न्यायादेश की अवमानना मामला का सामना करना पड़ेगा। इस लिए विगत दिनों नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सोहैल, नगर प्रबंधक रितेश कुमार, विभिन्न वार्ड के पार्षद और पार्षद प्रतिनिधियों ने 19 जुलाई से उपर्युक्त मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने को सब्जी विक्रेताओं से अनुरोध किया है। अन्यथा बाध्य होकर नगर परिषद प्रशासन पुलिस बल का सहारा लेकर अतिक्रमण को मुक्त कराएगा। यह स्पष्ट करना जनहित में होगा कि नरकटियागंज सब्जी बाजार 1990 के दशक तक तहबाजारी वार्ड संख्या 15 के खेसरा 657/677/687 में बाजार लगता रहा। अब नगर परिषद प्रशासन उसे स्वच्छ कराकर वहाँ सब्जी बाजार अंतरित कर सकता है। जिससे नगरवासियों को राहत मिलेगी। उसके अतिरिक्त नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत अन्य सार्वजानिक भूमि भी है, अलबत्ता प्रशासन जनकल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाये तो समस्या का समाधान सम्भव है। अन्यथा शहीद बैद्यनाथ धर्मशाला और मंदिर परिसर में बाजार अंतरण का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, जिसे छूना फिर से विवाद में पड़ना होगा।

### बिहार में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाएं : धरम सिंह

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी ने 13 जुलाई को विधानसभा मार्च में बिहार सरकार के पुलिस ने जिस प्रकार लाठीचार्ज किया, उसे लोकतंत्र की हत्या कहा जायेगा। भाजपा कार्यकर्ता की मृत्यु और सैकड़ों जख़्मी इसके प्रमाण हैं। उक्त बातें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ धरम सिंह एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण किशोर, महासचिव डॉ अभिषेक, प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ ज्योति रंजन व कार्यकर्तागण ने घोर निंदा करते हुए कही। मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपया देने की मांग किया है। श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार लाठी चार्ज लाला लाजपत राय पर अंग्रेजों ने किया था। बिहार सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। यह तांडव देख हमारी मांग है कि बिहार में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

# कनाडियन दंपत्ति ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान बेतिया से बच्चा गोद लिया

### डीडीसी व एडीएम ने की बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प च :** वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुके नगर के बानुछापर स्थित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान से कनाडियन दंपत्ति ने 3.5 वर्ष के बच्चा को गोद लिया। इस संस्थान से अबोध बच्चों को कई देशी एवं विदेशी दंपतियों ने गोद लिया है। इसी क्रम में कनाडा के दंपत्ति एरिक नॉरमैन ड्यूक एवं ऑटमन ली सेराइ ड्यूक ने अपने पुत्र के रुप में 3.5 वर्ष के बालक को पाकर संतुष्ट और प्रसन्न दिखे। इस अवसर पर अनील कुमार डीडीसी, राजीव कुमार सिंह एडीएम, विनोद कुमार एसडीएम ने दत्तक बालक के उज्जवल भविष्य की कामना किया। संस्थान में बच्चा को गोद देने के समय केक काटकर जन्मदिन मनाया जाता है। इस बालक का दत्तक ग्रहण के समय केक काटा गया और जन्मदिन मनाया गया। डीडीसी ने बालक का दत्तक ग्रहण आदेश एवं जन्म प्रमाण पत्र उसे ग्रहण करने वाले दंपत्ति को सौंप दिया।सहायक निदेशक अभय कुमार ने बताया कि इस बच्चे को गोद देने के बाद, उपर्युक्त संस्थान ने अब तक 16 बालक-बालिका को विदेशी दंपतियों ने गोद दिया है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान ने 2018 से अब तक कुल 35 बाल-बालिका देश एवं विदेश के दंपतियों ने गोद लिया हैं।

# राकेश व भिखारी लाल बने जिला राजद के प्रवक्ता, किया गया अभिनन्दन

राष्ट्रीय खबर



**समस्तीपुर :** राजद नेता राकेश कुमार ठाकुर तथा भिखारी लाल सिंह को फिर से जिला राजद प्रवक्ता बनाये जाने पर बधाइयों का दौर थम नहीं रहा है। उनके मनोनय पर हर्ष व्यक करने वालों में बिहार सरकार के भूमि सुधार सह राजस्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, मोरवा विधायक सह राजद के प्रांतीय प्रधान महासचिव रणविजय साहू, राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, पूर्व विधायक अशोक प्रसाद वर्मा, प्रदेश महासचिव फैजुर रहमान फैज, जिला राजद के वरीय उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद सिह, जिला प्रधान महासचिव विपीन सहनी, जिला उपाध्यक्ष मो. अरमान सदरी, प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश शर्मा, मोहिउद्दीननगर प्रमुख जवाहर लाल राय, दलसिहसराय प्रखंड प्रमुख चंदन कुमार, विभूतिपुर के पूर्व प्रमुख श्याम किशोर कुशवाहा, प्रदेश महासचिव प्रभु नारायण राय, प्रदेश महासचिव सदानंद झा, प्रदेश महासचिव राम लौलीन राय, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश महासचिव मो. परवेज आलम, पूर्व जिला पार्षद शम्भु भूषण यादव, जिला महासचिव ललन यादव, जिला महासचिव राम विनोद पासवान, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुध्न यादव, राजद मजदूर सेल के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिह चंदेल, राजद दलित सेल के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो, युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ० सूरज दास, युवा राजद के प्रदेश सचिव सैयद नुरूजोहा कमाल आफो, कार्यालय सचिव रोशन यादव आदि शामिल हैं। वहीं, दूसरी ओर जितवारपुर वार्ड संख्या 17 में नगर तथा प्रखंड राजद समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में अभिनन्दन समारोह आयोजित कर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर का अभिनन्दन किया गया।

## मीडिया कर्मियों ने किया पौधारोपण, विकास हुए एमसीएमसी के सदस्य नामित

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** बिहार सरकार की प्रमुख योजना जल जीवन हरियाली अंतर्गत समाहरणाल परिसर स्थित जिला परिवहन कार्यालय के प्रांगण में खाली पड़ी भूमि पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने पौधारोपण किया। यह पावन कार्य मीडियाकर्मियों की पहल पर हुआ, जिसकी सराहना की गई। पौधारोपण उपरांत विश्वास व्यक्त किया गया कि लगाया गया पौधा वृक्ष में परिवर्तित होकर शुभ फल प्रदान करते हुए वातावरण को शुद्ध करेगा। इस दौरान मीडियाकर्मियों में प्रमुखतः विकास बिहारी सिंह, मृत्युंजय दुबे, डॉ. अमानुल हक, आशीष कुमार गुप्ता एवं अन्य बताए गए हैं। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी अनंत कुमार ने बताया कि लोक सभा निर्वाचन, 2024 को ध्यान में रखते हुए गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) में सदस्य के रुप में विकास बिहारी सिंह को नामित किया गया है।

## कौशल विकास केंद्र धरहरा में मई बैच के प्रशिक्षितों को दी गई विदाई




राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर/धरहरा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित युवाओं को कौशल विकास मिशन के तहत मई बैच के छात्र छात्राओं को दिए गए प्रशिक्षण के बाद सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार ने कहा कि मई बैच के छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण के बाद सम्मान में अध्यनरत छात्र छात्राओं के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के बाद सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। जिसका उपयोग प्रशिक्षित छात्र-छात्रा किसी अच्छी कंपनी में रोजगार पाने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में कंप्यूटर प्रशिक्षण, इंग्लिश स्पोकन, व्यवहार कौशल की जानकारी दी जाती है। कौशल विकास केंद्र की समन्वयक पल्लवी सिंह ने कहा कि यह केंद्र ऐसे छात्र छात्राओं के लिए है, जिनको घर में कंप्यूटर उपलब्ध नहीं है। सरकार की कोशिश है कि इस केंद्र में ऐसे छात्र छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण, इंग्लिश स्पोकन, व्यवहार कौशल की जानकारी दी जाए। इस केंद्र में इंटर व मैट्रिक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को एडमिशन के लिए सिक्योरिटी मनी के रूप में एक हजार रुपए मात्र जमा करने पड़ते हैं। प्रशिक्षण उपरांत यह राशि वापस कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र छात्र छात्राओं के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त करके निकले छात्र-छात्राओं को काफी संख्या में नौकरी भी मिल रही है।

## त्रिदिवसीय योग साधना सेमिनार का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**चकिया, पू.चं. :** नगर परिषद के वार्ड 17 स्थित आनन्दमार्ग स्कूल के प्रांगण में त्रिदिवसीय योग साधना सेमिनार का शुभारम्भ केन्द्रीय प्रशिक्षक आचार्य सत्यव्रतानन्द अवधूत ने आनन्द मार्ग के प्रवर्तक श्रीश्री आनन्दमूर्ति के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद भजन, कीर्तन व सामूहिक साधना के उपरांत समाज का गतितत्व विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय समाज का प्राणधर्म अध्यात्मिक ईश्वर प्रेम है। समाज की गति को अध्यात्मिक भावधारा ही आगे बढाती है। लोकायत दर्शन एवं बौद्ध दर्शन मे इसी गतिधारा का अभाव होने के कारण अतीत के अन्धकार मे विलीन हो गए। इस दौरान सेमिनार में पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सिवान, छपरा, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा से आए सैकडों साधकों ने भाग लिया। सेमिनार के आयोजक आचार्य अवधूत ने कहा कि इस सेमिनार से चम्पारण क्षेत्र के युवको को शारीरिक, मानसिक, अध्यात्मिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। मौके पर आचार्य लोकातीतानन्द अवधूत, आचार्य रक्तमुक्ता नन्द अवधूत, आचार्य हरियुक्तानन्द अवधूत, आचार्य पुण्येशानन्द अवधूत, अवधूतिका प्रणिता आचार्या, मन्द्रित ब्रह्मचारी, आचार्य रणधीर,ध्रुव नारायण प्रसाद, कौशल किशोर देव, अनिल कुमार, अर्जुन, बीरेन्द्र ,अशोक, रामजश ठाकुर,श्याम सुन्दर, प्रेमशंकर सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित विचार गोष्ठी संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू च :** स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन का निर्माण करना है। उनके अनुसार वही शिक्षा वास्तविक है, जो मानव का निर्माण करके उसे फल सिद्धि के लिए सक्षम बनावे और अंत में मोक्ष की प्राप्ति में सहायक हो सके। उक्त विचार महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण-प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय में स्वामी विवेकानंद सनातनी मंच के तत्वावधान में आयोजित स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित विचार गोष्ठी में सदर अस्पताल के ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. नागमणि सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय कुमार ने स्वामी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी यह स्वीकार करते थे कि मानव निर्माण के चार मुख्य तत्व हैं शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक तथा बौद्धिक। इन चारों तत्वों का सम विकास आवश्यक है। इसी को हम सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास कहते हैं। अन्य वक्ताओं में वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय, सचिव कृष्ण कुमार, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. त्रिभूवन सिंह, आलोक चन्द्र, विनोद पाण्डेय, ई. राजेश सिंह, राकेश कुमार तिवारी, ई. सचिन कुमार, सुदर्शनजी, रुपेश कुमार ओझा आदि ने स्वामी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मंच से जुड़े चिकित्सकों द्वारा वेद विद्यालय के छियासी वेदपाठी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा बटुकों के वैदिक व पौराणिक मंगलाचरण से हुआ।

## असंतुलित होकर पलटा तेल टैंकर, लूटने की मची होड़



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च :** छपवा-मोतिहारी मुख्य पथ पर छपरा बहास लाइन होटल के समीप तेल टैंकर पलट गया। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मनभर तेल लूटे। जानकारी के अनुसार मोतिहारी से रक्सौल की ओर तेल से लदी टैंकर छपवा छपरा बहास लाइन होटल के समीप असंतुलित होकर पलट गई। जिसकी खबर आसपास के लोगो को मिली, और देखते ही देखते लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगो ने बोतल, गैलन, बाल्टी व जिसको जो समान मिला उसमें तेल को भरकर ले गए। टैंकर चालक व सह चालक अपनी जान बचा लिए। घटना की सूचना मिलते हीं थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, उन्हें देखते हीं तेल लूटने वाले भाग खड़े हुए। पुलिस ने घटना कर बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिसके बाद टैंकर को उठाने के लिए पुलिस जुट गई।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने की ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक

### सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं अति महत्वपूर्ण है, इससे आमजन को लाभान्वित करें : आयुक्त

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रमंडलीय सभागार में प्रमंडल अंतर्गत चल रहे ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, इंदिरा आवास योजना, जल जीवन हरियाली, सात निश्चय, स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव अमरेंद्र शाही, विशेष कार्य पदाधिकारी दिलीप कुमार देव, प्रमंडल के सभी उप विकास आयुक्त, सभी पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना ग्रामीण की समीक्षा में खगड़िया और लखीसराय को अपेक्षित प्रगति लाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजनांतर्गत खगड़िया जिला का सबसे अधिक 111 आवास अपूर्ण रहने के संबंध में पृच्छा की गयी, जिसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अपूर्ण इंदिरा आवास योजना के संबंध में आयुक्त ने जीविका के साथ समन्वय स्थापित कर अपूर्ण आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जो आवास पूर्ण हो चुके हैं उसका सत्यापन एवं जांच कराकर भुगतान करने का निदेश दिया। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत आधार आच्छादन एवं उसके माध्यम से भुगतान की समीक्षा में बेगूसराय जिला का 95.61 प्रतिशत एवं खगड़िया जिला का 93.80 प्रतिशत रहने पर असंतोष व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत आधार आच्छादन का निर्देश दिया गया। सात निश्चय योजना की समीक्षा में आयुक्त ने निर्देश दिया कि आर्थिक हल युवाओं को बल योजना में अपेक्षित प्रगति लाकर हर जिला अपनी रैंकिंग में सुधार ला सकते हैं। स्ट्रीट लाइट योजना के संबंध में आयुक्त ने कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण योजना है। विगत बैठक में जिले से संबद्ध एजेंसियों द्वारा कार्य को नहीं किए जाने की जानकारी पर सभी जिला पंचायती राज पदाधिकारियों को निदेश दिया गया था कि वे अन्य जिलों में संबंधित एजेंसियों द्वारा जो अच्छा कार्य कर रहे हैं, उक्त एजेंसियों से संपर्क कर यथाशीघ्र स्ट्रीट लाइट योजना के कार्य को लक्ष्य के अनुरूप पूरा करें। सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं अति महत्वपूर्ण और आमजन के सरोकार की है। इसे शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करें ताकि इसका लाभ जरूरतमंद व्यक्ति को ससमय प्राप्त हो सके।

## रोटरी क्लब ऑफ गया महिलाओं को आर्थिक रूप से बनाएगी स्वाबलंबी : राखी भदानी




राष्ट्रीय खबर

**गया :** रोटरी क्लब ऑफ गया के बैनर तले विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर रोटरी सहेली सेन्टर में युवाओं में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए टाई एन डाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी सहेली सेन्टर में स्थायी रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन, कला के विभिन्न आयाम एवं कम्प्यूटर तकनीक आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा राखी भदानी ने देश की समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास के लिये रोजगार सृजन के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि महिलाएं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेगी। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्लब की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर रोटरी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की डायरेक्टर रोटेरियन नीलम शरण ने भी अपने विचार रखा। सचिव रो. तृप्ति गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पति के दिघार्यु होने का व्रत सोमवती अमावस्या आज : आचार्य अभिषेक

मोतिहारी पू चं : अमावस्या तिथि का सनातन धर्म में विशेष महत्व है इस दिन किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं, जो अमावस्या तिथि सोमवार के दिन पड़ती है उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। इस वर्ष श्रावण का द्वितीय सोमवार सोमवती अमावस्या आज है जिसका पारण 18 जुलाई को किया जाएगा। उक्त बातें चकिया परसौनी खेम स्थित महर्षि गौतम ज्योतिष परामर्श एवं अनुसंधान केन्द्र के आचार्य अभिषेक कुमार दूबे ने बताया। उन्होंने कहा कि इस दिन पति की लंबी आयु के लिए माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं, कन्याएं सोमवार का व्रत कर सुयोग्य वर प्राप्ति करती है। महिलाएं व्रत रखने के साथ साथ पीपल के पेड़ की परिक्रमा भी करती है। यदि किसी पर पितृ दोष है तो इस दिन स्नान दान करने से मुक्ति मिलती है। साथ ही कालसर्प दोष से पीड़ित व्यक्तियों को भी इस दिन दान करना चाहिए। इससे ग्रह दोष दूर होने के साथ मोक्ष प्राप्त होता है। पितरों के नाम से जल में तिल डालकर दक्षिण दिशा में तर्पण करना चाहिए। पितरों के नाम से गीता के सातवें अध्याय का पाठ करना चाहिए। इससे पितरों का आशीर्वाद मिलेगा। दिन मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने से लिए शाम के समय ईशान कोण में लाल कपड़े की बत्ती का दीपक जलाकर रख दें। आप पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहेगी। पुत्र प्राप्ति के लिए सोमवती अमावस्या को गाय के दूध से रुद्राभिषेक करना चाहिए।


# कार्रवाई : गायब रहने वाले दर्जन भर शिक्षकों का वेतन कटा, स्पष्टीकरण

संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** गूगल सीट से अनाधिकृत रूप से गायब रहने वाले अनुमंडल क्षेत्र के करीब एक दर्जन शिक्षक कार्रवाई के जद में आ गए हैं। गायब शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण ने सभी गायब रहे शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब किया है। गूगल शीट में जो भी शिक्षक गायब मिले हैं। उसमें बगहा- दो प्रखंड के माध्यमिक विद्यालय वाल्मीकिनगर की शिक्षिका शिखा कुमारी, प्राथमिक विद्यालय बरवा के शिक्षक विनोद पंडित, प्राथमिक विद्यालय बोरवल बिन टोली के प्रिंस कुमार प्रभाकर, प्राथमिक विद्यालय गुरविलया के युधिष्ठिर कुमार, प्राथमिक विद्यालय हरहवा टोला के मनीषचंद्र मिश्र, भितहा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बलुआ के अंकित कुमार, रामनगर प्रखंड के उच्च विद्यालय हरिनगर के आदित्य कुमार सिंह, प्राथमिक विद्यालय बड़गांव के अभिलाषा प्रियदर्शिनी, एसएसआरएस उच्च विद्यालय गोबरहिया दोन के डॉ शंभू राय, बगहा-दो प्राथमिक सह मध्य विद्यालय नारायणापुर घाट के शिक्षक विकास कुमार का एक दिन का वेतन कटौती की गई है। एवं स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के अनुसार शिक्षकों का गायब रहना उनके कर्तव्यों के अनुपालन नहीं करना, स्वेच्छाचारिता बरतना, कार्य के प्रति लापरवाही, सरकारी कार्यों में असहयोग, गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न करना व उच्चाधिकारियों के आदेश का अवहेलना करना है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# आगामी चुनाव में नीतीश को सबक सिखाएगी बिहार की जनता : रघुवर



संजू लाल के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री का हुआ स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** पटना में पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात करने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शनिवार की देर शाम भगवान विष्णु की नगरी गयाजी पहुंचे। जहां, तैलिक साहू समाज की ओर से स्थानीय टेकारी रोड स्थित बाटा मोड़ के समीप साहू समाज के जिला अध्यक्ष संजू लाल के नेतृत्व में सैकड़ों नेताओं ने उनका माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पूर्व सीएम ने संजू लाल के आवास पर लोगों से मुलाकात कर समाज में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दहेज मुक्त विवाह के लिए साहू समाज के लोगों को प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बिहार की निकम्मी सरकार भाजपा के कार्यकताओं पर विधानसभा घेराव के दौरान कहर बरपाया है जो अति निंदनीय है नीतीश सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है भाजपा कार्यकताओं पर प्रतिशोध की भावना से बर्बरता पूर्ण लाठी नीतीश कुमार के इशारे पर चलाया गया था। आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता नीतीश कुमार को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 400 सीटें प्राप्त करेगी। स्वागत करने वालों में कृष्ण कुमार गुप्ता नरेश साहू,रविंद्र कुमार गुप्ता, प्रेमचंद भारती,दुर्गा प्रसाद,मोहनलाल, संतोष मुखिया बिरजू कुमार, पार्षद पप्पू कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बेकरी दुकानदार नवीन का पंखे से लटकता शव बरामद, आत्महत्या की आशंका

राष्ट्रीय खबर



**समस्तीपुर :** नगर थाना अंतर्गत काशीपुर में किराए के मकान में रह रहे एक बेकरी दुकानदार का पंखे से लटकता हुआ शव पुलिस ने शनिवार की देर रात बरामद किया। पुलिस ने बेकरी दुकान के कर्मियों की सूचना पर अंदर से बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया। जिसे जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गौसपुर निवासी रामवृक्ष महतो का 24 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार के रूप में की गई है। बताया गया कि नवीन काशीपुर वार्ड संख्या 32 स्थित मोहल्ले में बेकरी की दुकान चलाता था। बेकरी दुकान के कर्मियों के अनुसार शनिवार की दोपहर नवीन अपनी दुकान से यह कह कर निकला था कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है और वह आराम करने के लिए जा रहा है। लेकिन जब देर शाम तक नवीन दुकान पर वापस नहीं लौटा तो दुकान के कर्मी उसे बुलाने के लिए गए थे। काफी देर तक उसके कमरे का दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी गई। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद किया। वह अभी अविवाहित था। नगर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि घटना की प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। लेकिन मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## प्रशिक्षण के लिए 10 शिक्षक विरमित

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी प्रखंड के 10 शिक्षकों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की प्रशिक्षण वाल्मीकिनगर में 17 जुलाई से दिया जाएगा। शिक्षक घनश्याम चौधरी ने बताया कि छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए शिक्षक जयप्रकाश यादव, फातिमा इशरत, उपमा पांडेय, कपिल देव राम ,आभा देवी, प्रीति कुमारी, मनजीत कुमार, कुमारी डिंपल, अमित कुमार शामिल हैं। इन्हें 15 जुलाई के अपराह्न में प्रशिक्षण लेने के लिए विरमित किया गया है।

# बाधित है 11 सौ पेंशनधारियों का पेंशन, आश में टूटने लगी सांस

लाचार पेंशनधारी लगातार लगाते रहे हैं सिस्टम से गुहार

विमल किशोर सिंह

**रीगा :** प्रखंड क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बराही के लगभग 11 सौ सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी पेंशनरों का भुगतान प्रक्रिया बाधित है। वर्ष 2021 विजया बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ौदा में हो गया। बराही शाखा विजया बैंक से संबंधित लगभग 11 सौ खाताधारियों का आईएफएससी कोड एवं खाता नंबर भी बदल गया। विलय के बाद कुछ दिनों तक भुगतान प्रक्रिया बाधित रही। तत्कालीन शाखा प्रबंधक आलमगीर ने बताया था कि सभी पेंशनरों का भुगतान एक से दो माह में होने लगेगा। आईएफ एससी कोड एवं खाता भी बदल दिया जाएगा। परंतु विलय के 2 साल होने के बाद भी हजारों लाचार पेंशनरों की स्थिति पेंशन के अभाव में दयनीय बनी हुई है। कई दर्जन पेंशनधारी दुनिया को छोड़ चले गये। परंतु भुगतान की प्रक्रिया कहां से बाधित है लाचार पेंशनरों को पता तक नहीं चल रहा है। विकलांग पेंशनधारी राम कैलाश सिंह ने इस संबंध में जिला समाहर्ता को आवेदन देकर पेंशनरों को मदद करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में बैंक मैनेजर, प्रखंड कार्यालय रीगा एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग सीतामढ़ी कुछ भी बताने से इंकार है। पेंशनरों के कठिनाई का कारण कौन कार्यालय है पता नहीं चल रहा है। लगभग 11सौ लाचार वृद्ध पेंशन के अभाव में मृत्यु के कगार पर पहुंच गया है। विकलांग राम कैलाश सिंह ने कहा की इस समस्या का समाधान जिला समाहर्ता ही अपने स्तर से जांचोपरांत करा सकते हैं क्योंकि लाचार वृद्ध को कोई सहारा सामने दिखाई नहीं दे रहा है।

## लोकतंत्र के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मौलिक अधिकार मिला : एसडीओ



राष्ट्रीय खबर

**चकिया पू चं :** शहर के मुजफ्फरपुर रोड स्थित एक निजी होटल के सभागार में शनिवार को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के बैनर तले विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन 'मुफ्तखोरी की राजनीति या समग्र विकास की समाजनीति' विषय पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात रंजन सरकार के तैल चित्र पर एसडीओ एसएस पाण्डेय तथा सभापति पवन सर्राफ मुख्य वक्ता आचार्य रणधीर देव आचार्य पुनेशानंद अवधूत, सत्यवर्ता नंद अवधूत व ध्रुव नारायण प्रसाद, लवकिशोर निषाद के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस दौरान एसडीओ ने कहा की सैकड़ों वर्ष पूर्व सामाजिक नीति नहीं थी। आजादी के बाद लोकतंत्र की स्थापना की गई जिससे समाज में सबसे अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति को मौलिक अधिकार मिला। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य वक्ता रणधीर देव ने कहा की विश्व में सामाजिक राजनीतिक परिवेश लगभग एक है। मनुष्य उस जंजीर को तोड़ने के लिए तड़प रहे हैं। मौके पर आचार्य विनीत देव, बिनय कुशवाहा, श्यामसुंदर, कालीचरण, उमेश प्रसाद, विक्रम कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

## जल संसाधन विभाग ने किया अपने जमीन पर हुए सभी लीज को निरस्त

**रामनगर :** जल संसाधन विभाग ने अपने जमीन का किया गया सारा लीज निरस्त कर दिया है। इससे नगर के सरकारी भूखंडों पर काबिज अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करने का रास्ता साफ हो गया है। विदित हो कि जल संसाधन विभाग ने अपनी जमीन को बहुत से भूमिहीन, दिव्यांग व अन्य जरूरतमंद लोगों को लीज पर दे रखा था। नप के ईओ ऋषिकेश अवस्थी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सड़क के किनारे जल संसाधन विभाग की लीज का हवाला देकर बहुत से लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया तो संबंधित लोगों ने माननीय न्यायालय के समक्ष लीज के आधार पर वाद दायर कर दिया। उक्त वाद में नगर परिषद, रामनगर ने अपना पक्ष रखा एवं अतिक्रमणकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए गए लीज के कागजात की पुष्टि के लिए जल संसाधन विभाग से आग्रह किया गया। इसके जवाब में जल संसाधन विभाग ने पत्र निर्गत कर स्पष्ट कर दिया कि विभाग की सभी लीज 2010 में ही निरस्त कर दी गई है।

## बीडीओ ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जांच



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च:** प्रखंड के दक्षिणी श्रीपुर पंचायत में चल रहे आवास योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज प्रताप त्यागी के द्वारा किया गया।जांच के बाद बीडीओ श्री त्यागी ने बताया कि पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों में जांच के दौरान बारह लाभुकों के द्वारा आवास निर्माण की पहली किस्त की राशि उठाने के बाद भी आवास नही बनाने की शिकायत मिली। जिसके बाद वैसे सभी लाभुकों को शक्त चेतावनी दी गई और अभिलंब काम शुरू कर 15 दिनों के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने का आदेश दिया गया।बीडीओ श्री त्यागी ने बताया कि पूर्व से चले आ रहे इंदिरा आवास योजना के तहत कई घर अर्ध निर्मित पाएं गये वैसे लाभुकों को आदेश दिया गया कि वे कम से कम समय में अपना घर आवश्य बना ले।अन्यथा वैसे लाभुकों जो लंबे समय से पैसा उठाकर घर नही बना रहे है। उनपर केश दर्ज कराया जायेगा और राशि वसूली के लिए नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएंगी।उन्होंने बताया कि पंचायत के वार्ड 4 के आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की। न्होंने बताया कि केन्द्र की सेविका को केंद्र की पूरी व्यवस्था यथा शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।बीडीओ श्री त्यागी ने बताया कि इस तरह की जांच पूरे प्रखंड में की जाएंगी।और जिन लाभुकों के द्वारा आवास निर्माण की राशि उठाकर आवास निर्माण नही कराया गया है उनपर केश दर्ज किया जायेगा।और राशि की वसूली की जाएंगी।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, पिता ने दर्ज कराई हत्या की प्राथमिकी

**साठी, प च :** थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में 14 जुलाई को पुलिस ने घर के सहतीर से लटकता एक विवाहिता के शव को बरामद किया। इस मामले में मृतका के पिता ने रविवार को थाने में आवेदन देकर दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है। बेतिया नगर थाना क्षेत्र के सनसरैया गांव निवासी व मृतका सविता देवी के पिता प्रेम चंद्र शर्मा ने बताया है कि अपनी बेटी सविता की शादी 6 वर्ष पहले साठी थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी श्याम सागर शर्मा से की। शादी के बाद श्याम सागर शर्मा अपनी कमाई का पूरा रुपए अपने भाई के परिवार पर खर्च करता रहा। इसी बीच उनकी बेटी अपने पति और उसकी भौजाई के बीच पूर्व से चल रहे अनैतिक संबंध का विरोध करती रही। इस पर उनके दमाद एवं उनके भाई राम सागर शर्मा, प्रेम सागर शर्मा, शिव सागर शर्मा एवं तीनों की पत्नियां मिलकर उनकी बेटी के ऊपर एक मोटरसाइकिल एवं पांच लाख रुपए दहेज मांगने का दबाव बना रहे थे। मेरी बेटी के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते थे। इसी बीच एक बेटी पैदा हुई तो उन लोगों का अत्याचार और बढ गया। मैं कई बार सुलह समझौता कराने का प्रयास किया। इसी बीच उसकी गला दबाकर हत्या कर, आत्महत्या का रूप देने के लिए पंखा से लटका दिए। सूचना पर मैं धर्मपुर गांव पहुंचा तो पाया की बेटी के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार थे। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि मृतिका के पिता द्वारा दिए गए आवेदन पर एफ आईआरदर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अविलंब दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भूमि विवाद में मारपीट, 26 नामजद

**शिकारपुर, प.च. :** थाना के नौतनवा गाँव मे भूमि विवाद में हुई हिंसक झड़प में 26 व्यक्ति नामजद किये गए है। घटना 14 जुलाई है। थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर कांड दर्ज कर 26 लोगों को नामजद कर छानबीन की जा रही है। दोषियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया जाएगा। पीड़िता व नौतनवा गाँव निवासी वजैर अहमद ने एफआईआर दर्ज करा गाँव के ही शेख असरफ, शेख अशगर, नगमा खातून, मोमना खातून, रौनक खातून समेत 26 को आरोपी बनाया है। आरोपी उसका घर हड़पना चाहते हैं। बताया गया है कि सभी आरोपी घटना के दिन हरवा-हथियार से लैस होकर मारपीट किया। बीच बचाव करने पर उसके परिवार के लोगों को पीटा गया। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करते हुए घर मे रखे आभूषण समेत अन्य सामानों को ले गए।

## तारापुर के शहीद नुक्कड़ नाटक का हुआ मंचन



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** अपने भारत देश को आजाद कराने के लिए कई वीर सपूत शहीद हो गए, कुछ वीर सपूतों के नाम लोगों के जुबान पर है लेकिन कई ऐसे वीर सपूत जिन्होंने अपना अहम योगदान देश की आजादी में दिया है वह गुमनामी के अंधेरे में इतिहास के पन्ने में खो गए हैं, उन्हें उभारने और युवाओं को उनकी गाथा याद दिलाने के लिए संस्कार भारती के द्वारा पूरे प्रदेश में देशभक्ति पर आधारित गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है, यह नुक्कड़ नाटक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर संस्कार भारती के द्वारा पूरे प्रदेश में किया जा रहा है, यह कार्यक्रम भागलपुर बांका खगड़िया कटिहार के अलावे कई जगहों पर एक साथ चल रहे हैं, इसी बाबत आज भागलपुर के घंटाघर चौक पर तारापुर में शहीद हुए वीर क्रांतिकारियों के गाथा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बरियारपुर के अंग नाट्य मंच के निर्देशक संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम को कराने का मुख्य उद्देश्य है जो गुमनामी के अंधेरे में इतिहास के पन्नों में खो गए हैं उन्हें उजागर करना है, उन्होंने बताया तारापुर में 34 क्रांतिकारी वीर सपूतों की शहीदों की शहादत हुई है उसी घटना पर आधारित नुक्कड़ नाटक तारापुर के शहीद का मंचन किया जा रहा है साथ ही उन्होंने बताया कि उनकी गाथा को उभारना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जिससे आज के युवा उन वीर सपूतों की कहानी जाने और देशभक्ति का जज्बा पैदा हो जिससे देश के सम्मान के लिए जीने मरने की कसमें खाएं।

## स्कूल आने-जाने के क्रम में नाबालिग छात्रा से की अश्लील हरकत

**मुजफ्फरपुर :** नगर थाना क्षेत्र के तीसरी कक्षा कि नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत की मामला सामने आया है। जिसकी लिखित शिकायत छात्रा के पिता ने थाने में किया है। चक्कर चौक स्थित एक स्कूल ले जाने और लाने के क्रम मे दो युवकों ने उसके साथ गलत हरकत कीया। बच्ची ने अपने पिता को सारी बात बताई। इसके बाद शनिवार को बच्ची को साथ लेकर पिता नगर थाने पहुंचे और दोनो पर नामजद एफआईआर किया है। एक आरोपित नयाटोला और दूसरा पंखाटोली का रहने वाला है। थानेदार ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। बच्ची के पिता ने पुलिस को जानकारी दी है, कि निजी कार्य की वजह से वह ज्यादातर समय बाहर रहते हैं। घर में दो परिचित युवक आते-जाते हैं। उनकी पत्नी के कहने पर दोनों अक्सर बच्ची को स्कूल छोड़ने और लाने जाते थे। इसी क्रम में रास्ते में गलत नीयत से टच करते थे और उसके साथ गलत बातें करते थे। पीड़ित बच्ची ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई। मनचलों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

## 11 लाख लेकर रजिस्ट्री नहीं करने पर प्राथमिकी दर्ज

**रामनगर :** थाना क्षेत्र में 11 लाख नगद लेने के बाद भी जमीनी रजिस्ट्री करने से मना करने का मामला सामने आया है। इस मामले में नेपाली टोला निवासी केशव कुमार गुप्ता ने थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि चार वर्ष पूर्व ओमप्रकाश गुप्ता ने मेरे दुकान पर आकर एक जमीन मकान सहित रजिस्ट्री कर देने के लिए 12 लाख में तय कर 11 लाख लेकर इकरारनामा बना दिया। जिसमें समय सीमा के बाद मकान खाली व रजिस्ट्री नही करने का आरोप ओमप्रकाश गुप्ता व चन्दा देवी पर लगाया है। झूठा मुकदमा में फंसा देने की धमकी व साजिश के तहत मेरे रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## युवक ने की आत्महत्या की कोशिश, नाजुक हालत में इलाज जारी

**बगहा :** नगर थाना क्षेत्र श अंतर्गत रतनमाला में एक युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। हालांकि गले में फंदा लगाकर झूलते युवक को देखकर पड़ोसियों ने उसे बचा लिया। इस दौरान युवक की स्थिति काफी खराब हो गई थी। जिस पर लोगों ने पुलिस को सूचित किया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने युवक को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद युवक को जीएमसीएच बेतिया के लिए रेफर कर दिया गया। युवक की पहचान नगर थाना स्थित रत्नमाला तेलिया टोला निवासी लालजी साहनी का बेटा बेगू कुमार 24 वर्ष के रूप में हुई है, जो मैसूर में कारपेंटर का काम करता था। 7 दिन पहले ही वो अपने घर आया था। युवक ने 3 साल पहले भी प्रेम प्रसंग में हाथ काट लिया था। युवक जब 10 साल का था तो उसकी मां की मौत हो गई थी। इसके बाद कुछ सालों तक पिता ने युवक और उसकी बहन की देखरेख की। कुछ समय बाद बेटी की शादी कर दी। 10 साल पहले युवक के पिता ने भी दूसरी शादी कर ली। इसके बाद वे अपनी दूसरी पत्नी के साथ नौरंगिया में रहने लगे। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक घंटों-घंटों तक फोन पर किसी से बात करते रहता था।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल युवा कार्यक्रम आयोजित



**भितहा :** प्रखंड में कुशल युवा कार्यक्रम संस्थान पर छात्रों के द्वारा सुंदर चित्र का प्रस्तुतिकरण किया गया। बताया जाता है कि विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर भितहा में कंप्यूटर शिक्षा पा रहे सभी बच्चों के द्वारा सुंदर चित्र का प्रस्तुतीकरण किया गया। कुशल युवा कार्यक्रम संस्था के सेंटर कोऑर्डिनेटर राजकुमार ने बताया कि बिहार सरकार के द्वारा सात निश्चय योजना के अंतर्गत केवाईपी कोर्स चलाया जा रहा है। जिसमें बच्चों को कंप्यूटर ज्ञान, अंग्रेजी भाषा के ज्ञान, इंटरव्यू तैयारी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सेंटर कोऑर्डिनेटर ने कहा कि यह 3 महीने का कोर्स मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा निशुल्क कराई जा रही है। इसमें गरीब छात्र-छात्राएं अधिक मात्रा में आकर इसका लाभ उठा रहे हैं जो सरकार की सराहनीय पहल है। आज के युग में कंप्यूटर शिक्षा बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना इसके कोई कामकाज नहीं होने वाला है।

## पुत्र की जगह पिता द्वारा हाजरी बनाने के मामले में पांच सदस्यीय टीम गठित

**बगहा :** अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक ने गार्ड के पिता द्वारा उपस्थिति बनाने वीडियो वायरल मामले में डीएस ने इसे गंभीरता से लिया है। इस मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इसमें डॉ. विजय कुमार, डॉ. तारिक नदीम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह डाटा ऑपरेटर अवधेश कुमार को शामिल किया गया है। टीम इस मामले में पूरी पड़ताल करते हुए जांच प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराएगी। इसके उपरांत दोषियों पर अनुशासनिक व विभागीय कार्रवाई के लिए विभाग व सिविल सर्जन को लिखा जाएगा। इसकी जानकारी प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. केबीएन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी स्थापना कार्यालय में कार्यरत लिपिक व अन्य कर्मियों की गतिविधियां सही नहीं पाया गया था। बतादें कि अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत डॉली सिक्योरिटी के गार्ड की जगह उसके पिता की हाजिरी बनाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित नगर में हो रहा है। प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि व्यक्ति अस्पताल के स्थापना कार्यालय उपस्थिति पंजी पर उपस्थिति दर्ज कर रहा है।वीडियो में गार्ड राहुल मेहरा के पिता उसकी हाजिरी बना रहे हैं। प्रभारी उपाधीक्षक ने प्रेसवार्ता में बताया कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो की जानकारी मिली। प्रभारी प्रधान लिपिक सत्येंद्र राव से मामले में जवाब- तलब करते हुए दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। उपाधीक्षक ने बताया था कि स्थापना के प्रधान लिपिक कार्यों को जानबूझकर लंबित कर रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन को बेवजह परेशान कर बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उपाधीक्षक ने बताया कि इस मामले में उनके द्वारा 20 जून को एक पत्र सीएस को भेजा जा चुका है। जिसमें स्थापना लिपिक की लापरवाही पर कार्रवाई की अनुशंसा की बात लिखी गई है। इस पत्र के बाद उनका स्थानांतरण पीएचसी बगहा एक में किया जा चुका है। बावजूद वे प्रभार नहीं दे रहे हैं। अगर मामला जांच में सही पाया जाता है ,तो मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। अब सबकी निगाहें जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हुई है।

# विकास योजनाओं को धरातल पर पहुंचाना हमारा मुख्य लक्ष्य : डॉ. प्रेम

विधायक ने कई योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर



**गया :** शहरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पूर्व कृषि मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने रविवार को अपने विधायक निधि से कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। सर्वप्रथम उन्होंने नारियल फोड़कर संजय नगर वार्ड नं 6 में शहिद उच्च विद्यालय भवन का निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। वार्ड नं 4 में छोटकी नवादा में समुदायिक भवन का उद्घाटन,डेल्हा संगम चौक मैरेज हॉल के नजदीक पथ का निर्माण का शुभारंभ,धनिया बगीचा में सामुदायिक भवन के चारदीवारी एवं नाला निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। वार्ड नं 30 में चंदौती मुख्य पथ से लटू सिंह के घर तक पेभर ब्लॉक पथ का उद्धघाटन, वार्ड नं 30 में एच पी गैस एजेंसी के बगल वाली गली में नाला एवं पथ कार्य का उद्घाटन, वार्ड नं 42 में डाकखाना गली में अमरेंद्र सिंह के घर से केदार प्रसाद के घर तक पथ एवं नाली का निर्माण कार्य शुरू करने की आधारशिला रखी। वार्ड नंबर 44 में माडनपुर मुख्य मार्ग से अरविंद जी के घर तक पथ एवं नाली का उद्घाटन,वार्ड नं 34 में गेबाल विगहा में दीपक चन्द्रवंशी के घर से शकुन्तला देवी के घर तक पथ एवं नाली का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उक्त सभी शिलान्यास और उद्घाटन के बाद क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि गया नगर विधानसभा क्षेत्र के हर वार्ड के विभिन्न मोहल्लों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। पूरे वार्ड में विकास योजनाओं को तेजी से किया जा रहा है। बीते लंबे वर्षों से भवन हीन शहीद हाई स्कूल को अपना जमीन मिलने से शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। आने वाले समय में भव्य स्कूल भवन का निर्माण होगा, जिसमें विद्यार्थियों को पठन-पाठन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शंभू यादव, महामंत्री शिवनारायण चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद जयप्रकाश यादव, गोपाल पासवान, कुंदन पासवान, कौशलेंद्र सिंह राजेंद्र प्रसाद गांधी, करण गुप्ता, पम्मी सिंह, रंजीत चंद्रवंशी, देवानंद पासवान,अक्षय यादव, मनोज पासवान, विक्की सिंह, जदयू नेता चंदन यादव, मनोज चंद्रवंशी, सुरेंद्र यादव, आकाश चंद्रवंशी, गौरव सिंहा, रवि जी, मुकेश चंद्रवंशी, राजू सिंह, गोपीजी, कमल लाल वारीक, नंदलाल पासवान, संतोष ठाकुर, वार्ड पार्षद राकेश कुमार, विनोद पासवान, विरेंद्र रावत, एवं नरेश दास सहित अन्य उपस्थित थे।

## नल जल योजना को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम से किया शिकायत

**बेतिया/ मझौलिया :** प्रखंड के नौतन खुर्द बखरिया, मझौलिया, बैठनिया भानाचक, अहवर कुड़िया पंचायतों के ग्रामीणों ने नल जल योजना का स्वच्छ पेयजल पिछले कई महीनों से नहीं मिलने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से शिकायत किया है। शिकायत करने वालों में नौतन खुर्द पंचायत के हरेंद्र यादव सुरेंद्र प्रसाद, असलम अंसारी, मिराजुल हक, डोमा यादव, राजन कुमार रजक, असर्फी प्रसाद, हरेंद्र प्रसाद, रंजीत पासवान, अनूप कुमार ने बताया कि नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड नंबर 10 और 14 में, बैठनिया भानाचक पंचायत के वार्ड नंबर 12, मझौलिया पंचायत के वार्ड नंबर 10, 11, महादलित बस्ती के वार्ड नंबर 14, बखरिया पंचायत के वार्ड 16 समेत कई वार्डों में विभागीय उदासीनता के कारण विगत कई माह से स्वच्छ पेयजल नदारद है। शिकायत करने पर समस्या का समाधान जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों नहीं कर रहे है। केवल आश्वासन के अलावा लाभुकों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। बताते हैं कि वार्ड क्रियान्वयन समिति का

## रुपए लेन-देन की विवाद में जमकर मारपीट

**रामनगर :** थाना क्षेत्र के डैनमरवा गांव में रुपये लेन-देन के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में मो. अतिउल्लाह की पत्नी सुकतारा बेगम ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि अपने गांव में उधार सैदतुल्लाह को दिए 50 हजार रुपये मांगने गई तो वह घर पर नही थे, जिसके कारण उनकी पत्नी से रुपये देने की बात कहकर वापस लौट आई। महिला ने आरोप लगाया है कि इस बात को लेकर एक राय होकर मेरे घर पर आकर आठ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

## संपादकीय

# जीएसटी में जनता को राहत देने पर कुछ नहीं

ऐसा प्रतीत होता है कि जीएसटी काउंसिल का असली मकसद अब सरकारों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत जुटाना रह गया है। इसलिए इतने दिनों बाद और लगातार मांग होने के बाद भी पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने पर न तो केंद्र और ना राज्य सरकारों ने कोई पहल की है। दरअसल सभी सरकारों की राजशाही इसी जनता के पैसे से चलती है, यह तो कोविड महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में पूरी तरह साफ हो गया है। अब लगभग पांच महीने बाद हुई बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने मंगलवार को कुछ जटिल मुद्दों को सुलझाया, जो लंबे समय से लटके हुए थे, जैसे अपीलीय न्यायाधिकरणों का गठन और तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के लिए कर उपचार। ट्रिब्यूनल सदस्यों के लिए नियुक्ति मानदंडों को मंजूरी मिलने के साथ, केंद्र ने आश्वासन दिया है कि ट्रिब्यूनल का पहला सेट चार से छह महीने में चालू हो जाना चाहिए। जबकि राज्यों ने 50 न्यायाधिकरण पीठों का प्रस्ताव दिया है, ये चरणबद्ध तरीके से




सामने आएंगे, जिसकी शुरूआत राज्यों की राजधानियों और उच्च न्यायालय पीठों वाले शहरों से होगी। उद्योग जगत अदालतों में रुकावट डालने वाले बढ़ते जीएसटी मुकदमों के जल्द समाधान की उम्मीद कर सकता है। दूसरी ओर, व्यवसायों ने ऑनलाइन गेम, कैसीनो या घुड़दौड़ में लगाए गए सभी दांवों के अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लेवी को अंतिम रूप देने के परिषद के फैसले पर बहुत घबराहट के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की है, कई ई-गेमिंग खिलाड़ियों ने इसे मौत करार दिया है। बढ़ते उद्योग और इसकी हजारों नौकरियों के लिए घंटी बजाओ। यह जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं था, 2020 के अंत में इसके गठन के बाद से परिषद के एक मंत्रिस्तरीय समूह ने एक बार नहीं, बल्कि दो बार इस पर विचार किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि परिषद ने स्वीकार किया कि गोवा और सिक्किम कैसीनो-संचालित पर्यटन राजस्व पर बहुत अधिक निर्भर हैं। लेकिन इस नैतिक प्रश्न की भी जांच की कि क्या इसे आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के लिए आवश्यक अधिक दयालु कर उपचार के बराबर किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय भी ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक नीति तैयार कर रहा है, जीएसटी कानून में संशोधन की आवश्यकता वाले इस निर्णय में अभी कुछ समीक्षा और सुधार की आवश्यकता हो सकती है। परिषद ने कर छूट भी दी, कुछ दरों को कम या स्पष्ट किया और कुछ वस्तुओं पर उनके वर्गीकरण के बारे में भ्रम के कारण कर भुगतान में पिछली विसंगतियों को नियमित किया। इसलिए, सिनेमा हॉल में खाद्य और पेय पदार्थों पर अब 5 प्रतिशत कम जीएसटी लगेगा, जैसे कि बिना तले हुए, बिना पके स्नैक पेलेट, मछली में घुलनशील पेस्ट और नकली जरी यार्न पर। यह स्पष्ट नहीं है कि परिषद को जीएसटी व्यवस्था शुरू होने के बाद इन दरों में बदलाव करने में छह साल क्यों लग गए। उदाहरण के लिए, कैंसर और कुछ दुर्लभ बीमारियों के लिए आयातित दवाओं को छूट देने की परिकल्पना पहले भी की जा सकती थी, जैसे कि स्पोर्ट यूटिलिटी वाहनों पर उच्च कर लगाने का इरादा था। ऐसे देश के लिए जहां यातायात की भीड़ तीव्र और व्यापक है, बड़े निजी वाहनों के उपयोग को रोकना एक स्पष्ट आवश्यकता है। अलग-अलग क्षेत्रों पर कुछ निर्णयों का प्रभाव फाइन प्रिंट पर निर्भर करेगा, लेकिन परिषद, जो आगामी चुनाव के मौसम में कम बार मिल सकती है, ने जीएसटी दरों के वादे से अपनी नजरें हटा ली हैं। कुल मिलाकर यह स्पष्ट हो जाता है कि आनन फानन में सिर्फ जिद की वजह से जीएसटी के प्रावधानों को लागू करने के बाद भी इसमें प्रयोग का दौर अब तक जारी है। इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि इन नियमों को लागू करने वालों की नजर में देश का आम आदमी कुछ भी नहीं है। इसलिए नियमों और प्रावधानों को लागू करने में सिर्फ इस बात पर ध्यान दिया गया है कि सरकारों की झोली में अधिक से अधिक पैसा कैसे आये। यह पैसा कैसे और किस मद में खर्च हो रहा है, यह अब जनता के समझने का विषय है क्योंकि सरकारों का चरित्र क्या होता है, यह तो जीएसटी ने साफ कर दिया है। अब तो केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने जीएसटी को पीएमएलए तहत डाल दिया है। इससे छोटे व्यापारियों में भय का माहौल पैदा हो गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी को पीएमएलए के तहत न डाले जाने की मांग की है। व्यापार मंडल ने कहा कि इस कानून के लागू होने से भ्रष्टाचार और इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों द्वारा छोटे मध्यमवर्गीय व्यापारियों का उत्पीड़न किया जाएगा। व्यापारियों ने मांग करते हुए कहा कि जिस फार्म की पांच करोड़ से ऊपर बिक्री हो तथा कर चोरी एक करोड़ से ऊपर हो उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई की जाए।

# यू सी सी : निगाहें कहीं हैं, निशाना कहीं

इन दिनों देश में यू सी सी अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस जारी है। यह बहस ऐसे समय में छिड़ी है जबकि लगभग 9 महीने बाद देश में आम लोकसभा चुनाव की घोषणा की जानी है। यू सी सी भारतीय जनता पार्टी के उन्हीं तीन प्रमुख चुनावी वादों में से एक है जिन्हें भाजपा ने एक दूरगामी रणनीति के तहत अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में 1996 में पहली बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनते समय ठंडे बस्ते में डाल दिया था। और न्यूनतम सांझा कार्यक्रम के आधार पर एक गैर कांग्रेसी राजग सरकार का गठन किया था। परन्तु 2019 के लोकसभा चुनावों में जैसे ही भारतीय जनता पार्टी अपने पूर्ण बहुमत पर पहुंची और 303 सीटों पर जीत हासिल की तथा भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं वैसे ही भाजपा अपने उन मूल मुद्दों को पूरा करने में जुट गयी। इनमें पहला अयोध्या मंदिर निर्माण मुद्दा तो अदालती फैसले के आधार पर निर्णायक नतीजे पर पहुँच गया जबकि 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 हटाकर भाजपा ने अपना दूसरा मूल मुद्दा भी हल कर लिया। और अब जबकि विभिन्न



तनवीर जाफरी
पत्रकार

राज्यों व केंद्र के चुनाव निकट भविष्य में होने वाले हैं भाजपा ने अपने तीसरे यानी समान नागरिक संहिता के मुद्दे को हवा देनी शुरू कर दी है। वैसे भी समान नागरिक संहिता केंद्र की मौजूदा सत्ताधारी भाजपा के लिए जनसंघ के समय से ही प्राथमिकता वाला एजेंडा रहा है। और भाजपा सत्ता में आने पर वउउ को लागू करने का वादा करने वाली पहली पार्टी थी और यह मुद्दा उसके 2019 के लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र का प्रमुख हिस्सा भी था। अब यहां पहला प्रश्न यह है कि जिस समान नागरिक संहिता यानी कॉमन सिविल कोड की बात भाजपा दशकों से करती आ रही है उसमें और जिस समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड(यू सी सी ) की चर्चा इनदिनों छिड़ी है इनमें अंतर क्या है? मोटे तौर पर समान नागरिक संहिता यानी कॉमन सिविल कोड का आशय पूरे देश के सभी नागरिकों के लिये एक जैसा कानून लागू करना है । यानी समान नागरिक संहिता का अर्थ होता है भारत में रहने




वाले प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून होना। चाहे वह किसी भी धर्म,वर्ग,समुदाय या जाति का क्यों न हो। समान नागरिक संहिता लागू होने से सभी धर्मों का एक कानून होगा। शादी, तलाक, गोद लेने और जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होगा। जबकि समान नागरिक संहिता अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड का अर्थ देश में रहने वाले किसी भी वर्ग व समुदाय विशेष के लोगों के लिये उनके वर्ग समुदाय के अनुसार एक जैसे कानून लागू करना। कहा जा रहा है कि यूसीसी का तात्पर्य देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना है जो धर्म पर आधारित नहीं है। परन्तु इसकी वास्तविक व विस्तृत परिभाषा क्या होगी यह तभी पता चल सकेगा जब इसका पूरा ड्राफ़्ट सामने आयेगा। इसलिये यूनिफॉर्म सिविल कोड विषय को लेकर छिड़ी इस बहस में शोर और विवाद तो बहुत हैं परन्तु सी सी सी या यू सी सी के अंतर को लेकर अभी भी अनेक भ्रांतियां भी बनी हुई हैं।

राष्ट्रीय विधि आयोग ने देश की संस्थाओं व आम नागरिकों से गत 14 जून को इस विषय पर सुझाव मांगे थे। पिछले दिनों आयोग की ओर से मांगे गए सुझाव की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। अब 28 जुलाई तक समान नागरिक संहिता को लेकर भारतीय नागरिक अपने सुझाव आयोग की वेबसाइट पर दे सकेंगे। विधि आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार समान नागरिक संहिता विषय पर जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त होने के बाद इस तिथि को बढ़ा दिया गया है। इसके लिए समय बढ़ाने को लेकर भी विभिन्न क्षेत्रों से अनुरोध मिल रहे थे। ऐसे में आयोग ने संबंधित हितधारकों से विचार और सुझाव प्राप्त करने के लिए समय सीमा को दो सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है। परन्तु विधि आयोग द्वारा ऑनलाइन मांगे जा रहे इन सुझावों में एक पेंच यह भी है कि देश की आधी से अधिक आबादी को शायद अभी तक यह भी पता नहीं होगा कि यू सी सी है क्या और देश में इस समय यू सी सी नामक किसी विषय को लेकर कोई बहस छिड़ी हुई है। और जिन्हें मालूम भी है वे अपनी रोजी रोटी कमाने में इतना व्यस्त हैं कि उन्हें इस बहस में पड़ने या सुझाव देने की फुर्सत ही नहीं। हाँ एक विशेष पूर्वाग्रही वर्ग ऐसा जरूर है जो वाट्स ऐप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिन रात सक्रिय है और वह बाकायदा वीडिओ बनाकर लोगों को यह बता रहा है कि किस तरह विधि आयोग की वेबसाइट पर जाकर यह लिखा जाये कि वे यू सी सी का समर्थन करते हैं।

प्रचारित तो यह किया जा रहा है कि यू सी सी मुस्लिम विरोध में लाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों में इसे लेकर बेचैनी भी दिखाई दे रही है। परन्तु यह प्रचार भी निराधार है। नगालैंड, मेघालय, पंजाब व तमिलनाडु के लोगों ने और झारखण्ड व मध्य प्रदेश के दर्जनों आदिवासी संगठनों ने विधि आयोग के सामने यूनिफॉर्म सिविल कोड के विचार को वापस लेने की मांग की है। इन आदिवासी संगठनों का मानना है कि यूसीसी के कारण आदिवासियों की पहचान खतरे में पड़ जाएगी। हमारे देश में ही हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में भी कई आदिवासी समाजों में व दक्षिण भारत तथा उत्तर पूर्व की कई जनजातियों में बहुपतित्व प्रथा अभी भी जारी है। हिमाचल के किन्नौर के लोगों का मानना है कि यह प्रथा महाभारत के समय से चली आ रही है। इसके एक ही परिवार के सभी भाइयों द्वारा एक ही महिला से विवाह किया जाता है। इसके पीछे कारण यह बताया जाता है कि वनवास के दौरान जब पांडवों का अज्ञातवास था, तब पांडव द्रौपदी के साथ यहां छिपे हुए थे। इसके पीछे की वजह परस्पर पारिवारिक प्रेम और संपत्ति के बंटवारे से सुरक्षा भी है। इसी तरह मेघालय राज्य में शिलॉन्ग के निकट 'एशिया के सबसे स्वच्छ गांव' के नाम से मशहूर मावलिननांग व उसके आस पास के गांव में प्रचलित प्रथा के अनुसार यहाँ परिवार की मुखिया महिला होती है। और संपत्ति भी परिवार की सबसे छोटी बेटी के नाम की जाती है। इस तरह के अनेकानेक रूढ़ियाँ व परम्परायें अनेकता में एकता रखने वाले इस भारत महान देश में विभिन्न धर्मों,समुदायों व जातियों में अनेक क्षेत्रों में देखी जा सकती हैं। ऐसे में यू सी सी की चर्चा महज एक समुदाय विशेष को विद्वेलित करने का प्रयास है या इसके पीछे सरकार की मंशा कुछ और है इस बात का सही अंदाजा तभी लग सकेगा जब इसका ड्राफ़्ट सार्वजनिक होगा। इसके पहले किसी भी समुदाय का आशंकित या विद्वेलित होना हरगिज मुनासिब नहीं। संभव है कि इसी मुद्दे के बहाने राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों की निगाहें कहीं हों और निशाना कहीं और? और वे केवल यह बहस छेड़ कर ही समुदाय विशेष के लोगों में उत्तेजना फैलाने मात्र से ही अपना वोट बैंक फतेह करना चाह रहे हों?

# किसी के बारे में धारणा बनाने से पहले सच्चाई जाने

### प्रेरक-प्रसंग

एक बार ट्रेन से पिता-पुत्र यात्रा कर रहे थे, पुत्र की उम्र करीब 24 साल की थी, पुत्र ने खिड़की के पास बैठने की ज़िद की, क्योंकि पिता खिड़की की सीट पर बैठे थे। पिता ने खुशी खुशी खिड़की की सीट पुत्र को दे दी, और खुद बगल में बैठ गये।
ट्रेन में आस पास और भी यात्री बैठे थे, ट्रेन चली तो पुत्र बड़ी उत्सुकता से चिल्लाने लगा ह्लदेखो पिता जी नदी, पुल, पेड़ पीछे जा रहे है, बादल भी पीछे छूट रहे है। पिता भी उसकी हाँ में हाँ मिला रहे थे।
उसकी ऐसी हरकतों को देखकर वहां बैठे यात्रियों को लगा कि शायद इस लड़के को कोई दिमागी समस्या है, जिसके कारण यह ऐसी हरकत कर रहा है।
पुत्र बहुत देर तक ऐसी अजीबोगरीब हरकत करता रहा। तभी पास बैठे एक यात्री ने पिता से पूछा कि- आप अपने पुत्र



को किसी अच्छे डॉक्टर को क्यों नही दिखाते ?क्योंकि उसकी हरकत सामान्य नहीं है, हो सकता है की कोई दिमागी बीमारी हो। उस यात्री की बात सुनकर पिता ने कहा- हम अभी डॉक्टर के पास से ही आ रहे हैं। पिता की सुनकर यात्री को आश्चर्य हुआ।
पिता ने बताया कि- मेरा पुत्र जन्म से ही अंधा था। कुछ दिन पहले ही इसको आँखों की रौशनी प्राप्त हुई है, इसे किसी दूसरे की आँखें लगाई गई हैं, और जीवन में पहली बार यह दुनिया को देख रहा है। यह इसलिए ऐसी हरकत कर रहा है, क्योंकि ये सारी चीजें इसके लिए एकदम नई है। ठीक वैसे ही जैसे किसी छोटे बच्चे के लिए होती हैं। पिता की बात सुनकर आस-पास बैठे लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने पुत्र के पिता से माफी भी मांगी।
कहानी से शिक्षा..दोस्तों जिंदगी में कई बार हम बिना सच्चाई जाने ही कुछ लोगों के प्रति अपनी एक राय बना लेते हैं। क्योंकि हम उसके बारे में वही सोचते हैं, जो हमें दिखाई देता है।
इसलिए किसी के बारे में राय बनाने से पहले हमे उसकी सच्चाई जान लेनी चाहिए। जिससे बाद में सच्चाई का पता लगने पर शर्मिंदा ना होना पड़े।

### 17 जुलाई अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर विशेष

# आशा और उम्मीद का प्रतीक होता है न्याय

न्याय शब्द एक आशा और उम्मीद का प्रतीक है। जब किसी को लगता है कि उसकी बात अच्छी तरह सुनी जाएगी तथा उन्हें अपनी बात कहने का पूरा अवसर मिलेगा वह न्याय है। न्याय शब्द एक नई रोशनी लेकर आता है। व्यक्ति के मन में एक उम्मीद जगाता है कि उनकी बात को पूरी तरह सुनकर ही निर्णय किया जाएगा। न्याय एक बहुत ही सम्मानित वह संतुष्टि प्रदान करने वाला शब्द है। आज भी जब दो व्यक्तियों के बीच में झगड़ा होता है तो दोनों एक दूसरे से कहते हैं कोर्ट में आ जाना फैसला हो जाएगा। यह लोगों की न्याय के प्रति आस्था का एक जीता जागता उदाहरण है।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र-पत्रकार

न्याय पाना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार होता है। कोई भी सरकार या व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है। जिसमें हर व्यक्ति को निष्पक्ष रुप से न्याय मिल सकें। हमारे देश में तो सदियों से न्यायिक प्रणाली बहुत मजबूत रही है। राजा महाराजाओं के जमाने में भी लोगों के साथ न्याय किया जाता था। जिनके उदाहरण हम आज भी देते हैं। भारत के महान सम्राट राजा विक्रमादित्य की न्याय प्रणाली की आज भी हर जगह चर्चा और सराहना होती है। हमारा देश जब स्वतंत्र हुआ तो संविधान के निमार्ताओं ने न्यायपालिका को कार्यपालिका और विधायिका से अलग रखा। न्याय के लिए सशक्त कानून बनाए गए थे। देश के लोगों को सही व निष्पक्ष न्याय मिल सके इसके लिए लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की स्थापना की गई थी। जो आज भी न्यायिक प्रक्रिया में संलग्न है। हमारे देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का उदाहरण श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पद के अयोग्य ठहरा दिया जाना था। इससे अधिक न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मजबूती कहां देखने को मिल सकती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून के शासन के तहत अदालतों को न्याय एवं अन्याय में फर्क करने का अधिकार हासिल हैं। सही क्या है तथा गलत क्या है यह अदालत विधान की पुस्तकों के आधार पर तय करती हैं। आज लम्बित मामलों की संख्या को देखकर कहा जा सकता है इंसाफ चाहने वाले पीड़ित लोगों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही हैं। हमारे देश की विधायी व्यवस्था में न्याय की शीर्षस्थ संस्था न्यायालय हैं।

**न्याय के लिए सशक्त कानून बनाए गए थे। देश के लोगों को सही व निष्पक्ष न्याय मिल सके इसके लिए लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की स्थापना की गई थी। जो आज भी न्यायिक प्रक्रिया में संलग्न है।**

विश्व न्याय दिवस अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय की उभरती प्रणाली को मान्यता देने के प्रयास के तहत 17 जुलाई को दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। हर साल दुनिया भर के लोग इस दिन का उपयोग अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए करते हैं। यह दुनिया में आधुनिक न्यायालय प्रणालियों की स्थापना का भी स्मरण कराता है। यह दिन मौलिक मानवाधिकारों की वकालत और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। अंतर्राष्ट्रीय न्याय के लिए विश्व दिवस का उद्देश्य आईसीसी के प्रयासों की सराहना करना और अंतरराष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय को बढ़ावा देने के लिए सभी को एकजुट करना है। 17 जुलाई 1998 को 120 देशों ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक एक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए थे। रोम संविधि पर हस्ताक्षर करने का दिन मनाने के लिए विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस तब से हर साल मनाया जाता रहा है।

### जानकारी

# कालापत्थर समुद्रतट



पानी तैरने लायक काफी गहरा है और इस पर ज्वार-भाटा का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वहां कुछ चट्टानें और मूंगे हैं इसलिए पानी में जाते समय सावधानी बरतें। कालापत्थर में कुछ छतरियां और लकड़ी की कुर्सियां उपलब्ध हैं। यहां एक छोटा सा पिकनिक क्षेत्र भी है जहां पेड़ों की छाया में कूड़ेदान रखे गए हैं। सीजन में स्थानीय लोग ताजा नारियल और आम का रस बेचते हैं, लेकिन कोई अन्य सुविधाएं नहीं हैं।कालापत्थर समुद्र तट तक कैसे पहुंचें? काला पत्थर समुद्र तट हैवलॉक के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है और हैवलॉक घाट से लगभग 6.5 किमी दूर है। इसी मार्ग पर आपको अधिकांश रिसॉर्ट और कैफे मिलते हैं। आप कैब, ऑटो या 2 व्हीलर (दैनिक किराये) किराए पर लेकर समुद्र तट तक आसानी से पहुंच सकते हैं। एक ही वाहन में आना/जाना आसान है क्योंकि आपको वहां से वापस लाने के लिए परिवहन नहीं मिल सकता है। समुद्रतट तक का मार्ग सुरम्य है।

# 10 हजार वाले फोन पर मिल रहा मोटा डिस्काउंट

### साइबर दुनिया

नई दिल्ली : Amazon Prime Day Sale 2023 के दूसरे दिन की शुरूआत हो गई है। सेल में आईफोन 14 से लेकर बजट में आने वाले नोकिया सी12 तक पर ऑफर्स की बरसात हो रही है। 48 घंटे तक चलने वाला सालाना सेल इवेंट प्राइम मेंबर्स के लिए खास है, जहां बजट स्मार्टफोन्स Samsung Galaxy M04, Redmi 12C, Realme Narzo 50i Prime आदि पर छूट मिल रही है। ग्राहकों अधिक लाभ पहुंचाने के लिए अमेजन एसबीआई कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक कार्ड से भुगतान पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट प्रदान कर रहा है। इसके अलावा फोन पर अतिरिक्त एक्सचेंज ऑफर भी है। आज रात 11.59 बजे तक चलने वाली सेल में आप इन स्मार्टफोन्स पर छूट पा सकते हैं।

**Amazon Prime Day Sale 2023 में 10 हजार रुपये में आने वाले स्मार्टफोन्स पर मिल रहा डिस्काउंटः**

Samsung Galaxy M04




Samsung Galaxy M04 IYf 4GB RAM + 64GB स्टोरेज वेरिएंट 6,999 रुपये में मिल रहा है, जबकि इसकी वास्तविक कीमत 9,499 रुपये है। ग्राहक एक्सचेंज ऑफर के जरिए 6,600 रुपये तक की बचत कर सकते हैं। वहीं AmazonPay ICICI क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को 300 रुपये तक कैशबैक भी मिल सकता है। Samsung Galaxy M04 में MediaTek Helio P35 SoC प्रोसेसर और 5,000mA की बैटरी दी गई है।

Samsung Galaxy M04 को 6,999 में खरीदें (MRP 9,499 रुपये)

Redmi 12C


Redmi 12C IYf 4GB RAM + 64GB स्टोरेज वेरिएंट 7,799 रुपये में लिस्ट किया गया है, जबकि इसकी असली कीमत 9,999 रुपये है। इसके अलावा यह स्मार्टफोन 373 रुपये प्रति माह की आसान EMI पर भी उपलब्ध है। इच्छुक ग्राहक पुराना फोन एक्सचेंज करने पर 7,400 रुपये तक डिस्काउंट पा सकते हैं।

### टॉप ट्वीट

"वे चुनाव के बाद की हिंसा के पीड़ित हैं और अपनी जान के डर से अपने घर छोड़ चुके हैं। मैंने उनसे मुलाकात की और उन्हें कानूनी और चिकित्सा सहायता सहित हर संभव मदद का आश्वासन दिया।"

सुवेंदु अधिकारी
भाजपा नेता





"हुकुम का टीजर जारी कर दिया गया है। रजनीकांत के धमाके भी के लिए तैयार हो जाइए।"

रजनीकांत
बॉलिवुड अभिनेता

### संपादक के नाम पत्र

## शरीर में जहर भरता कोल्ड ड्रिंक

जिस तेजी से लोगों की जीवनचर्या बदल रही है उसी अनुपात में धीमे जहर के खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं। विज्ञापनों में दिखावे से प्रेरित होकर लोग प्राकृतिक चीजों को त्याग कर जिस तरह कृत्रिम चीजों को अपना रहे हैं वह शनैः शनैः जान लेवा बीमारियों को आमंत्रण है। कोल्ड्रिंक्स पर विश्व स्वास्थ्य संगठन रिसर्च रिपोर्ट कैंसर के खतरे से आगाह कर रही है। कोल्ड ड्रिंक और च्युंगम दो जानलेवा चीजें हैं जो इन दिनों युवाओं की पसंद है। अगर डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट को नजरअंदाज कर दिया गया तो आने वाले सालों में देश में कैंसर के मरीजों की संख्या में बड़ा इजाफा हो सकता है। कोल्ड्रिंक्स में घातक चीजों की मिलावट स्वास्थ्य को तार-तार कर देती है। चीनी की जगह आर्टिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल दरअसल इसकी कई गुना मिठास की वजह से किया जाता है। इससे स्वाद की बजाय शरीर में एक तरह से धीमा जहर पैदा होता है। अनुमानतया 95% शुगर फ्री सॉफ्ट ड्रिंक्स में एस्पार्टेम का उपयोग होता है। इसके दुष्प्रभाव से शरीर में तरह तरह की विकृतियां उत्पन्न होती है जो आंखों में अंधापन, कानों में बहरापन, हाई ब्लड प्रेशर, स्वास में कठिनाई, माइग्रेन और याददाश्त में कमजोरी जैसी बड़ी बीमारियां पैदा करती है। इंग्लैंड की एक रिपोर्ट तो हर साल 2 लाख मौतों के लिए कोल्ड्रिंक को ही जिम्मेदार ठहराती है। अब तो एस्पार्टेम को कैंसर पैदा करने वाली केटेगरी में शामिल करने की तैयारी है।ऐसे में कोल्ड ड्रिंक के शौकीनों को समझना चाहिए कि उन्हें अपनी जान प्यारी है या शौक के चक्कर में शरीर को जानलेवा बीमारियों का घर बनाना है।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### सड़क में जलजमाव होने से श्रद्धालुओं के होती थी कष्ट

**बड़कागांव** : बड़कागांव विख्यात महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रावण माह में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है एवं रजरप्पा से जल उठा कर पैदल यात्रा करते लोगों ने जलाभिषेक करने बुढ़वा महादेव पहुंचते है इसी को देखते हुए जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार एवं मुखिया पारसनाथ प्रसाद के पहल पर सड़क में जलजमाव को हटाया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### बिजली कनेक्शन रहने के बावजूद विभाग ने कानूनी कार्यवाई से ग्रामीण लोगों में नाराजगी

**चौपारण** : चौपारण प्रखंड के ताजपुर, चतरा मोड़ सहित कई क्षेत्रों में एसडीओ के नेतृत्व में आगामी 13 जुलाई को बिजली चोरी रोकने के लेकर छापेमारी अभिमानी अभियान चलाया गया था। इस दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों पर बिजली चोरी करने के आरोप में कनीय अभियंता के द्वारा जुमार्ने के साथ जानबूझकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसके बाद प्रखंड के कई उपभोक्ताओं के द्वारा कनीय अभियंता पर नियम को ताक पर रखकर करवाई करने का आरोप लगाते हुए कनीय अभियंता ओंकार जायसवाल पर केस संख्या-307 धारा-482,420,506 काउंटर केस किया है। इस सम्बंध में चौपारण नावाडीह निवासी बिजली उपभोक्ता मनोज यादव पिता सत्यानन्द यादव, मरहेड़ी निवासी नकीब खान पिता स्व रईस खान,दीपक सिंह पिता उदय प्रताप सिंह सहित ने थाने में आवेदन देकर कहा है कनीय अभियंता नियम को ताक पर रखकर जानबूझकर मेरी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से झुठी एवं काल्पनिक तथा बिना सत्यापन के प्राथमिकी दर्ज करवाया गया है। आवेदन के अनुसार विद्युत कनेक्शनधारी हूँ और फिक्स बिल का नियमित भुगतान करते आ रहा हूँ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### तैराकी संघ ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**हजारीबाग** : हजारीबाग शिक्षा के साथ खेल के प्रति शहर के युवक काफी प्रोत्साहित नजर आ रहे हैं इसी क्रम रांची में आयोजित तैराकी कार्यक्रम में हजारीबाग के कई युवक सम्मिलित हुए हजारीबाग का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। 21 मेडल जीते है साथ ही ग्रुप 2 में हजारीबाग टीम को उपविजेता भी घोषित किया गया था । इस उपलब्धि पर हजारीबाग जिला तैराकी संघ के के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी सह अध्यक्ष हर्ष अजमेरा एवं उपाध्यक्ष विकाश कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी ने खिलाड़ियों को टी-शर्ट एवं फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया है। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों के नाम निश्चय कुमार, आयुष आदर्श, पीयूष राणा, रूपम राज, गुप्ता श्रीयांशु कुमार, अमित कुमार, कुमार नीतीश, कुमार निधिश विवेक राज,एकलव्य वर्मा, सोबिर पाल,शिवमकार कुमार,अक्षय मिश्रा शौर्य कुमार आरव राज, अयान गोप शामिल है। टीम के साथ मे कोच मनु कुमार राणा ,गौरव कुमार टीम मैनेजर कौशल कुमार सह मैनेजर सत्यम कुमार टेक्निकल ऑफिशियल गणपति राम को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सचिव डा प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में 22 सदस्यों की टीम रांची गई थी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने हजारीबाग शहर का नाम रोशन किया है।

**अभियान** | जिले में अभियान को सफल बनाने की अपील

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से घबरा गई है भाजपा : अम्बा प्रसाद

- केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण उत्पन्न बेरोजगारी महंगाई
- पन्द्रह दिनो के अन्तराल पर जिला स्तरीय बैठक की जाए

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व में संपन्न में भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ मे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी द्वारा दिनांक 16 जुलाई से 05 सितंबर भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ अभियान पूरे प्रदेश के घर-घर गांव-गांव में सम्पर्क के जरिए चलाने सम्बंधी दिये गए निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने पूरे जिला में उक्त अभियान का पूर्णत सफल बनाने का अहवान किया। मुख्य अतिथि बड़कगांव की विधायक अम्बा प्रसाद ने कहि कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता को भाजपा की केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण उत्पन्न बेरोजगारी महंगाई, नफरत से देश को होने वाली कठिनाईयों से से अवगत करा कर भाजपा का पदार्फाश करें। बैठक में यह भी निर्णय गया कि उक्त अभियान की समीक्षा हेतू पन्द्रह दिनो के अन्तराल पर जिला स्तरीय बैठक की जाए और 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित कर प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार अभियान के समापन को शानदार बनाया जाए। बैठक का संचालन महासचिव साजिद अली खान व धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने किया। बैठक में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा समाजसेवी मुन्ना सिंह, शशिकांत ओझा, बिनोद सिंह, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, उपेन्द्र राय, लाल बिहरी सिंह, रवि शर्मा, धीरेन्द्र दुबे, मनीषा टोप्पो, रामसेवक सोनी, मकसुद आलम, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, दिलीप कुमार रवि, डॉ. प्रकाश कुमार, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, रजी अहमद, सदरूल होदा, बाबर अंसारी, उपेन्द्र कुशवाहा, रीतलाल मंडल, गोविंद राम, तसलीम अंसरी, ज्ञानी प्रसाद मेहता, संजय यादव, राजीव कुमार मेहता, कृष्णा यादव, सलीम रजा, दीपक गुप्ता, अर्जुन सिंह प्रखंड अध्यक्षों मे विकास यादव, बब्लू सिंह, पंचम पासवान, चन्द्र शेखर आजाद, जुबैर खान, विजय कुमार सिंह, मो0. माशूक, मनोज मोदी, डॉ0. बालेश्वर राम, जय कुमार, असीम कुमार, लालधन महतो, मुस्ताक अंसारी, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, मुकेश कुमार, मो0 कमरूउद्दीन, सुरेन्द्र कुमार सिंह के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

चार घर तोड़े, फसलों को रौंद डाला

## बड़कागांव विभिन्न गांव में पागल हाथी ने उत्पात मचाया

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरिया चूरू खाप, खैरातरी एवं बुढ़वा महादेव क्षेत्र में एक पागल हाथी शुक्रवार की रात उत्पात मचाया। हाथी ने चार घर तोड़कर तलाश कर दिया वही लाखों रुपए के फसल को नुकसान किया फिलहाल हाथी बुढ़वा महादेव क्षेत्र कि टुमारो जंगल में है। इस कारण बुढ़वा महादेव, डूमारो गुफा, जलप्रपात में आने वाले पर्यटक व दार्शनिक भयभीत है। इस संबंध में शिक्षण नारायण महतो ने बताया कि पागल हाथी ने धनेश्वर महतो, गल्लू महतो नारायण महतो का घर एवं तुलसी महतो का ऑफिस तोड़कर तहस-नहस कर दिया जिससे लगभग 500000 का नुकसान हो गया इसके बाद हाथी ने नारायण महतो, धनेश्वर महतो गल्लू महतो, बैजनाथ महतो, बालेश्वर महतो, बालेश्वर महतो के कुल दो लाख रुपए का मकई, धान के बिचड़े भिंडी, कद्दू, केला खीरा, बोदी के फसल को नष्ट कर दिया। किसानों ने बताया कि हाथी अगर फसल को नुकसान ही करता तो आने वाला समय में लाखों रुपए की कमाई होती। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दिया गया था।लेकिन वन विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे।

राष्ट्रव्यापी अभियान पर्यावरण के लिए जीवनशैली में सहर्ष भागीदारी ली है

## मेरु कैंप में 80 हजार पौधा लगाने का लक्ष्य: बन्याल



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग मेरु सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरु कैंप, हजारीबाग में महानिरीक्षक के एस बन्याल, के तत्वावधान में परिसर में उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों के द्वारा जुलाई के प्रथम पखवाड़ा में मेरू परिसर में ग्यारह हजार की संख्या में पौधे लगाए गए। इस प्रयास में बावा मेरू परिवार की भूमिका भी अनुकरणीय रही । रिहायशी क्वार्टर के आबंटी परिवार द्वारा बावा अध्यक्षा नीतू बन्याल, के आह्वान पर हर आंगन फलदार पौधे लगाए गए। सीमा सुरक्षा बल ने भारत सरकार की तरफ से चलाए जाने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान पर्यावरण के लिए जीवनशैली में सहर्ष भागीदारी ली है । सभी केंद्रीय पुलिस सुरक्षा बलों को इस वर्ष गृह मंत्रालय द्वारा 1.5 करोड़ पौधारोपण की जिम्मेवारी सौंपी गई है। सीमा सुरक्षा बल को गृह मंत्रालय द्वारा 3500000 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय हजारीबाग को इस वर्ष 80000 पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा गया है। संस्थान द्वारा देवी सरन सिंह, उप महानिरीक्षक (प्रशा0), जो स्वयं बागवानी में अत्यधिक रूचि एवं पर्याप्त अनुभव रखते हैं । की पहल पर ग्राफ्टिंग एवं बीजारोपण से इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अपनें संसाधनों से पौध तैयार की गई थी।

## चाणक्य एकेडमी में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में रविवार को यूपीएससी एवं जेपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे या तैयारी के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हजारीबाग, गिरीडीह, कोडरमा सहित अन्य जिलों के युवाओं की शिरकत हुई। मौके पर बतौर मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर और चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित कई अहम बातें मौजूद अभ्यर्थियों को बताई। साथ ही कहा कि जितनी संख्या में युवा इस काउंसलिंग में शामिल हुए हैं, उससे ऐसा लगता है कि यहां के युवाओं में सिविल सेवा के क्षेत्र में जाने की प्रबल चाहत भी है और क्षमता भी है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा की तैयारी बिल्कुल मुश्किल नहीं है। कोई भी व्यक्ति जो निम्नतम अहर्ता रखता है, वह उचित मार्गदर्शन में जरूरी मापदंडों का पालन कर इस परीक्षा में कामयाबी हासिल कर सकता है। चाणक्य आईएएस एकेडमी से पढ़कर अब तक 5000 से भी अधिक सिविल सेवकों में ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे। हालांकि उन्होंने बताया कि किसी भी अभ्यर्थी के लिए लक्ष्य निर्धारण आवश्यक है। बिना लक्ष्य के मंजिल तक पहुंचना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सीयूईटी का रिजल्ट भी घोषित हो चुका है।

## राज्य सरकार निजी स्कूलों को प्रताड़ित करना बंद करे: विनोद

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन ,हजारीबाग के द्वारा गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित फ्रेंच बीन होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष विनोद भगत ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार हम लोगों को स्कूल खोलने के लिए आग्रह करती है। और दूसरी तरफ नए कानून लाकर हम लोगों को प्रताड़ित करने का काम करती है। 2019 में एक नियमावली लायी गई। जिसमें शहर में स्कूल खोलने के लिए 25 कट्ठा एंव 50 कट्ठा जमीन को अनिवार्य बनाया गया था। जो स्कूल 20 साल 30 साल 40 साल पहले खोलें हैं। उस समय जिस स्कूल में जीतने बच्चे आए, क्लास वाइज और बच्चों की संख्या के अनुसार उतना बड़ा रूम बनाया गया। अब आपके नये कानून को पालन करने के लिए हम लोगों के पास कोई उपाय नहीं है। हमलोग स्कूलों के बचाव के लिए आरटीई नियमावली 2019 के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर किया है। जहां से हम लोगों को राहत दिया गया। अभी 18 मई को नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम सूचना भवन में हम लोगों की मीटिंग बुलाई गई थी। जिसमें बिल्डिंग का नक्शा, सोलर प्लेट, अग्नि शमन यंत्र लगाने का आदेश जारी किया गया। नहीं लगाने पर धमकी दी गई। कि 18 जून से आप लोगों का स्कूल बंद करवा दिया जायेगा। सोलर प्लेट, बिल्डिंग का नक्शा और अग्निशमन यंत्र लगवाने में लगभग 25 लाख का खर्च आयेगा। जो संभव नहीं है।

**प्रभात फेरी** | मठ व मंदिर बचाओ समिति ने ढोल बाजे एवं बेंजो के साथ चलाया अभियान

# जागरूकता सह प्रभात फेरी निकाली

- वक्ताओं ने अभियान की सफलता में आम जनों से सहयोग किया है
- श्रद्धालु जयकार लगाते बुढ़िया माता मंदिर पहुंचे

राष्ट्रीय खबर




**इचाक** : इचाक मेरा मंदिर मेरा अभिमान के तहत मेरा मठ मेरा मंदिर बचाओ समिति के तत्वाधान रविवार की सुबह लक्ष्मीनारायण बड़ा अखाड़ा मंदिर परिसर से जागरूकता सह प्रभात फेरी निकाली गई।जिसका नेतृत्व कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार और महासचिव मनोज मेहता ने किया। जागरूकता रैली सह प्रभात फेरी में विभिन्न गांव के सैकड़ों युवा राम भक्त शामिल हुए। प्रभात फेरी ढोल बाजे एवं बैंजू साथ निकाली गई। जिसमें गेरुआ वस्त्र धारण किए हाथों में पताका थामे,भक्त श्रद्धालु जयकार लगाते बुढ़िया माता मंदिर पहुंचे। जहां से थाना रोड होते हुए छोटा अखाड़ा, भगवती मठ पहुंचे झा, रैली सभा में तब्दील हो गई। संगठन के अध्यक्ष और सचिव ने कहा कि जागरूकता रैली का उद्देश्य इचाक के जर्जर मठ मंदिरों, तालाब, बाग बगीचा और सार्वजनिक भूमि के बचाव के साथ उसका जीणोर्धार करना उद्देश है। ताकि ऐतिहासिक धरोहर बाग बगीचो अस्तित्व बरकरार रह सके। वक्ताओं ने अभियान की सफलता में आम जनों से सहयोग किया है। प्रभात फेरी में उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता, सुनील कुमार वैद्य, सचिव गजेंद्र प्रजापति, परमेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार, सदस्य टिंकू मेहता, अविनाश मेहत, राहुल मेहता, सुनील मेहता, संजय मेहता, राम मेहता, दिलीप मेहता, आलोक सोनी, संदीप सोनी, सोनू सोनी, तुलसी मेहता,रविंद्र पासवान, पिंटू मेहता ,राजकुमार मेहता, छात्रधारी मेहता, निरंजन मेहता, रवि कुमार,दीपक प्रसाद, प्रेम कुमार, पिंटू कुमार, गौतम कुमार, हिमालय कुमार,उमेश प्रसाद ,निरंजन कुमार, अजय कुमार,श्रीकांत कुमार समेत आदर्श युवा संगठन, राम सेवा संगठन एवं हिंदु युवा संघ के सैकड़ों युवा कार्यक्रम में शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### सीआरपीएफ-154 बटालियन द्वारा वृक्षारोपण



**पीरटांड** : खुखरा थाना अंतर्गत खुखरा सीआरपीएफ-154 बटालियन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया सीआरपीएफ वाहिनी के कमांडेंट अच्युता नन्द के निदेर्शानुसार यह अभियान खुखरा के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया। जिसके अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम के मध्येनजर रखते हुये सीआरपीएफ 154 बटालियन के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने गाँव के स्थानीय लोगों के साथ मिलकर खुखरा डिग्री कॉलेज, खुखरा थाना एवं कैम्प एरिया में लगभग 1100 पौधे को लगाया। जिसकी जानकारी देते हुए सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीणा ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। जो हमे स्वच्छ जल वायु देने के साथ ही पर्यावरण को शुद्ध रखते है। स्थानीय लोगों एवं जवानों से उक्त पोधों की समय-समय पर देख रेख करने हेतु अनुरोध किया कि वह अपने सगे संबंधियों, पडोसियों व परिवारजनों को इससे होने वाले लाभों के बारे में अवगत करायें ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ वातारण दिया जा सके। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना के अलावे, खुखरा थाना प्रभारी अजित कुमार महतो, खुखरा पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, उपमुखिया गोवर्द्धन रजक, नीरज कुमार, राजेन्द्र ठाकुर, हीरामन साव के अलावे दर्जनों गाँव के अन्य गणमान्य बुजुर्ग एवं नोजवान उपस्थित थे ।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक मेहता निलंबित

**हजारीबाग** : हजारीबाग बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नयाटांड़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार मेहता को जिला शिक्षा अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संदर्भ में डीएसई आदेश जारी करते हुए कहा है। कि उपायुक्त हजारीबाग के पत्रांक सख्य 930/ सी 10 जुलाई के प्राप्त आदेश के आलोक में झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 1976 उल्लंघन के आलोक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयाटांड़ स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने 8 जुलाई को बड़कागांव प्रखंड के शिक्षकों के गुरु गोष्ठी में बड़कागांव के प्रखंड विकाश पदाधिकरी के साथ अभद्र आचरण करने मार पीट पर उतारू होने अनुशासन हीनता बरतने एवं सरकारी सेवक अंचार अचार नियमावली उल्लंघन करने के आरोप में तत्काल प्रभारी से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के अधीन कार्यवाही की जाती है। निलंबन अवधी के दौरान मुख्यालय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकरी के कार्यालय बरकट्ठा निर्धारित किया जाता है ।झारखंड सेवा संहिता की धारा 96में निहित प्रावधान के अंतर्गत निलंबन अवधी में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ हीं आरोप पत्र अलग से निर्धारित किया जायगा उक्त कार्यवाही की प्रति निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बड़कागांव बरकट्ठा एवं कोषागार पदाधिकारी हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतू प्रेषित किया गया है।

### भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष से मिले जिप उपाध्यक्ष

**बरही** : बरही सूबे में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी को नये प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी है। श्री मरांडी पूर्व निर्धारित सम्यानुसार भाजपा द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम मे 15 जुलाई को पदभार ग्रहण किया। राजधानी के बैंकवेट होल मे आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के कई दिग्गजों ने हिस्सा लिया। नये प्रदेश अध्यक्ष की पदभार ग्रहण करने पर हजारीबाग के जिप उपाध्यक्ष सह राज्य के जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता श्री किशुन यादव ने राजधानी में मिलन समारोह में शामिल होकर श्री बाबूलाल मरांडी को बधाई दिया।

### पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज

**इचाक** : थाना क्षेत्र के मुक्तमा गांव निवास सीमा देवी और पुत्र शिवांश कुमार मौत मामले में मृतिका के पति शंभू कुमार मेहता समेत तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ इचाक थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। मृतिका के पिता पाबरा गांव निवासी मटुक महतो ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि सीमा के पति शंभू कुमार मेहता और उसके ससुराल वाले बेटी को मायके से दहेज लाने को लेकर बराबर प्रताड़ित करते रहते थे।जिसके चलते सीमा और दामाद शंभू के बीच झगड़ा तकरार होते रहता था। बुधवार को पति पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद सीमा के ससुराल वालों ने बेटी और नाती को मार कर मारकर कुई में डालने का आरोप लगाया है। पुलिस मटुक महतो के आवेदन पर कांड संख्या 134/23 दर्ज करते हुए आरोपियों के धरपकड़ के लिए छापामारी शुरू कर दी है सभी आरोपियों को धारा 304 बी 34 भादवी के तहत आरोपी बनाया गया है।

### शादी की वर्षगांठ पर किया पौधारोपण

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर आठ के वार्ड सदस्य अंजू कुमारी पति पूर्व वार्ड सदस्य पत्रकार आनंद राज ने अपने द्वितीय शादी सालगिरह के शुभ अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक के लिए पौधे लगाकर द्वितीय शादी की वर्षगांठ मनाया।कहां प्राकृतिक को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधारोपण के अलावा जल-जंगल हरे-भरे रखना व संरक्षण करना सबकी भागीदारी होनी चाहिए। एवं प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक दो पौधा लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए। जिससे हमारे आने वाले पीढ़ी के साथ-साथ पर्यावरण को संतुलन बना रहे।

### वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने धनलक्ष्मी पुस्तक सदन को बेस्ट बिजनेसमैन का अवार्ड दिया



**इचाक** : इचाक धनलक्ष्मी पुस्तक सदन एवं स्कूल ड्रेसेस नगवा हवाई अड्डा नियर टोल प्लाजा डायरेक्टर ओम श्री मेहता को पूरे हजारीबाग में स्कूल किताब एवं ड्रेस व्यापार को लेकर के बेस्ट बिजनेसमैन के रूप में झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सम्मानित किया एवं कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देना समाज के लिए एक महत्वपूर्ण व गौरवान्वित बात है।

### संजीव बेदिया ने बड़कागांव का किया दौरा

**बड़कागांव** : बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने बड़कागांव का दौरा किया। बड़कागांव मुख्य चौक पर झामुमो कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने को लेकर गांव गांव का दौरा करेंगे ताकि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। स्वागत के पश्चात श्री बेदिया केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपने कार्यकताओं के साथ रवाना हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से झामुमो वरिष्ठ नेता संजय सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, मुखिया इलियास, अंसारी पूर्व केंद्रीय सदस्य झम्मन महतो, प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, मोहम्मद बबलू आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### वैज्ञानिकों ने बढ़ाया देश का मान : दिनेश

पलामू : चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग पर पूर्व 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष भाजपा नेता दिनेश प्रसाद गुप्ता ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि इसरो के इस सफलता पर देश के करोड़ों भारतीयों को गर्व है। जिन्होंने पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ओलचिकी लिपि को लेकर चर्चात्मक बैठक की गई

पाकुड : स्थानीय लडडू बाबू आम बागान में जिले के 6 प्रखंडों के बुद्धिजीवि द्वारा ओलचीकी लिपि को लेकर विशेष चर्चात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि चिकी लिपि का पूरे संताल परगना मैं विरोध किया जाएगा और झारखण्ड राज्य में लागू न हो, इस विषय को लेकर चर्चा की गई। सभी ,6 प्रखंड के लिए प्रखंड कमिटी बनाया गया। और आने वाले समय मेंअतिशीघ्र सड़क पर उतारकर आंदोलन करने का दृढ़ निश्चय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से साइमन हेंब्रम फिलिप किस्कू, सोबेन सोरेन, रवि टुडू, अभिषेक मुर्मू , जंतु सोरेन, अशोक हसदा भीम किस्कू,अभिषेक मुर्मू , लखन हेमरम, मार्क्स वास्की, भैरव मरांडी सौरभ आदि शामिल थे।

### वित्तिय जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पाकुड़ :जेएसएलपीएस एवं बैंक ऑफ इंडिया पाकुड के संयुक्त तत्वाधान में पाकुड सदर प्रखंड के झीकरहट्टी पश्चिमी पंचायत भवन एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंड के तालझारी पंचायत के करियोडीह गांव में गांव की सखी मंडल को मिले आत्मनिर्भरता का बल के तहत वित्तिय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भटकी हुई युवती को सकुशल सौंपा परिवार वालों को

महेशपुर (पाकुड़): थाना क्षेत्र के रामपुर गांव से भटक कर उत्तर प्रदेश के चंदौली जिला अंतर्गत सहाबगंज थाना क्षेत्र पहुंचने वाली 28 वर्षीय युवती लिली मरांडी को शनिवार को उक्त थाने के पुलिस अधिकारी सकुशल लेकर महेशपुर थाने पहुंचे। जहां महेशपुर पुलिस को घटना की जानकारी देने के बाद गांव के चौकीदार के साथ युवती के स्वजनों को बुलाया गया। जिसके बाद दोनों का पहचान करा कर कागजी कार्रवाई पूरी कर महेशपुर थाने के एएसआइ मृत्युंजय कुमार भी उपस्थित में युवती को उसके स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए यूपी सहाबगंज- थाने के एसआइ रामप्यारे सिंह एवं महिला आरक्षी नीतू भारती ने बताई की बीते 12 जुलाई को यह युवती भटकती हुई अवस्था में पाई गई थी। नाम पता पूछने पर उसने जो जानकारी दी उसके आधार पर महेशपुर थाने से मोबाइल पर संपर्क किया गया। उसके बाद युवती को उसको स्वजनों को सौंप दीया गया।

### महिला के साथ दो व्यक्ति ने की छेड़खानी

महेशपुर (पाकुड़): थाना क्षेत्र के एक गांव के 32 वर्षीय महिला के साथ दो व्यक्ति के द्वारा घर में घुसकर मारपीट करते हुए छेड़खानी करने तथा रुपया ले लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बीते आठ जुलाई की रात्रि का है। घटना को लेकर पीड़ित महिला ने बीते कल देर शाम गंगट्टा गांव के नामजद आरोपित खैरुल बसार, बिरकिट्टी गांव के छोटू शेख एवं मोबाइल संख्या 7306290970 एवं 9199578496 के मोबाइल धारक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाई है।

## अपराध

### पिता फेंकु मियां की मौत के बाद अपराध की दुनिया में आया टिंकू

# पुलिस ने फेंकु के पुत्र जीशान को हथियार सहित पकड़ा

- टिंकू ने कहा था अपने पिता की हत्या का बदला लेना है
- पहले भागलपुर का डॉन बनना चाहता था फेकू मियां
- कई थानों में आधे दर्जन से भी अधिक मामले में है फरार



दीपक नौरंगी

**भागलपुरः** भागलपुर में लगातार चार दशक से बदले की भावना से गैंगवार की बड़ी घटनाएं होती रही है। कई बड़े गिरोह का नाम भागलपुर में सुर्खियों में रहा लेकिन बबरगंज थाना क्षेत्र के चर्चित अपराधी रहे फेकू मियां का बेटा टिंकू मियां पुलिस के लिए सरदर्द बना हुआ है। उस पर करीब आधे से भी अधिक दर्जन मामले में वह फरार बताया जा रहा है भागलपुर पुलिस कई वर्षों से उसे गिरफ्तार करने में विफल साबित हो रही है। शनिवार को भागलपुर पुलिस ने टिंकू के पुत्र मोहम्मद जीशान को दो देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। भागलपुर पुलिस की यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। भागलपुर के दक्षिणी क्षेत्र में गिरफ्तार अपराधी के पिता का भय आम जनता के बीच किसी न किसी रूप में देखा जाता है।

टिंकू मियां भले ही भागलपुर का रहने वाला है लेकिन अभी पश्चिम बंगाल के मोटियाबुर्ज इलाके में पूरा परिवार सुरक्षित तरीके से रह कर अपना जीवन यापन कर रहा है। समय की नजाकत को देखते हुए एक बड़ा गैंग टिंकू ने पश्चिम बंगाल कोलकाता मोटियाबुर्ज इलाके में तैयार कर रखा है। वही से भागलपुर जिले में होने वाली हर बड़ी घटना की योजना तैयार होती है। ऐसा माना जाता है कि टिंकू मिया ने 15 से 18 वर्ष के लड़के को अपने गैंग में शूटर के रूप में तैयार किया है। सभी नौजवान लड़के को तरह-तरह की नशे की आदत है और उसी नशे की आदत किल्लत के कारण बंगाल से भागलपुर पहुंच कर कई घटना को अंजाम देने के बाद अपने स्थाई ठिकाना बंगाल के मोटियाबुर्ज इलाके में सुरक्षित पहुंच जाते हैं। भागलपुर की स्थानीय लोकल पुलिस और पुलिस के वरीय पदाधिकारी इनके गिरोह के कई बड़े अपराधी को पकड़ने में नाकामयाब साबित रही है। शनिवार को भागलपुर पुलिस ने टिंकू के बड़े पुत्र मोहम्मद जीशान को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है

**कौन था फेकू मियां जिसका पुत्र पुलिस के लिए बना है सर दर्द**

कौन था फेकू मिया जिसका पुत्र टिंकू जो पुलिस के लिए सरदर्द बना हुआ है मोजाहिदपुर इलाके का टिंकू मियां पर आधा दर्जन से ज्यादा कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह कुख्यात फेकू मियां उर्फ फकरूद्दीन का बेटा है। फेंकू की 2010 में गैंगवार में हत्या के बाद टिंकू और उसके भाइयों ने अपराध का दामन थाम लिया। 31 दिसंबर 2013 को टिंकू के घर से हथियारों का जखीरा पुलिस के हाथ लगा था। फेकू मियां फेंकू पर करीब 32 केस दर्ज था। भागलपुर के दक्षिणी इलाके से भी अभी कन्ना किताब पर वर्चस्व को लेकर टिंकू ने कई वारदात को अंजाम दिया है। वह कोलकाता के मोटियाबुर्ज इलाके से अभी अपने गैंग को ऑपरेट करता है।

दिसंबर 2016 को भागलपुर पुलिस ने कोलकाता मोटियाबुर्ज इलाके में छापेमारी कर टिंकू मियां और उसके भाई इम्तियाज को गिरफ्तार किया था। दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेने के लिए भागलपुर पुलिस ने कोलकाता के अलीपुर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में पेश किया था। जहां दोनों शातिर अपराधी भाईयों को इस शर्त पर जमानत दी गई थी कि भागलपुर कोर्ट में जाकर दोनों उपस्थित हो। लेकिन दोनों भाईयों ने कोर्ट के इस आदेश को नहीं माना और भागलपुर कोर्ट में सरेंडर भी नहीं किया था। टिंकू तब से पुलिस से भागा फिर रहा है।

### मंडलकारा में हुआ जेल अदालत का आयोजन

## कैदियों को दी गई कानून की जानकारी

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** झालसा रांची के निदेर्शानुसार रविवार को मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रफुल्ल कुमार , अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री निर्मल कुमार भारती, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव शिल्पा मुर्मू,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रफुल्ल कुमार ने कैदियों के हित से संबंधित एवम् प्ली बारगेनिंग समेत कई अहम कानूनी जानकारी कैदियों को देते हुए जागरूक की। बताया कि इस प्रक्रिया में आपराधिक मुकदमों का निपटारा शीघ्रता से होता है क्योंकि प्ले वारगेनिंग में न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्णय के विरुद्ध अपील नहीं की जा सकती और वह निर्णय अंतिम निर्णय होता है साथ ही हर स्तर पर न्यायाधीशों का कामकाज पर राज्यों की लागत की बचत करता है। ऐसे कई बिंदु पर प्रकाश डालते हुए कैदियो को कानूनी जानकारी दी गई। कोई सुलहनीय वाद नहीं रहने के कारण वाद का निष्पादन नही किया गया। मौके पर जेल अधीक्षक कुमार आशुतोष एवं जेलर ललन भारती मौजूद रहे।

## चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल विधायक नारायण दास से उनके आवास पर पहुंच कर ज्ञापन सौपा जिसमे देवघर जिले के स्वास्थ्य विभाग में आउटसोसिंग के तहत नियुक्त कर्मचारियों के मासिक पारिश्रमिक भुगतान में लाखों रुपये की हेराफेरी की बात करते हुए सहयोग का अनुरोध किया गया, जिसके आलोक में विधायक ने सिविल सर्जन देवघर को फोन कर इस मामले पर सही कारवाई करने का निर्देश दिया।

संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में आउटसोसिंग के तहत नियुक्त कर्मचारियों के पारिश्रमिक भुगतान में प्रतिमाह करीब पेंतीस लाख रुपये की हेराफेरी की जा रही है, इस संबंध में संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री को साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए कारवाई की मांग की गई है, मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र की कॉपी विधायक को देते हुए सहयोग की अपील की गई है। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसीडीह के पास एक बैठक कर आगे की रणनीति तय की गई। बैठक में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राज्य उपाध्यक्ष अरूण कापरी, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, सचिव अरूण प्रसाद यादव सहित आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष देवांशू कुमार, सचिव अजय कुमार रजवार,फाल्गुनी प्रसाद यादव, श्री प्रसाद यादव, कृष्णा यादव, मृत्युंजय चौबे राम शीष दास सहित दर्जनों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## भाजपा नेता ने बीड़ी श्रमिक अस्पताल खोलवाने के लिए केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र



राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ः यह शब्द पाकुड़ जिले के हजारों बीड़ी मजदूरों पर सटीक बैठ रहा है। क्योंकि पाकुड़ जिले के हजारों बीड़ी मजदूरों के लिए सरकार द्वारा बनाई गई बीड़ी अस्पताल इन दिनों भूत बंगला में तब्दील हो चुका है।चुनाव के समय बड़े बड़े वायदे करने वाले नेता जिस्म पर मरहम लगाकर वोट तो पा लेते हैं लेकिन बीड़ी मजदूरों के लिए बना एक मात्र बीड़ी अस्पताल रख रखाव के अभाव में बन्द कर दिए गए हैं। लाखों का सामान चोरी हो गया है।अबतक न तो बीड़ी मजदूरों पर मरहम लगाने वाले मिलें और न ही किसी ने इनके समस्याओं को राज्य सरकार के समक्ष रखा। इस लिए हम यह कह सकते हैं बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा है बेहतर भविष्य।

बेहतर भविष्य तभी होगा जबकि आप आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। हम में से शायद सभी को यह बात पता है कि एक संतोषजनक जीवन जीने के लिए जरूरी है कि हमारी वित्तीय स्थिति भी बेहद मजबूत और बेहतर हो। जैसा कि कहा जाता है,पैसा खुशी नहीं खरीद सकता है,लेकिन यह आपको अपना रास्ता चुनने की आजादी जरूर दे सकता है। इस सम्बंध में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने बीड़ी मजदूरों के हित में केंद्रीय मंत्री श्रम एवं रोजगार विभाग भारत सरकार नई दिल्ली भूपेन्द्र यादव को पत्र लिखकर बीड़ी मजदूरों एवं उनके परिजनों के लिए उचित स्वास्थ सुविधा मुहैया कराने की मांग की है। राय ने पत्र में उल्लेख किया है कि झारखंड राज्य के पाकुड़ जिले में लगभग 30 हजार श्रमिक बीड़ी कारोबार से जुड़े हुए है और इसी कारोबार के जरीये उनका एवं उनके परिवार को भरण पोषण वर्षो से होता आ रहा है।

### गणिनाथ नि:शुल्क सेवा शिविर का विधायक ने किया उदघाटन

**देवघर :** अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा देवघर जिला इकाई के द्वारा बाबा गनिनाथ निशुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन विधायक नारायण दास ने फीता काट कर किया इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित किया गया । विशिष्ट अतिथि के रूप में सूरज झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, महेश राय आजसू केंद्रीय सचिव, रवि केशरी कांग्रेस नगर अध्यक्ष, ध्रुव प्रसाद साह, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के दर्जनों लोग मौजूद थे। विधायक ने कहा कि अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा हलवाई समाज सदियों से समाज सेवा में अग्रणीय भूमिका निभाते रहे हैं । जब तक यह मेला रहेगा तब तक यहां व्यवस्था के साथ सेवा जारी रहेगी।

## जनसंपर्क

### 16 जुलाई को पुरे देश में

## कांग्रेस ने शुरू किया भारत जोड़ों की बात,आम जनों के साथ

राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** 16 जुलाई को पुरे देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा राहुल गांधी के द्वारा चलाए गए भारत जोड़ो यात्रा का अगली कड़ी 'भारत जोड़ों की बात,आम जनों के साथ' अभियान की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ देवघर जिला में जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश के द्वारा की गई । इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव तथा देवघर विधानसभा प्रभारी वैभव कुमार सिन्हा ने भाग लिया तथा कार्यक्रम के उपरान्त प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो की बात,



आमजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जो 5 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर समाप्त किया जाएगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी,प्रदेश डेलीगेट,जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमिटी,अग्रणी मोर्चा संगठन के नेता,पदाधिकारी इस कार्यक्रम के तहत लोगों के घर-घर जाकर मिलने का काम करेंगें एवं राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए फोटोग्राफ तथा वीडियोग्राफी कर सोशल मीडिया पर शेयर करेंगें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच नेता राहुल गांधी के संदेश को पहुंचाया जा सके।

साथ ही मंडल,पंचायत तथा बूथ स्तर तक संगठन के कार्य को अंतिम रूप देंगें। इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य ये है कि गत वर्ष 7 जुलाई को भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत किया गया था। इस दौरान राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर करीब चार हजार किलोमीटर पैदल चलकर पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की। उनके संदेश को हमें घर-घर तक पहुंचाना है।

## न्यूज फटाफट

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकुड़ के 11 खेलाड़ियों ने लिया भाग

पाकुड़ :झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर अंडर- 18 अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 15 एवं 16 जुलाई 2023 को बोकारो जिले के स्पोट्र्स कंपलेक्स चंदनकीयारी में झारखंड एथलेटिक्स संघ एवं बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित है। जिसमें पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से 11 सदस्य देर रात बनाचल एक्सप्रेस सेचंदनकियरी के लिए रवाना हुए एवं खेल के प्रारंभ से उपस्थित रहे। इनमें जोहन मरांडी( पकुड़िया) - 800मी, 1500 मी, अरीनेश सोरेन (पकुड़िया) - 100 मी, 200 मी,अनुराग गोस्वामी( पाकुड़) -हाई जंप, ट्रिपल जंप, सकल बास्की (पाकुड़) 3000 मी, 5000 मी, आनंद शेख (पाकुड़) - लॉन्ग जंप, 100मी, विमल टूडू ( महेशपुर)-200मी, लोंग जंप,अनिल किस्कू ( पाकुड़ )-800 मी, 3000 मी, कंचन हसंदा(हिरणपुर) ट्रिपल जंप ,800 मी, ईसाक हेंब्रम (महेशपुर) 1500 मी,लोंग जंप, थेमशान हेंब्रम( पकुड़िया) हाई जंप, शॉट पुट,बालिका वर्ग में अंडर 20- फुल कुमारी मढैया (पाकुड़) 400 मी, जैवलिन थ्रो में भाग लेंगे।टीम प्रबंधक भैरव चुंडा मुर्मू सहायक टीम प्रबंधक तारा मुर्मू। उक्त सभी खिलाड़ियों को उपायुक्त पाकुड़ वरुण रंजन , जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी , पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ सचिव रणवीर सिंह, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ऐ. शेखर गांगुली ,वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ,सुजीत विद्यार्थी ,पंकज अग्रवाल, नारायण चंद्र रॉय,अशोक कुमार सिन्हा, प्रवीण कुमार, राजेश कॉल प्रशिक्षक रेखा कुमारी ,कृष्णा कुमार, मृणाल चौरसिया,दीपक सिंह, आदि संघ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है । उक्त जाकारी रणवीर सिंह - सचिव- पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ - सह-संयुक्त सचिव झारखंड एथलेटिक्स संघ ने दी।

### डीएमएफटी संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा



पाकुड़ : समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में डीएमएफटी अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी अंतर्गत विभिन्न योजनाओं यथा पेयजल, स्वास्थ्य संबंधित योजना, आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मति एवं नये आंगनबाड़ी भवन केंद्र का निर्माण,पीसीसी का निर्माण एवं शिक्षण सामग्री की उपलब्धता समेत अन्य संबंधित सभी योजनाओं के संचालन की समीक्षा की गई। योजनाओं की क्रमवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है उन योजनाओं को तीव्र गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया। तथा जिनकी निविदा प्रक्रिया अपूर्ण है उनकी निविदा प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कर कार्य सम्पन्न कराएं। इसके अतिरिक्त उपायुक्त के द्वारा रात्रि चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। रात्रि चौपाल के दौरान लंबित आवेदनों के निष्पादन की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने पदाधिकारियों को लंबित आवेदनों को त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतें, पेयजल, 15 वे वित्त आयोग, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, आंगनबाड़ी, पेंशन आदि से संबंधित आवेदन जो लंबित है। उसका त्वरित निष्पादन करने का संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

### सहकारिता विभाग द्वारा लैम्प्स के सदस्यों एवं सचिवों के साथ बैठक संपन्न



पाकुड़ : प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में रविवार को सहकारिता विभाग के द्वारा प्रखंड के सभी लैम्प्स के सदस्य एवं सचिवों के साथ जिला सहकारिता पदाधिकारी रामनाथ प्रसाद दास की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सभी सदस्यों एवं सचिवों को बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सहकारिता विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराना है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को एक सौ मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम, 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम,पांच मेट्रिक टन क्षमता का सौर ऊर्जा संचालित कोल्ड रूम,जन औषधि केंद्र की स्थापना तथा सरकार द्वारा प्रदत की जा रही कार्यशील पूंजी के संबंध में जानकारी दीया। बैठक में सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी नौरिक रविदास, हिरणपुर के सहकारिता पदाधिकारी मोहन कुम्हार के अलावे अन्य मौजूद थे।

### विधायक ने की बैठक

पलामू : जिला में डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक आलोक चौरसिया के उपस्थिति में चैनपुर स्थित आवास में टिफिन बैठक संपन्न हुआ ,जिसमें मुख्य रुप से अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रभात कुमार ,एवं किसान मोर्चा के प्रदेश समन्वय आदरणीय भीष्म प्रसाद चौरसिया जिला महामन्त्री धीरेंद्र दुबे, जिला समन्वय भोला पांडे, जिला कार्य समिति सदस्य रामलव चौरसिया, रामकरेश चौरसिया तथा चैनपुर मंडल एवं पथरा मंडल के अध्यक्ष , महामंत्री, संयोजक और पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का लिया संकल्प

हरिहरगंज : हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत महा जनसंपर्क अभियान के दौरान बीजेपी कार्यकताओं ने रविवार को मेन रोड स्थित प्रखण्ड कार्यालय में टिफिन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलू बलराम और संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने की। इस दौरान बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं ने अपने अपने घरों से विभिन्न व्यंजनों से भरे टिफिन लेकर आने के बाद कार्यालय में ही जलपान किया। इसके पहले मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सामुहिक तौर पर वन्देमातरम गायन के बाद भारत माता की जयघोष के साथ ही आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वहीं देश के लोकप्रिय पीएम श्री मोदी और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों तथा योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि मौके पर सांसद प्रतिनिधि आरुण मिश्रा, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सिकंदर पासवान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चन्दन जायसवाल, किसान मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष मुन्ना मेहता, टंटु मिश्रा,सोशल मीडिया संयोजक अमित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र पासवान , पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता के साथ ही रामपुकार सोनी, पुकार कुमार,लखन साव, गणेश सौंडिक, राजेश सौंडिक, गुप्ता , रिंकू सौंडिक,अम्बुज सिंह,छोटु सिंह,करण राजवीर, विजय यादव, रामाशीष यादव, राजेश दास, कृष्णा सौंडिक ,भीमसेन शर्मा, मुन्ना जयसवाल,पवन कुमार,वीकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### आवास कर्मचारी तीन दिन रहेंगे हड़ताल पर

कोडरमा :प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण राज्य आवास कर्मचारी संघ 17 से 19 जुलाई तक कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। संघ गढ़वा जिले में प्रखंड समन्वयक की हत्या के विरोध समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे। संघ आवास कर्मियों के भविष्य की सुरक्षा को लेकर मांग कर रहे हैं। पूर्व में भी विभागीय मंत्री द्वारा आवास कर्मियों को हेल्थ इंश्योरेंस और ईपीएफ का लाभ देने की बात कही थी। लेकिन उस पर अभी तक अमल नहीं किया गया। मांगे नहीं माने जाने पर आगे की रणनीति के तहत आंदोलन किया जाएगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### आजसू पंचायत कमेटी का गठन



कुडू : प्रखंड के चिरी पंचायत में आजसू पार्टी का पंचायत कमेटी का गठन किया गया। पंचायत अध्यक्ष शंकर उरांव, सचिव बिनय लकड़ा, बालचन्द उरांव ,उपाध्यक्ष भारतेंदु इंदवार, संगठन सचिव मनोज लोहरा, सह सचिव अजय उरांव को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से शामिल झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी निरू शांति भगत, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला उपाध्यक्ष विजय उरांव ,प्रखंड उपाध्यक्ष रामविलास उरांव, प्रदीप भगत ,सुरेश उरांव, कार्तिक उरांव ,मिथलेस उरांव, सिकेन्द्र उरांव, मंगरा उरांव, कुलदीप उरांव सामील हुवे। उक्त आशय की जनकारी आजसू मिडिया प्रभारी नवाज खान ने दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### माले की 13 सदस्यीय ब्रांच कमेटी गठित

कोडरमा: भाकपा माले डोमचांच पश्चिम लोकल कमिटी द्वारा ग्राम बेहराडीह, मसनोडीह मे 13 सदस्यों की ब्रांच कमिटी का गठन किया गया। अध्यक्षता बबन मेहता ने किया। बेहराडीह के ब्रांच सचिव पंकज कुमार मेहता, मसनोडीह के ब्रांच सचिव कृष्ण कांत मेहता को बनाया गया। मौके पर उपस्थित जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने कहा, कि कोडरमा जिला के सभी गाँव मे कमिटी का गठन कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। बढते मंहगाई बेरोजगारी के खिलाफ जन आंदोलन को तेज किया जाएगा, भाजपा के केंद्र सरकार ने 9 वर्षो के शासनकाल में में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार बेटियों पर अत्याचार शोषण दमन बहुत तेजी से बढ़ा है संगठन को गांव स्तर पर मजबूत बनाकर आंदोलन को तेज किया जाएगा। बैठक मे बबन मेहता, सरोज मेहता, रामी मेहता, रंजीत मेहता, लक्ष्मन, राणा, मनोहर मेहता, सहबान अली, संतोष मेहता, हेमलाल मेहता, संजय मेहता, संत मेहता, सुभाष मेहता, शारदा ठाकुर, पंकज दास, राजु पंडित, नाथो तुरिया, सुशीला देवी, सुनीता देवी, कौशल्या देवी कई लोग उपस्थित थे।

### वाणी कंप्यूटर सेंटर में फाइनल परीक्षा

कोडरमा : रविवार को वाणी कंप्यूटर सेंटर, कोडरमा के दूसरा शाखा झुमरी तिलैया में एडीसीए, डीसीए, टैली और टाइपिंग का फाइनल परीक्षा लिया गया। जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित परीक्षा निरीक्षक के रुप में प्रोफेसर सह समाज सेवी राखी भदानी और ऑक्सब्रीज के निदेशक कुमार सौरभ उपस्थित थे। संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव, शिक्षिका मीना कुमारी, अमित कुमार, पंकज कुमार परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओं में दयानन्द कुमार, अन्नू कुमारी, स्नेहा, दीपक कुमार, हर्ष वर्मा, श्रुति कुमारी, रवि कुमार, बबलू कुमार इत्यादि मौजूद थे।

**चिकित्सा शिविर**

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया

# जरूरतमंदों का सेवा करना ही मानव का परम धर्म है: दीपक सर्राफ

**राष्ट्रीय खबर**

**कुडू** :सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 57 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया।आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच एवं चेकअप करवाकर लाभान्वित हुए,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों का सेवा करना ही मानव का पर्म धर्म है,जीव सेवा-नर सेवा ही नारायण सेवा है,और कहा कि लोग अपने सामर्थ के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा करके देखें मन को काफी संतुष्टि की अनुभूति होगी,डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस भागदौड़ की जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान नहीं रख पाते हैं,जिससे की आगे जाकर कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है,समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए,जिससे कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सुरक्षित रह सके,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे इस प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में अब तक काफी लोगों ने अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।आज भी लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर, वजन, बी.पी, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल, आदि का चेकअप करवाते हुए डॉ कुमुद से अपना इलाज करवा कर परामर्श लिए,डॉक्टर ने आज दो गंभीर बीमारी के रोगी का चेकअप करते हुए उन्हें परामर्श भी दिए!आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, शशि भूषण सिंह, गोपाल सिंह, अतुल सर्राफ, बसंती देवी, अंजली सर्राफ, अमितबांका, ओम प्रकाश, कृष्णा प्रसाद केसरी, हजारी साहू, गोपाल महतो, जुगल किशोर, सुबोध प्रसाद महतो, रीना उरांव, स्मृता उराईन, कमलेश उरांव, उदय कास्यंकार, अजय पोद्दार, सविता देवी, बबीता देवी, रामप्रसाद, मनोज अग्रवाल, अवनीश चंद्रा, निकिता सोनी, धर्मेंद्र सोनी आदि थे!



## भाजपा कार्यालय में टिफिन बैठक का किया आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**पेटरवार:** पेटरवार प्रखंड भाजपा कार्यालय में रविवार को प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल की अध्यक्षता में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन ओर गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भाजपा के निर्देश पर किया गया।टिफिन बैठक में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने के साथ- साथ राज्य सरकार की विफलताओं पर जनता के बीच जाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए भाजपा संगठन को ओर भी मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। टिफिन बैठक के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने अपने -अपने टिफिन बाट कर सामुहिक रूप से किया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मण कुमार नायक, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, जिप सदस्य प्रहलाद महतो, संजय सिन्हा, , कमलदेव करमाली, राजेश प्रसाद, मनोज शर्मा, अखिल मरांडी, शैलेश कुमार, नमन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर लगाया वाटर कूलर

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा :** झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व अध्यक्षयों के सम्मान मे आठ दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पहले दिन संस्थापक अध्यक्ष गोविन्द मेवाड़ के सम्मान में और जन सेवा से संबंधित कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.03 पर स्थायी अमृत धारा के तहत वाटर कूलर का अनावरण सोहनी देवी लड्डा के द्वारा फीता कट कर एवं प्रदीप हिसारिया द्वारा नारियल पधारकर इसका शुभारम्भ किया गया। वाटर कूलर हिसारिया परिवार के सौजन्य से प्रेरणा शाखा को उपलब्ध कराया गया। मौके पर सोहनी देवी लड्डा ने कहा की जल ही जीवन हैं और यह वाटर कूलर जनमानस को ठंडा और शुद्ध जल उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर सहायक मंडल अभियंता गझंडी उमाकांत प्रजापति ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच राष्ट्र सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा हैं। प्रेरणा शाखा का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। वहीं स्टेशन प्रबंधक रविन्द्र कुमार सीटीआई अरविन्द कुमार सिंह, यातायात निरीक्षक अरविन्द कुमार सुमन, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल ने कहा कि जल ही जीवन हैं और ये वाटर कूलर यात्रियों के साथ साथ रेलवे कर्मियों कि प्यास बुझाएगा और 24 घंटा यात्रियों को ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा। प्रेरणा शाखा का यह प्रयास मानवसेवा के लिए उपयोगी साबित होगा। प्रेरणा शाखा कि अध्यक्ष श्रेया केड़िया ने कहा कि सेवा कार्य ही प्रेरणा शाखा का प्रथम उद्देश्य हैं। राष्ट्रीय प्रकल्प अमृतधारा योजना के तहत ये तीसरा वाटर कूलर शुरू किया गया हैं। सचिव सारिका लड्डा ने कहा कि मंच चार उद्देश्यों पर कार्य कर रहा हैं। इसमें अमृतधारा के तहत पेयजल व्यवस्था, एम्बुलेंस व्यवस्था,दिव्यांगों के लिए कृत्रिम पैर मुहैया कराने के अलावा रक्त संग्रह, कन्या भ्रूण संरक्षण, पौधारोपण, गौ आहार जैसे कार्यक्रम चला रही हैं। मायूम के संयोजक अरविन्द चौधरी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य पनशाला (पेयजल), पाठशाला एवं गौशाला के प्रति कार्य करना मुख्य उद्देश्य हैं और पुरे राष्ट्र मे इसके प्रति युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति के तहत कार्य कर रही हैं। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष संदीप हिसारिया,सेवा भारती के सचिव आलोक कुमार सिन्हा,संजय,संतोष लड्डा,उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, उपस्थित थे।



## सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता आयोजित

**राष्ट्रीय खबर**

**झुमरीतिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस लूडो, चेस और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों के बीच हुई। प्रतियोगिता के पहले रांड में लूडो के बालिका वर्ग में पवन हाउस को प्रथम, आकाश हाउस को द्वितीय और पानी है उसको तृतीय स्थान मिला। वहीं बालक वर्ग में पवन, आकाश और धरती हाउस क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जबकि कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पवन, आकाश, धरती, बालिका वर्ग में पवन, धरती, आकाश को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में बालक वर्ग में पवन हाउस के आदित्य राज, धरती हाउस के जय कुमार, पानी हाउस के रौनक भारती, आकाश उसके सौरभ कुमार, बालिका वर्ग में आकाश हाउस की स्नेहा कुमारी, धरती हाउस की रितिका गुप्ता, पवन हाउस की नैंसी कुमारी, पानी हाउस की दीप शिखा गुप्ता, टेबल टेनिस बालक वर्ग में आकाश हाउस के आभाष जेठवा, पवन हाउस के प्रियांशु सिंह, पानी हाउस के रॉबिन कुमार, धरती हाउस के रौशन कुमार तथा बालिका वर्ग में पवन हाउस की घटिका जैन और पानी हाउस की रिया रानी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के सफल संचालन में पीटीआई राकेश पांडेय और कुंदन राणा का विशेष योगदान रहा। इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने कहा कि खेल-कूद भी शिक्षा का अभिन्न अंग है। इस क्षेत्र में भी बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं। छात्रों का सर्वांगीण विकास स्कूल की प्राथमिकता है। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने सफल प्रतिभागियों को बधाई और कहा कि खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। इसमें हार और जीत कोई मायने नहीं रखता है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेना अपनेआप में बड़ी बात होती है। मौके पर एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार, पायल सिंह समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।



## तालाब हुआ प्रदूषित, नहीं ली सुध : बसंत



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान का शुभारंभ किया। भागीरथ पासवान ने कहा कि अभियान के तहत लोगों के घर घर जाकर मिलने का काम किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरही राजकुमार यादव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा नीति केंद्र सरकार ने भारत की बुलंद आवाज को कुंद करने का प्रयास शुरू किया। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा देश की सबसे बड़ी यात्रा थी।उन्होंने कहा कि श्री गांधी ने यात्रा के दौरान आमलोगों को पार्टी भावी कार्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही कांग्रेस कार्यकाल की उपलब्धियों के संबंध में जनकारी दी। में कार्यक्रम के दौरान प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, जिला महासचिव राकेश पांडे, राम लखन पासवान, सईद नसीम, उपेन्द्र सिंह, अनिल यादव, फैयाज अब्बु केशर समेत अन्य लोग शामिल थे।

**आयोजन** ढोढाकोला पंचायत में बाल देखरेख व संरक्षण पर चौपाल का आयोजन

# लोग जागरूक होंगे तभी कुपोषण मुक्त बनेगा

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** समर्पण के द्वारा कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत ढोढाकोला पंचायत में प्रारंभिक बाल देखरेख एवं संरक्षण पर चर्चा हेतु सी-20 चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य द्रोपदी देवी, सेविका गीता देवी, सहिया रेणू देवी, क्रेच कार्यकर्ता कलवा देवी एवं गुड़िया देवी उपस्थित थे। द्रोपदी देवी ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य एक बहुत बड़ा मुद्दा है, जिसपर चर्चा करना बहुत हीं आवश्यक है। लोग जागरूक होंगे तभी कुपोषण मुक्त गांव बना सकते हैं। वहीं सहिया ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक देखभाल उसके घर से होती है जहां उनके माता पिता एवं अभिभावकों को ज्यादा केयर करने की जरुरत है और बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धातृ महिलाओं को समय समय पर टीकाकरण करवाना बहुत ही आवश्यक है। क्रेच कार्यकर्ता कलवा देवी ने कहा कि बच्चे ज्यादातर देखकर सीखते हैं इसलिए हमसभी को अच्छे से साफ सफाई के साथ रहना चाहिए ताकि बच्चे भी स्वच्छता के प्रति सावधानियां बरतेगें। समर्पण से परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा ने कहा कि सी-20 चौपाल कार्यक्रम का आयोजन करने का मुख्य उददेश्य लोगों को जागरूक करना है।




## न्यूज फटाफट

### चाकू से हमला करने को लेकर दिया आवेदन

**कोडरमा** :नवलशाही थाना क्षेत्र के कुंडीधनवार निवासी पंकज सिंह ने नईटांड निवासी उपेंद्र साव पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाते हुए नवलशाही थाना में आवेदन देकर उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन मे पंकज सिंह ने बताया है कि नईटांड निवासी उपेंद्र साव अवैध तरीके से शराब का व्यापार करता है। शनिवार की शाम चार बजे उक्त व्यक्ति ने शराब पीकर गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और उसपर चाकू से भी वार कर दिया। इससे उसकी ऊंगली कट गयी। वह किसी तरह से वहां से जान बचाकर भागा। आवेदन में पंकज ने बताया है कि उक्त व्यक्ति आए दिन किसी न किसी कारण से मारपीट करता रहता है। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन

**कोडरमा** :जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में दो विचाराधीन बंदियों को कारा मुक्त किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने बंदी यहां से निकलकर समाज के मुख्य धारा में शामिल हों और अपराध की दुनिया को छोड़कर समाज के नवनिर्माण में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार बंदियों को हरसंभव सहायता करने के प्रति कृत संकल्पित हैं। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार वर्मा ने बंदियों को प्ली बारगेनिंग सहित अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर को लीगल एड डिफेंस काउसिंल राजेन्द्र मंडल, आश्विनी शरण, ललन कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के प्रशांत कुमार वर्मा के न्यायालय में लंबित वाद के बंदी क्रमशः सुगंबर कुमार और सुधीर कुमार को दोष स्वीकारोक्ति के आधार कर जेल अदालत में कारा मुक्त किया गया। मौके पर प्रभारी कारापाल अभिषेक कुमार सिंह, जेल कर्मी राजीव रंजन, मैमुदीन अंसारी, न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, सुभाष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चार लोगों को गिरफ्तार के जेल भेजा

**मरकच्चा** :थाना कांड संख्या 52/23 के प्राथमिकी अभियुक्त फुलंगी यादव पिता स्व नूनी महतो तथा सोनू यादव पिता महादेव यादव तथा थाना कांड संख्या 53/23 के प्राथमिकी अभियुक्त सुरेश यादव पिता बासुदेव यादव, बिनोद यादव पिता लक्ष्मण यादव सभी साकीन कुशहना थाना मरकच्चो को गिरफ्तार कर रविवार को कोडरमा जेल भेज दिया गया ।जानकारी हो कि उक्त विवाद के बाद दोनों तरफ से आधा दर्जन से अधिक लोगों के ऊपर प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। वही आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी मामला दर्ज करते हुए दोनों तरफ से दो दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में जमीन विवाद संबंधित जो कोई मामला हो, वे अंचल कार्यालय मरकच्चो को आवेदन दे उसके बाद ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर, दो हाईवा जप्त



**जयनगर** :प्रखंड एनजीटी के रोक के बावजूद भी जयनगर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों से अवैध बालू का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। अवैध रूप से परिवहन एवं उत्खनन पर अंकुश लगाने को लेकर रविवार को जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में प्रखंड के जयनगर हिरोडीह से अवैध रूप से परिवहन एवं उत्खनन करते हुए एक ट्रैक्टर तथा तेतरौन से दो हाईवा को जप्त किया गया। जबकि 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि सुबह होते ही जयनगर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं परिवहन काफी धड़ल्ले से चल रहा है। मालूम हो कि एनजीटी का जून से 15 अक्टूबर तक बालू का उत्खनन एवं परिवहन करना पूरी तरीके से प्रतिबंध है। वहीं जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय ने बताया कि अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जून से 15 अक्टूबर तक बालू का परिवहन एवं उत्खनन पूरी तरीके से बंद है अगर कोई भी पकड़े जाते हैं तो उसके ट्रैक्टर जप्त करके चालक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि अवैध रूप से बालू के खिलाफ छापामारी अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित कई पुलिस के पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

### खपरैल के मकान में आग लगने से हजारों नुकसान



**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम धरगांव में रविवार की दोपहर खपरैल के मकान में आग लग जाने से हजारों की संपत्ति का नुकसान हो गया। गृह स्वामी ललिता देवी ने अग्निशामक पदाधिकारी को आवेदन देकर बताया कि आग कैसे लगा यह पता नहीं, लेकिन घर में रखे मेरा एवम केशिया देवी व पवन साव के चावल आटा आलू प्याज कपड़ा एवं सोना चांदी के जेवरात के लगभग लाख रुपए एवं नगद 50 हजार का नुकसान हुआ है। घर का 75 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह से जल गया। वही ग्रामीणों द्वारा नवलशाही पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना के बाद नवलशाही पुलिस व अग्निशमन कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाया।

### आम जनों के साथ शुरू की भारत जोड़ो यात्रा



**कोडरमा** : जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान का शुभारंभ किया। भागीरथ पासवान ने कहा कि अभियान के तहत लोगों के घर घर जाकर मिलने का काम किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरही राजकुमार यादव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा नीति केंद्र सरकार ने भारत की बुलंद आवाज को कुंद करने का प्रयास शुरू किया। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी की यात्रा देश की सबसे बड़ी यात्रा थी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, जिला महासचिव राकेश पांडे, राम लखन पासवान, सईद नसीम, उपेन्द्र सिंह, अनिल यादव, फैयाज अब्बु केशर समेत अन्य लोग शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### पश्चिम से बदला लेकर दक्षिण क्षेत्र बना दलीप ट्राफी चैंपियन




**बेंगलुरू :** खेल के हर विभाग में पश्चिम क्षेत्र को पछाड़ते हुये दक्षिण क्षेत्र ने रविवार को दलीप ट्राफी चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। पश्चिम क्षेत्र के कप्तान प्रियांका पंचाल (95) ने हार को टालने की पुरजोर कोशिश की मगर वासुकी कौशिक (36 रन पर चार विकेट) और साई किशोर (57 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के आगे उनकी टीम धराशायी हो गयी। दक्षिण क्षेत्र ने 14वीं बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है। इस जीत के साथ उसने पश्चिम क्षेत्र से पिछले साल मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। पिछले साल फाइनल में पश्चिम क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराया था। रविवार को दक्षिण क्षेत्र को जीत के लिये पांच विकेट की दरकार थी जिसमें सबसे बड़ी बाधा अंगद की तरह क्रीज पर पांव जमाये पांचाल थे। कवरप्पा ने हालांकि यह बाधा जल्द दूर कर दी जब उनकी गेंद पर पांचाल विकेट के पीछे लपक लिये गये। बाकी का काम साई किशोर ने एक के बाद एक विकेट चटकाते हुये पूरा कर दिया। अतीत सेठ (9) और धर्मेंद्र सिंह जडेजा (15) ने आठवें विकेट के लिए 23 रन जोड़े लेकिन वह हार को टालने में विफल रहे। दक्षिण क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 213 रन बनाये थे जिसके जवाब में पश्चिम की पहली पारी 146 रनों पर सिमट गयी थी। 67 रन की लीड के साथ दक्षिण के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी शुरू की और 230 रन बना कर पश्चिम को जीत के लिये 298 रनो का लक्ष्य दिया।

### मेसी ने इंटर मियामी के साथ किया आधिकारिक करार



**वाशिंगटन:** अर्जेंटीना को फीफा वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने वाले लियोनल मेसी ने इंटर मियामी क्लब के साथ आधिकारिक करार कर लिया है। क्लब की नंबर 10 शर्ट पहने हुए 36 वर्षीय महान खिलाड़ी का एक वीडियो शनिवार को इंटर के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया था। क्लब ने बाद में इसकी पुष्टि की कि दिसंबर 2025 तक मेसी इंटर मियामी क्लब के लिए ही खेलेंगे। मेसी ने कहा, '' मैं इंटर मियामी और संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने करियर का अगला कदम शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह एक शानदार अवसर है और हम साथ मिलकर इस खूबसूरत सफर को जारी रखेंगे। विचार यह है कि हमने जो उद्देश्य निर्धारित किए हैं उन्हें हासिल करने के लिए मिलकर काम करें। मैं यहां अपनी नई टीम में खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं। '' पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन स्टार 21 जुलाई को मैक्सिको के क्रूज़ अजुल के खिलाफ लीग कप मैच में इंटर मियामी के लिए पदार्पण करेंगे। जून में मेसी ने घोषणा की कि वह फ्लोरिडा संगठन में शामिल होने के लिए पीएसजी छोड़ रहे हैं, जिसका आंशिक स्वामित्व इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम के पास है। फॉरवर्ड ने तब से कहा है कि वह अपने करियर के आखिरी चरण का आनंद लेने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने पिछले दिसंबर में कतर में अर्जेंटीना के लिए फीफा विश्व कप जीतने का अपना अंतिम लक्ष्य हासिल कर लिया है। एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा, '' हमें बहुत खुशी है कि दुनिया के महानतम खिलाड़ी ने इंटर मियामी और मेजर लीग सॉकर को चुना। उनका निर्णय हमारी लीग और उत्तरी अमेरिका में हमारे खेल के पीछे की गति और ऊर्जा का प्रमाण है।'' मेसी मौजूदा समय में दुनिया के सबसे उम्दा फुटबाल खिलाड़ी माने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर में अब तक दो बार विश्व कप गोल्डन बॉल विजेता, तीन बार यूईएफए पुरुष खिलाड़ी ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता है।

**क्रिकेट** भारत की युवा तेज गेंदबाज अमनजोत के पदार्पण में चार विकेट

# महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश की टीम 152 रन पर सिमटी

- निगार सुल्ताना घरेलू टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं
- बारिश के कारण मैच 44-44 ओवर का कर दिया गया



**एजेंसियां**

**मीरपुरः** भारत की युवा तेज गेंदबाज अमनजौत कौर ने वनडे में पदार्पण पर 31 रन देकर चार विकेट हासिल किये जिससे बांग्लादेश की टीम रविवार को यहां बारिश से प्रभावित शुरूआती महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 43 ओवर में 152 रन पर सिमट गयी। करीब एक घंटे की बारिश के कारण मैच 44-44 ओवर का कर दिया गया और बांग्लादेश की टीम बादलों से भरे मौसम में अपने ही मैदान पर दबदबा नहीं बना सकी। वहीं भारत को अमनजोत के जादुई स्पैल तथा स्नेह राणा और दीप्ति शर्मा की किफायती गेंदबाजी से मदद मिली जिससे टीम ने शुरू से ही मेजबानों पर शिकंजा कस दिया। इस 23 साल की गेंदबाज अमनजोत ने सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून, फरगना हक, कप्तान निगार सुल्ताना और राबिया खान के विकेट झटके जिससे बांग्लादेश की टीम जूझती नजर आयी।

निगार सुल्ताना घरेलू टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं, उन्होंने शेरे बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में 39 रन की पारी खेलने के अलावा फरगना हक (27 रन) के साथ 49 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभायी। स्नेह राणा ने भारत को पहली सफलता दिलायी जब सलामी बल्लेबाज शर्मिन अख्तर आठवें ओवर में इस स्पिनर की गेंद पर रन आउट हो गयीं। गीली आउटफील्ड पर रन नहीं बना पाने के दबाव का असर शर्मिन पर दिखा जो मुर्शिदा के तेजी से रन लेने प्रयास में रन आउट हुईं और उन्होंने टीवी अंपायर के फैसले का भी इंतजार नहीं किया। 16वें ओवर के शुरू में बारिश की बाधा से एक से ज्यादा घंटे का खेल खराब हुआ और इसके बाद भी बांग्लादेश की धीमी रन गति जारी रही जिससे टीम 21वें ओवर के खत्म होने पर तीन विकेट पर 63 रन पर बनाकर जूझ रही थी।अनुभवी बल्लेबाज फरगना हक (27 रन) ने कप्तान निगार सुल्ताना के साथ अच्छी साझेदारी की लेकिन वह 21वें ओवर में अमनजोत का दूसरा शिकार बनीं। कप्तान सुल्ताना भी जल्द ही अमनजोत की गेंद पर पगबाधा आउट हो गयीं जिससे यह तेज गेंदबाज और भारतीय खिलाड़ी खुशियां मनाने लगे। विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे और बांग्लादेश की पारी एक ओवर पहले सिमट गयी क्योंकि अंतिम बल्लेबाज शोर्ना अख्तर चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरीं। इससे पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अमनजोत और बायें हाथ की स्पिनर अनुषा बारेड्डी ने वनडे पदार्पण किया जबकि शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पूनिया ने 2021 के बाद पहली बार भारतीय टीम में वापसी की। बांग्लादेश के लिए शोर्ना अख्तर ने अपना वनडे पदार्पण किया।

## खेल जगत अपडेट्स »

### पारूल चौधरी ने 5000 मीटर में रजत के साथ दूसरा पदक जीता



**बैंकॉक :** भारत की लंबी दूरी की दिग्गज धाविका पारूल चौधरी ने रविवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक के साथ अपना दूसरा पदक जीता। शुक्रवार को 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाली पारूल ने 5000 मीटर में 15 मिनट 52.35 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता। जापान की युमा यामामोटो ने 15 मिनट 51.16 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहीं। पारूल के नाम पर 5000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है जो 15 मिनट 10.35 सेकेंड का है। अंकिता ने इसी स्पर्धा में 16 मिनट 3.33 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले किशन कुमार और केएम चंदा ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीते।किशन एक मिनट 45.88 सेकेंड के समय के साथ कतर के अबुबाकर एच अब्दाला (एक मिनट 45.53 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में दो मिनट 1.58 सेकेंड का समय लिया। श्रीलंका की एमके दिसानायका दो मिनट 0.66 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहीं। इससे पहले किशन का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक मिनट46.17 सेकेंड जबकि चंदा का दो मिनट 1.58 सेकेंड था। प्रियंका गोस्वामी और विकास सिंह ने भी क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीते। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका ने महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल में एक घंटा 34 मिनट और 24 सेकेंड का समय लेकर चीन की यांग लिउजिंग (1:32:37) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। जापान की युकिको उमेनो ने 1:36:17 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। प्रियंका का सर्वश्रेष्ठ समय हालांकि एक घंटा 28 मिनट और 45 सेकेंड है। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय भावना जाट एक घंटा, 38 मिनट और 26 सेकेंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही। पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में विकास ने एक घंटा, 29 मिनट और 32 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया।

कप्तानी का लुत्फ उठा रहा हूं

## दक्षिण क्षेत्र का गेंदबाजी आक्रमण शानदार रहा: हनुमा विहारी

**एजेंसियां**



**बेंगलुरुः** हनुमा विहारी ने रविवार को यहां अपनी अगुआई में दक्षिण क्षेत्र को दलीप ट्राफी खिताब दिलाने के बाद कहा कि इस समय वह कप्तानी का लुत्फ उठा रहे हैं। विहारी ने फाइनल की दो पारियों में 105 रन का योगदान दिया। इस प्रदर्शन से निश्चित रूप से भारतीय टीम में वापसी के प्रयास को मजबूती मिलेगी लेकिन इस समय वह अपने इस कप्तानी के अनुभव का आनंद ले रहे हैं। विहारी अब पूरे घरेलू सत्र में मध्य प्रदेश के लिए खेलेंगे। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैंने कप्तानी का लुत्फ उठाया। और जब आपके पास ऐसी टीम हो तो आप कप्तानी का आनंद उठाओगे ही। विहारी ने दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजी आक्रमण की प्रशंसा करते हुए कहा, जब आपकी टीम में इस तरह का गेंदबाजी आक्रमण हो तो कप्तानी का दबाव कम हो जाता है। हमारी योजना थी कि उन्हें तीन रन प्रति ओवर से कम पर ले आयें और गेंदबाजों ने पूरी तरह से रणनीति पर अमल किया। बेहतरीन गेंदबाज कप्तान का काम वास्तव में आसान बना देते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के तीन तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा, विजयकुमार विशाक और वासुकी कौशिक की सराहना की।

## कैरी को लॉर्डस में जॉनी बेयरस्टो को आउट करने का खेद नहीं

**एजेंसियां**



**मैनचेस्टरः** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी को लॉर्ड्स में जॉनी बेयरस्टो को विवादास्पद तरीके से स्टंप आउट करने का कोई खेद नहीं है और उन्होंने कहा कि वह भी पहले इस तरह से आउट हो चुके हैं। एशेज के दूसरे टेस्ट मैच में कैरी के बेयरस्टो को आउट करने के तरीके पर विवाद पैदा हो गया था और कई विशेषज्ञों ने इसे खेल भावना के खिलाफ करार दिया था। मैच के चौथे दिन बेयरस्टो ऑल राउंडर कैमरन ग्रीन का बाउंसर छोड़ने के बाद यह सोच कर की गेंद ह्य डेड बॉलह्व हो चुकी है, क्रीज से बाहर निकल आए लेकिन कैरी ने गेंद विकेटों पर मार दी और इस तरह से बल्लेबाज स्टंप आउट हो गया।कैरी ने चौथे एशेज टेस्ट से पहले मैनचेस्टर में कहा, मैं भी कुछ अवसरों पर इस तरह से आउट हो चुका हूं और मैंने भी इससे पहले बल्लेबाजों को इस तरह से आउट करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, दक्षिण आस्ट्रेलिया में मेरे पहले ए ग्रेड के मैच में मैं इस तरह से आउट हो गया था। मैं तब क्रीज छोड़कर चला गया था। मैं निराश था लेकिन तब मेरा कप्तान मेरे पास आया और उन्होंने कहा कि अगली बार तुम्हें क्रीज पर पांव बनाए रखना याद रहेगा।

40 वर्ष की हुयी

# कैटरीना कैफ



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री कैटरीना कैफ आज 40 वर्ष की हो गयी। 16 जुलाई 1983 को हांगकांग में जन्मी कैटरीना कैफ मूल नाम कैटरीना टॉरकेटी ने 14 वर्ष की उम्र में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की। वह मॉडलिंग करने के उद्देश्य से मुंबई आयी थी लेकिन इस दौरान उनकी मुलाकात कैजाद गुस्ताद से हुयी। कैजाद गुस्ताद उन दिनों बूम बना रहे थे। उन्होंने कैटरीना को बूम में काम करने का प्रस्ताव दिया जिसे कैटरीना ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म बूम आपराधिक पृष्ठभूमि पर आधारित थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और जैकी श्राफ ने मुख्य भूमिका निभायी थी। कमजोर पटकथा के कारण बूम बॉक्स ऑफिस पर कोई धूम नहीं मचा सकी। वर्ष 2005 में कैटरीना कैफ को एकबार फिर से अमिताभ के साथ सरकार में काम करने का अवसर मिला लेकिन फिल्म की सफलता के बावजूद उन्हें कोई खास फायदा नहीं मिला। वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म मैने प्यार क्यों किया कैटरीना कैफ के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। बताया जाता है कि यह फिल्म कैटरीना को सलमान खान की वजह से मिली थी। कैटरीना कैफ के सिने करियर में उनकी जोड़ी खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के साथ काफी पसंद की जाती है। अक्षय और कैटरीना की जोड़ी सर्वप्रथम वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म 'हमको दीवाना कर गये' में एक साथ नजर आयी।

## राकेश मिश्रा का सावन स्पेशल गाना शिवाला हमरा गांव के रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना 'शिवाला हमरा गांव के' टीसीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। गाना शिवाला हमरा गांव के को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि आदिशक्ति देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की भक्ति में मेरा और एक गाना उन्हें और उनके श्रद्धालुओं को समर्पित है। इस गाने में भगवान भोलेनाथ को गांव वासी अपने गांव में स्थित शिवालय में इस सावन के महीने में बुला रहे हैं। गाने के इस थीम के साथ हमने दर्शकों को मनोरंजन और शिव वंदन के लिए इस संगीत को तैयार किया है। यही वजह है कि लोग इन्हें सुन भी रहे हैं और पसंद भी कर रहे हैं। सावन के महीने में देवघर जा रहे कांवरिया भी इस गाने को खूब एंजॉय कर रहे हैं। हम भोजपुरी के तमाम श्रोता गणों से आग्रह करेंगे कि आप इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। साथ ही इस गाने को इस साल का सबसे अधिक सुना जाने वाला गाना बना दे। गौरतलब है कि गाना शिवाला हमरा गांव के को राकेश मिश्रा और पुनिता प्रिया ने मिलकर गाया है ।

## रजनीकांत की फिल्म जेलर के गाना हुकुम का टीजर

**एजेंसियां**



**मुंबईः** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म जेलर के गाना हुकुम का टीजर रिलीज हो गया है। हाल ही में, फिल्म जेलर का गाना ह्यकावालाह्व रिलीज किया गया था। अब नये गाने ह्यहुकुमह्व का टीजर रिलीज किया गया है। टीजर में रजनीकांत को जेल से बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है। उनके आसपास गन और रिवाल्वर रखी नजर आ रही है। इस गाने का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। उन्होंने ट्विटर पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, हुकुम का टीजर जारी कर दिया गया है। रजनीकांत के धमाके भी के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म जेलर के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं। फिल्म जेलर में रजनीकांत, शिव राजकुमार, रम्या कृष्णन, योगी बाबु, वसंत रवि और विनायकन नजर आएंगे। दक्षिण भारतीय स्टार मोहनलाल इस फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस के तौर पर दिखेंगे। जैकी श्रॉफ भी इस फिल्म में नजर आएंगे।

## विक्रांत सिंह राजपूत को पांच फिल्मों के लिए किया साईन

**एजेंसियां**



**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत को फिल्म निर्माता प्रदीप सिंह की कंपनी वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन ने अपनी आगामी पांच फिल्मों के लिए साइन किया है। प्रदीप सिंह ने बताया कि विक्रांत सिंह राजपूत विशुद्ध अभिनेता है और उनमें किरदार को जीवंत करने की भूख कोटि-कोटि भरी है। हाल के दिनों में उनके फैंस की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। विक्रांत सिंह राजपूत को बड़े पर्दे से लेकर छोटे पर्दे तक में दर्शकों ने खूब प्यार दिया है। उम्मीद है कि हमारी पांचों फिल्म में भी विक्रांत सिंह राजपूत का जलवा कायम रहे और दर्शक उसे फिर से सर आंखों पर बिठा कर रखें।विक्रांत सिंह राजपूत के अंदर अभिनय की असीम क्षमताएं हैं। एक पेशेवर कलाकार होने के नाते हम दोनों को साथ काम करके बहुत मजा आने वाला है। वही विक्रांत सिंह राजपूत ने वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन और प्रदीप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भोजपुरी और भोजपुरी फिल्मों के मेकर्स से जो मुझे प्यार और स्नेह मिल रहा है।

**पुण्यतिथि** भारतीय सिनेमा जगत में एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है

# बंगला सिनेमा को विशिष्ट पहचान दिलाई कानन देवी ने

**एजेंसियां**

**मुंबईः** भारतीय सिनेमा जगत में कानन देवी का नाम एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने न सिर्फ फिल्म निर्माण की विद्या से बल्कि अभिनय और पार्श्वगायन से भी दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनायी। काननदेवी मूल नाम काननबाला का जन्म पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 1916 को एक मध्यम वर्गीय बंगाली परिवार में हुआ था। बचपन के दिनों में ही उनके पिता की मृत्यु हो गयी। इसके बाद परिवार की आर्थिक जिम्मवारी को देखते हुये कानन देवी अपनी मां के साथ काम में हाथ बंटाने लगी। कानन देवी जब महज 10 वर्ष की थी तब अपने एक पारिवारिक मित्र की मदद से उन्हें ज्योति स्टूडियो द्वारा निर्मित फिल्म जयदेव में काम करने का अवसर मिला। इसके बाद कानन देवी को ज्योतिस बनर्जी के निर्देशन में राधा फिल्मस के बैनर तले बनी कई फिल्म में बतौर बाल कलाकार काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1934 में प्रदर्शित फिल्म .मां. बतौर अभिनेत्री कानन देवी के सिने करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी। कुछ समय के बाद कानन देवी न्यू थियेटर में शामिल हो गयी। इस बीच उनकी मुलाकात राय चंद बोराल से हुयी जिन्होंने कानन देवी को हिंदी फिल्मों में आने का प्रस्ताव दिया।तीस और चालीस के दशक में फिल्म अभिनेता या अभिनेत्रियों को फिल्मों में अभिनय के साथ ही पार्श्वगायक की भूमिका भी निभानी होती थी जिसको देखते हुये कानन देवी ने भी संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा उस्ताद अल्ला रक्खा और भीष्मदेव चटर्जी से हासिल की । इसके बाद उन्होंने अनादी दस्तीदार से रवीन्द्र संगीत भी सीखा। वर्ष 1937 में प्रदर्शित फिल्म .मुक्ति. बतौर अभिनेत्री कानन देवी के सिने करियर की सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। पी.सी.बरूआ के निर्देशन में बनी इस फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद कानन देवी न्यू थियेटर की चोटी की कलाकार में शामिल हो गयी। वर्ष 1941 में न्यू थियेटर छोड़ देने के बाद कानन देवी स्वतंत्र तौर पर काम करने लगी। वर्ष 1942 में प्रदर्शित फिल्म .जवाब. बतौर अभिनेत्री कानन देवी के सिने करियर की सर्वाधिक हिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में उन पर फिल्माया यह गीत .दुनिया है तूफान मेल. उन दिनों श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद कानन देवी की हॉस्पिटल. वनफूल और राजलक्ष्मी जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। वर्ष 1948 में कानन देवी ने मुंबई का रूख किया। इसी वर्ष प्रदर्शित चंद्रशेखर बतौर अभिनेत्री कानन देवी की अंतिम हिंदी फिल्म थी। फिल्म में उनके नायक की भूमिका अशोक कुमार ने निभायी। वर्ष 1949 में कानन देवी ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया। अपने बैनर श्रीमती पिक्चर्स के बैनर तले कानन देवी ने कई सफल फिल्मों का निर्माण किया।वर्ष 1976 में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कानन देवी के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुये उन्हें फिल्म जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## प्रदेश >> अपडेट

### आधा किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने फिरोजपुर जिले में ढुकची गांव के धूशी से दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 508 ग्राम अफीम बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि शनिवार की रात के समय विशेष सूचना पर बीएसएफ द्वारा गांव ढुकची के धूशी के बाहरी इलाके में एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### फर्रुखाबाद में गंगा में डूबकर युवक की मौत

**फर्रुखाबाद :** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र में रविवार गंगा स्नान करते समय एक युवक की डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उखरा का निवासी सुरजीत उम्र करीब (22) कल शनिवार को अपनी ससुराल राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर जोगराजपुर निवासी ससुर संतोष शर्मा के यहां आया था। आज करीब 9:30 बजे युवक सुरजीत अपने साले आलोक,व अजय के साथ गांव से करीब 100 मीटर दूर, गंगा में स्नान करने गया। जहां साले -बहनोई सभी, गंगा स्नान करने लगे। इसी दौरान बहनोई, सुरजीत की स्नान करते-करते गहरे जल में डूब करमौत हो गई। बहनोई के गंगा में डूबते ही मची चीख पुकार पर परिजन एवं ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए तथा पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के करीब 02 घंटे बाद मृतक सुरजीत के शव को गंगाजल से बाहर निकाला। थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शासन आपल्या दारी कार्यक्रम से राज्य के 75 लाख लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान

**नासिक :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि शासन आपल्या दारी कार्यक्रम ने राज्य के 75 लाख लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। श्री शिंदे ने शनिवार को यहां ह्यशासन आपल्या दारीह्व के जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह अब एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक जन आंदोलन बन गया है, जिससे लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने दावा किया कि शासन आपल्या दारी अभियान के माध्यम से नासिक जिले में 10 लाख से अधिक नागरिकों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए बचत समूहों को अधिक पूंजी प्रदान करने के लिए विभिन्न जन-उन्मुख योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि इसके लि 75,000 पद एक ही समय में भर दिया जाएगा।

### सोनभद्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 20 भेड़ों की मौत

**सोनभद्र :** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के चोपन थानाक्षेत्र में बीती रात में हुई तेज बारिश के समय में गिरी आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 20 भेड़ों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदलगंज गांव निवासी रामजतन, शिवकुमार, रामबली ,रामदयाल, जगन्नाथ पाल, बलवंत पाल रामवृक्ष पाल, गणेश पाल और शिवनारायण पाल आदि लोगों की भेड़ रात में एक ही जगह एक साथ खड़ी थी। देर रात शुरू हुई बरसात एवं गरज चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरने से लगभग 20 भेड़ उसकी चपेट में आ गए, जिससे की मौत हो गई इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों के मौत के बाद मालिकों में हड़कम्प मच गया। पीड़ितों के घटना की जानकारी पुलिस को दिया है।

---

**आरोप** | हिंसा प्रभावित कई क्षेत्रों का दौरा करने वाले नंदीग्राम से भाजपा विधायक ने कहा कि

# बंगाल में टीएमसी का 'जंगल राज' खत्म करना होगा: सुवेंदु

- 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल ने आतंकवादी रणनीति को अपना लिया है
- 'आतंकवादी गतिविधि' का सहारा लेने का आरोप लगाया है

**राष्ट्रीय खबर**



**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद की तरह ही 'आतंकवादी गतिविधि' का सहारा लेने का आरोप लगाया है और कहा है कि राज्य के तृणमूल के 'जंगल राज' को समाप्त करना होगा। श्री अधिकारी ने कहा, ''2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल ने आतंकवादी रणनीति को अपना लिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल के 'जंगल राज' के खात्मे का समय आ गया है। यह अधिक दिनों तक नहीं चल सकता।'' शनिवार को हिंसा प्रभावित कई क्षेत्रों का दौरा करने वाले नंदीग्राम से भाजपा विधायक ने कहा कि उन्होंने पंचायत चुनाव से प्रभावित कई उम्मीदवारों और भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, जो ''तृणमूल के गुंडों द्वारा की जा रही नासमझी भरी हिंसा का शिकार हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा,''सबसे पहले मैंने हावड़ा जिले के अमता ब्लॉक में अमोरागोरी ग्राम पंचायत क्षेत्र के काकरोल गांव का दौरा किया। मैं यह देखकर दंग रह गया कि कैसे दो महिला उम्मीदवारों और छह अन्य कार्यकर्ताओं के घर तृणमूल के गुंडों द्वारा जानबूझकर आग लगाए जाने के बाद जलकर राख हो गए।'' उन्होंने कहा,''हमेशा की तरह पुलिस ने मदद के लिए उनकी गुहार नहीं सुनी। मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनके घरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा और मैं न्याय कानूनी लड़ाई लड़ने में उनकी मदद करूंगा।'' श्री अधिकारी दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर में जयनगर भाजपा संगठनात्मक जिला कार्यालय भी गए, जिसे एक सुरक्षित घर में बदल दिया गया है, जिसमें आठ महिलाओं सहित सौ से अधिक भाजपा उम्मीदवारों और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को आश्रय दिया गया है। उन्होंने ट्वीट किया,''वे चुनाव के बाद की हिंसा के पीड़ित हैं और अपनी जान के डर से अपने घर छोड़ चुके हैं। मैंने उनसे मुलाकात की और उन्हें कानूनी और चिकित्सा सहायता सहित हर संभव मदद का आश्वासन दिया।'' वह कोलकाता में माहेश्वरी सदन भी गए, जिसे एक अन्य सुरक्षित घर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों के 150 से अधिक भाजपा उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं ने शरण ले रखी है। गौरतलब है कि पिछले महीने ग्रामीण चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद से बंगाल में पंचायत चुनाव संबंधी हिंसा में मरने वालों की संख्या 54 हो गई है।

## प्रस्तावित समान नागरिक संहिता भारत में संभव नहीं : खलीक

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** असम में बारपेटा से कांग्रेस सांसद अब्दुल खलिक ने कहा है कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में संभव नहीं है। श्री खलिक ने 'यूनीवार्ता' से बातचीत में कहा कि भारत में संस्कृतियों, विभिन्न जनजातियों और धर्मों की विविधता है इसलिय यहां यूसीसी संभव नहीं है। इसके तौर-तरीके क्या हैं, इसके लिए सबसे पहले आपको मसौदा प्रकाशित करना होगा और फिर इस पर कुछ चर्चा हो सकती है। इसके बावजूद यदि आप (सरकार) यूसीसी के लिए जाना चाहते हैं, तो यह सभी के लिए लागू होना चाहिए। इसमें कोई छूट नहीं होनी चाहिए अन्यथा यह अर्थहीन साबित होगी। मणिपुर की स्थिति पर श्री खलिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें संघर्षग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री हर मामले पर ट्वीट करते हैं। अब तक उन्होंने राज्य के लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील नहीं की। उन्हें मणिपुर का दौरा करना चाहिए। उन्होंने मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने में कथित विफलता के लिए राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को बर्खास्त करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि श्री सिंह के नेतृत्व वाली सरकार पूरी तरह से विफल हो गयी है और इसे बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से स्थिति का जायजा लेने के लिए मणिपुर में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं लोकसभा अध्यक्ष से स्थिति का जायजा लेने के लिए मणिपुर में एक सर्वदलीय टीम भेजने की अपील करता हूं। इससे पहले कांग्रेस ने कहा था कि वह मणिपुर की स्थिति पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में चर्चा की मांग करेगी और चाहती है कि प्रधानमंत्री इस मसले पर संसद और देश को विश्वास में लें।

इज़रायल में 150 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की

## इजरायल में न्यायिक सुधार के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर उतरे



**एजेंसियां**

**तेल अवीव:** इजरायल में सरकार के विवादास्पद न्यायिक सुधार के विरोध में लगातार 28वें शनिवार को हजारों लोग तेल अवीव की सड़कों पर उतरे। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को पूरे इज़रायल में 150 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की। क्राउड सॉल्यूशंस के अनुमान के मुताबिक सिर्फ तेल अवीव में लगभग 150,000 लोग एकत्र हुए हैं। विरोध प्रदर्शन के आयोजकों ने कहा कि कुल मिलाक, शनिवार को पूरे इज़रायल में लगभग 400,000 लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इजरायल की संसद (नेसेट) ने सोमवार को पहले वाचन में सुधार के प्रमुख खंडों में से एक को पारित कर दिया, जिससे सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को अनुचित ठहराकर उन्हें रद्द करने की सुप्रीम कोर्ट की शक्ति पर रोक लगा दी गई। यदि विधेयक प्रभावी हो जाता है, तो सरकार को अपने निर्णयों को बढ़ावा देने और अधिकारियों का चुनाव करने में अधिक शक्ति मिल जाएगी। इसको लेकर यहां इस सप्ताह प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि सरकार संसद को सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को पलटने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए न्यायिक सुधार के सबसे विवादास्पद हिस्से को छोड़ देगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष महीनों से सुधार के बुनियादी प्रावधानों पर सहमत होने में असमर्थ रहे हैं, जो संभवतः सरकार को एकतरफा कानून को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। उल्लेखनीय कि मसौदा कानून का उद्देश्य इज़रायल में न्यायपालिका को हिला कर रख देना है। यदि इसे अपनाया जाता है, तो यह सुप्रीम कोर्ट की उस शक्ति को कम कर सकता है, जिसके तहत वह कानूनों की समीक्षा करने और उन्हें रद्द करने का फैसला लेता है, जिन्हें वह असंवैधानिक मानता है। इसके साथ ही न्यायाधीशों के चयन में सरकार को अधिक अधिकार मिल सकता है।

## मादक पदार्थों पर सम्मेलन को संबोधित करेंगे शाह

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली:** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को यहां' मादक पदार्थ तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के दौरान श्री शाह के नेतृत्व में मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो द्वारा सभी राज्यों के मादक पदार्थ रोधी कार्य बलों के साथ समन्वय से देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 2,416 करोड़ रुपये मूल्य के एक लाख 44 हज़ार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा। नष्ट किए जाने वाले मादक पदार्थों में ब्यूरो की हैदराबाद इकाई द्वारा 6590 किलोग्राम, इंदौर द्वारा 822 किलोग्राम और जम्मू द्वारा 356 किलोग्राम नशीले पदार्थ नष्ट किए जाएँगे। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों की विधि प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा असम में 1,486 किलोग्राम, चंड़ीगढ़ में 229 किलोग्राम, गोवा में 25 किलोग्राम, गुजरात में 4,277 किलोग्राम, हरियाणा में 2,458 किलोग्राम, जम्मू- कश्मीर में 4,069 किलोग्राम, मध्य प्रदेश में 1,03,884 किलोग्राम, महाराष्ट्र में 159 किलोग्राम, त्रिपुरा में 1,803 किलोग्राम और उत्तर प्रदेश में 4,049 किलोग्राम समेत कुल 1,44,122 किलोग्राम मादक पदार्थो की नष्ट किया जायेगा।

सरकार ने नशामुक्त भारत बनाने के लिए नशीली दवाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। एक जून 2022 से। इस वर्ष 15 जुलाई तक ब्यूरो की सभी क्षेत्रीय इकाइयों तथा राज्यों के कार्रवाई बलों ने मिलकर करीब 8,76,554 किलो ग्राम जब्त मादक पदार्थो को नष्ट करने में सफलता प्राप्त की है, जो लक्ष्य से 11 गुना से भी अधिक है।

## घर-घर मेडिकल सहायता सुनिश्चित करें : डॉ. बलबीर

**एजेंसियां**

**गिद्दड़पिंडी :** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने सब डिवीजन शाहकोट के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर मौजूदा स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमों को घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य लोगों की जांच और आवश्यक दवाएँ निःशुल्क उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये हैं। रविवार सुबह गिद्दड़पिंडी और मंडाला छन्ना पहुंचे डा. बलबीर सिंह ने बाढ़ प्रभावित गांवों के लिए तैनात मेडिकल टीमों से बातचीत की और लोगों को आ रही स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पानी का स्तर कम होने से मेडिकल टीमों को लोगों के घरों तक पहुंचने में आसानी होगी और डाक्टरों के नेतृत्व में यह टीमें लोगों के घरों तक जाकर मैडीकल जांच सुनिश्चित बनाए। जिन क्षेत्रों में पानी का स्तर अभी भी ज्यादा है, वहां जरूरत पड़ने पर किश्ती से हर संभव मैडीकल सेवाएं पहुंचाने को प्राथमिकता दी जाए, ताकि समय पर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकें। डॉ. सिंह ने मंडाला छन्ना में राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल से मुलाकात की और क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने संत सीचेवाल को बताया कि पंजाब सरकार द्वारा इन क्षेत्रों के लिए 25 मेडिकल और 16 रैपिड रिस्पांस टीमें तैनात की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मेडिकल सहायता हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंच सके।

**आस्था** | सोमवार 17 जुलाई को भगवान महाकाल की दूसरी सवारी

# चन्द्रमोलेश्वर स्वरूप में अपने भक्तों को देंगे दर्शन

- सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जायेगी
- क्षिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा

**राष्ट्रीय खबर**



**उज्जैन:** मध्यप्रदेश के उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर की श्रावण और भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में दूसरे सोमवार कल 17 जुलाई को श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में तथा हाथी पर श्री मनमहेश के रूप में विराजित होकर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर संदीप कुमार सोनी ने बताया कि महाकालेश्वर भगवान की सवारी निकलने के पूर्व मंदिर के सभामंडप में भगवान चन्द्रमोलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन होगा। उसके पश्चात पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि सवारी परंपरागत मार्ग महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाडी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी, जहां क्षिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ की धर्मशाला, कार्तिक चौक खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होती हुई पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका में गोलीबारी, चार की मौत

**वाशिंगटन :** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की घटना जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा से लगभग 45 किमी दूर शनिवार सुबह लगभग 10:45 बजे दक्षिण-पश्चिमी हेनरी काउंटी में हैम्पटन शहर के डॉगवुड लेक्स क्षेत्र में हुई। हैम्पटन पुलिस प्रमुख जेम्स टर्नर ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पीड़ितों में तीन पुरुष और एक महिला थी। उन्होंने कहा कि पुलिस जासूस कम से कम चार अपराध स्थलों की जांच कर रहे हैं। पुलिस अभी भी संदिग्ध की तलाश कर रही है। संदिग्ध की पहचान 41 वर्षीय स्थानीय निवासी आंद्रे लॉन्गमोर के रूप में हुई है। हैम्पटन पुलिस विभाग ने संदिग्ध की एक तस्वीर और विवरण जारी किया, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 2017 काली जीएमसी अकाडिया चला रहा था और एक काली हैंडगन ले जा रहा था। अधिकारियों ने गोलीबारी के बारे में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से पुलिस से संपर्क करने की अपील की है।पुलिस विभाग ने अपने फेसबुक पेज पर कहा, ''पास मत आएं, अगर आप उसे देखें, तो 911 पर कॉल करें।

### सेवस्तोपोल में रुसी बलों की कार्रवाई में एक ड्रोन नष्ट

**मॉस्को :** क्रीमिया के रूसी बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल में सेना ने मंगनरी केप के ऊपर एक और ड्रोन को नष्ट कर दिया है। यह जानकारी गवर्नर मिखाइल रज़्वोझायेव ने दी है। श्री रज़्वोझायेव ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली और नौसेना बल केप खेरसोन, सेवस्तोपोल खाड़ी और बालाक्लावा के आसपास समुद्र के ऊपर सेवस्तोपोल पर एक ड्रोन हमले को नाकाम कर रहे थे, जिसमें कुल आठ यूएवी शामिल थे। कोई हताहत या क्षति नहीं हुई। उन्होंने कहा, अद्यतन आंकड़ों के अनुसार केप मंगनरी के पास एक और ड्रोन को मार गिराया गया। कुल मिलाकर दो यूएवी को रात भर में मार गिराया गया और पांच को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध बलों द्वारा पिछे हटने के लिए मजबूर कर दिया गया। बाहरी रोडस्टेड में दो सतह ड्रोन भी नष्ट कर दिए गए।

### यूक्रेन के कई क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन

**कीव :** युद्धग्रस्त यूक्रेन के कई क्षेत्रों में शनिवार शाम हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। यूक्रेन के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के ऑनलाइन मानचित्र के मुताबिक शनिवार को अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक लगभग 18:51 बजे मायकोलाइव, सुमी, पोल्टावा, खार्किव, निप्रॉपेट्रोस, किरोवोग्राद और ओडेसा के यूक्रेनी क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज उठे। यूक्रेन के न्यूज चैनल सस्पिलने ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट बताया कि सुमी में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यूक्रेनी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार खार्किव में भी कई विस्फोट हुए। स्थानीय समय के अनुसार लगभग आधी रात को, सुमी, पोल्टावा, खार्किव, निप्रॉपेट्रोस तथा किरोवोह्रद के क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी प्रभावी थी। रूस द्वारा 10 अक्टूबर (क्रीमियन ब्रिज पर हमले के दो दिन बाद) से यूक्रेनी बुनियादी ढांचे के खिलाफ सटीक हमले किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी में यूक्रेनी पावर ग्रिड ऑपरेटर उक्रनेर्गो के प्रमुख ने कहा था कि रूसी हमलों के कारण यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को सीधे हुए नुकसान की राशि करोड़ों डॉलर हो सकती है, जिससे देश को अरबों का आर्थिक नुकसान हो सकता है।

### सूडान में आरएसएफ ने किया ड्रोन से हमला, पांच की मौत, 22 घायल

**खार्तूम :** सूडान के सशस्त्र बलों ने कहा है कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने ड्रोन के जरिए ओमडुरमैन शहर में स्थित एक अस्पताल को निशाना बनाया है, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। सूडानी सेना ने शनिवार को बताया कि हमला राजधानी खार्तूम के उत्तर-पश्चिम में स्थिति ओमडुरमैन में सैन्य चिकित्सा कोर अस्पताल के आपातकालीन परिसर पर हुआ। सेना ने आरएसएफ पर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और युद्ध के सभी प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। बयान में कहा गया है कि अस्पताल के आपातकालीन परिसर में इसकी स्थापना के बाद से नागरिकों और सैन्य कर्मियों दोनों के आपातकालीन मामले समान रूप से आते हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि सैन्य अस्पताल के आपातकालीन विभाग में आरएसएफ के हमले में चार नागरिक मारे गए और चार अन्य घायल हुए हैं। आरएसएफ की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

### द. कोरिया में बारिश, भूस्खलन से मरने वाले की संख्या 30 हुई

**सोल :** दक्षिण कोरिया में भारी बारिश और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 30 से अधिक हो गई है, जबकि 10 से अधिक लोग लापता हैं। द. कोरिया की योजना न्यूज एजेंसी ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले एजेंसी ने शनिवार को केंद्रीय आपदा एवं सुरक्षा प्रतिवाद मुख्यालय का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया था कि बाढ़ और भूस्खलन के बीच कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, सात घायल हो गए और तीन लापता हैं। आपदा अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मरने वालों की संख्या 32 है।

### आज का इतिहास

- 1429 : डोफिन की फ्रांस के राजा के रुप में ताजपोशी।
- 1489 : निजाम खान को सिकंदर शाह लोदी द्वितीय के नाम से दिल्ली का सुल्तान घोषित किया गया।
- 1549 : यूरोपीय देश बेल्जियम के घेंट इलाके से यहूदियों को बाहर निकाला गया।
- 1712 : इंग्लैंड, पुर्तगाल और फ्रांस ने युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किया।
- 1850 : हार्वर्ड वेधशाला ने तारों का पहला फोटोग्राफ लिया।
- 1893 : इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने।
- 1898 : स्पेन की सेना ने क्यूबा के सेंटियागो क्षेत्र में अमेरिका के समक्ष आत्मर्समपण किया।
- 1906 : क्लेमेंट आर्मंड फैलिएरेस फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए।
- 1917 : जॉर्ज पंचम ने परिवार का उपनाम बदलकर विंडसर कर दिया। इससे पहले यह शाही परिवर जर्मनी शाही घराने 'साक्से कोबुर्ग एंड गोथा' के नाम से जाना जाता था।
- 1918 : रूस के जार निकोलस द्वितीय और उनके परिवार की हत्या कर दी गई।
- 19 l9 : यूरोपीय देश फिनलैंड में संविधान को स्वीकृति प्रदान की गई।
- 1929 : सोवियत संघ ने चीन के साथ कूटनीतिक संबंध समाप्त किए।
- 1936 : स्पेन में सिविल वॉर की शुरुआत हुई, जो 3 साल तक चलता रहा।
- 1943 : ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) ने जर्मनी के पीनमुंदे रॉकेट बेस पर हमला किया।
- 1948 : भारत में महिलाओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा समेत सभी सार्वजनिक सेवाओं में भर्ती होने की पात्रता मिली।
- 1944 : अमेरिका में कैलिफोर्निया के समीप गोला बारूद से लदे दो जहाजों में विस्फोट होने से 322 लोगों की मौत।
- 1947 : भारतीय यात्री जहाज एसएस रामदास एक समुद्री तूफान की चपेट में आ गया। हादसे में जहाज में सवार 713 यात्रियों में से 690 की मौत हो गई।
- 1950 : भारत की पहली यात्री विमान दुर्घटना पंजाब के पठानकोट शहर के पास हुई।
- 1974 : लंदन टॉवर में हुए बम धमाके से 41 लोग घायल हो गए।
- 1980 : जेंको सुजुकी जापान के प्रधानमंत्री बने।
- 1981 : इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में अल-फतह मुख्यालय को नष्ट किया।
- 1987 : ईरान और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंध टूटे।

## तत्कालीन अंचल अधिकारी, बोआरीजोर पर चलेगी

रांचीः तत्कालीन अंचल अधिकारी बोआरीजोर गोड्डा देवराज गुप्ता पर विभागीय कार्यवाही चलायी जायेगी। कार्मिक विभाग ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। देवराज गुप्ता अभी साहेबगंज के बरहरवा के अंचल पदाधिकारी हैं। उनके खिलाफ राजमहल खनि-समूह,ललमटिया की अधिग्रहित भूमि के वंशावली निर्गत करने में एक ही जमाबंदी को भिन्न-भिन्न वंशावली निर्गत करने, अपने अनियमित कार्यों से खनन कार्य

**मौसम** 18 जुलाई तक रूक-रूक कर होगी बारिश, वज्रपात की भी संभावना

# साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से झारखंड में मॉनसून फिर हुआ सक्रिय



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मानसून की झमाझम बारिश के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए झारखंड के अन्नदाताओं के लिए मौसम केंद्र रांची ने थोड़ा सुकून देने वाली खबर दी है। मौसम केंद्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने अपने ताजा पूवार्नुमान में अगले दो दिनों तक राज्य भर में अच्छी बारिश और झारखंड के दक्षिणी और मध्य भाग वाले जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की भी बात कही है।मौसम केंद्र रांची के प्रभारी निदेशक के अनुसार, शनिवार को नार्थ बंगाल की खाड़ी और गंगेटिक वेस्ट बंगाल के ऊपर बना साइक्लोनिक सकुर्लेशन अब लो प्रेशर एरिया में बदल कर उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। इसका असर नार्थ ओडिशा, गंगेटिक वेस्ट बंगाल और झारखंड के ऊपर पड़ेगा। इसके प्रभाव से ही अगले दो दिनों तक राज्य में अच्छी बारिश होने की संभावना है।मानसून की स्थिति को बेहद अनुकूल बताते हुए मौसम केंद्र रांची ने सोमवार को पश्चिम सिंहभूम, गुमला और सिमडेगा में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी और रांची जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।कृषि निदेशालय से मिले 14 जुलाई तक के आकंड़े के अनुसार राज्य में जुलाई महीने में 319 मिमी वर्षा की जगह मात्र 71 मिमी वर्षा हुई है जो सिर्फ 22.23% है। सामान्य से लगभग 78% कम बारिश का प्रभाव खेती पर साफ दिखना शुरू हो गया है। राज्य में 18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धानरोपनी का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से 14 जुलाई तक महज 01 लाख 47 हजार 625 हेक्टेयर में ही धान का आच्छादन हुआ है।इसी तरह कम बारिश की वजह से मक्का के फसल भी लक्षित 03 लाख 12 हजार 560 हेक्टयर की जगह सिर्फ 65 हजार 525 हेक्टेयर क्षेत्र में लगा है। दलहन की बात करें तो राज्य में इस वर्ष 06 लाख 12 हजार 900 हेक्टेयर जमीन पर दाल की फसल लगाने का लक्ष्य था। जिसमें से महज 41 हजार 527 हेक्टेयर में ही दलहन की फसल लगाई जा सकी है। राज्य में इस वर्ष तिलहन के लिए 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें से महज 07 हजार 39 हेक्टेयर के ही तिलहन की फसल लगाई जा सकी है।जून और जुलाई महीने में अबतक औसत से काफी कम हुई वर्षा की वजह से खेती बाड़ी पर पड़ रहे असर को स्वीकारते हुए कृषि निदेशालय के अधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्षा और खेती की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मौसम केंद्र ने भी अगले कुछ दिनों तक राज्य में अच्छी वर्षा का पूवार्नुमान जारी किया है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि अच्छी वर्षा के साथ ही धान की रोपनी में तेजी आएगी और आच्छादन का एरिया तेजी से बढेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से देखा जाता रहा है कि राज्य में 15 अगस्त तक धान की रोपनी किसान करते हैं, ऐसे में अगर अभी भी अलग-अलग जिलों में पर्याप्त वर्षा हो जाती है तो खेती की स्थितियां अनुकूल हो जाएगी।मौसम केंद्र से मिले आंकड़ें के अनुसार, राज्यभर में पिछले 24 घंटें में मानसून सक्रिय और अनुकूल रहा है। रांची, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, डाल्टनगंज, बोकारो सहित कई जिलों में कहीं अच्छी तो कहीं मध्यम दर्जे की वर्षा हुई है। जगरनाथपुर में भारी बारिश 92 मिमी रिकॉर्ड किया गया है।

## 72 हूरें फिल्म को लेकर सिनेमा हॉल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रिलीज के पहले ही 72 हूरें को लेकर विवाद चल रहा है। 7 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज फिल्म को लेकर एक विशेष धर्म समुदाय के लोगों ने नाराजगी जतायी है। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर रांची के सिनेमा हॉल के बाहर 50 की संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। मेन रोड स्थित हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी है। 4 जून को फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद ही यह विवादों में आ गयी थी। यह फिल्म आतंकवाद, धर्म परिवर्तन और ब्रेन वॉश कर मासूमों से गलत काम करवाने पर आधारित है। सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म 72 हूरें के ट्रेलर को सर्टिफाइड करने से इनकार कर दिया था और फिल्म के कुछ सीन्स में संशोधन करने को कहा था। फिल्म 72 हूरें को डायरेक्टर संजय पूरन सिंह ने डायरेक्ट किया है। इसे अंग्रेजी सहित 10 अन्य भारतीय भाषाओं असमिया, बंगाली, भोजपुरी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में भी रिलीज किया गया है।

### आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के लिए 30 योग्य खिलाड़ियों का होगा चयन

**रांची**ः खेलो इंडिया सेंटर के आवासीय फुटबॉल सेंटर के लिए योग्य खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। इस संबंध में रांची जिला प्रशासन ने सूचना जारी करते कहा है कि साझा (खेल प्राधिकरण, झारखंड) के कार्यकारी निदेशक के निर्देश पर आवासीय फुटबॉल सेंटर के लिए 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। इसमें 15-15 सीटें लड़के-लड़कियों के लिए तय हैं। चयन के लिए 17 और 18 जुलाई को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में ट्रायल होगा। इसमें योग्यता के आधार पर 10 वर्ष से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग के प्लेयर्स का चयन होगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के मुताबिक चयन ट्रायल में भाग लेने वाले आवेदक का झारखंड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। चयन में भाग लेते समय प्रतिभागी अपने साथ एक पासपोर्ट साइज की फोटो, आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र की मूल और छायाप्रति लेकर आएंगे। चयन ट्रायल पूरी तरह से नि:शुल्क होगा।

बागवानी की क्षेत्र में काम करने वालों के लिए खुशखबरी

## पार्क संचालन का मिलेगा मौका



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांची नगर निगम के वार्ड 29 में तीन पार्क हैं। हरमू चौक स्थित सेक्टर 12 पार्क, हरमू सेक्टर 6 पार्क और अरगोड़ा पार्क। निगम ने इन तीनों पार्कों के संचालन, रख-रखाव के लिए ऐसे एजेंसी, व्यक्ति से आवेदन मांगा है जिनके पास बागवानी के क्षेत्र में काम करने का कम से 3 सालों का अनुभव हो। इन पार्कों के संचालन, संपोषण के लिए इसकी बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से की जानी है। इसके लिए सूचना भी निगम ने जारी कर दी है। बंदोबस्ती अधिकतम बोली गयी डाक के आधार पर होगी। इसमें निबंधित संस्था, समिति, प्रतिष्ठान, अनुभवी व्यक्तियों के अलावे अच्छे आचरण वाले लोगों से शामिल होने की अपील की गयी है। इन पार्कों की बंदोबस्ती हासिल करने वालों को डाक की सुरक्षित राशि प्रतिवर्ष के लिए निर्धारित है। साथ ही जमानत राशि भी निगम को देनी होगी। निगम के अनुसार हरमू के इन तीनों पार्कों के लिए सुरक्षित राशि के तौर पर 20 हजार रुपये (हरमू सेक्टर 6 पार्क), 55 हजार रुपये (सेक्टर 12 पार्क) और एक लाख 10 हजार रुपये (अरगोड़ा पार्क) जमा करने होंगे। जमानत राशि के तौर पर इन तीनों पार्कों के लिए क्रमशः पांच हजार, 13 हजार 750 रुपये और 27 हजार 500 रुपये जमा करने हैं। इन पार्कों की बंदोबस्ती के लिए 26 जुलाई तक आवेदन किये जा सकते हैं।

### गार्ड की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रांची**ः तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बसारगढ़ स्थित एक अपार्टमेंट के गार्ड की हत्या कर दी गयी है। बताया गया कि कुछ लोगों के साथ बैठक कर गार्ड विद्यानंद शर्मा गांजा पी रहा था। इसी दौरान आपस में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि धारदार हथियार से मारकर विद्यानंद शर्मा की हत्या कर दी गई है। हालांकि पुलिस ने हत्या मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक गार्ड विद्यानंद शर्मा शनिवार देर रात अपने दोस्तों के साथ गांजा पी रहा था। इसी दौरान हुए विवाद में हत्या कर दी गई। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## झारखंड में सेक्सटॉर्शन के मामले बढ़े, फेसबुक और व्हाट्सएप का गलत काम के लिए हो रहा इस्तेमाल

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड की राजधानी रांची सहित कई शहरों में सेक्सटॉर्शन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। फेसबुक, व्हाट्सएप सहित कई वीडियो कॉल एप इसके बाजार बन गए हैं। साइबर अपराधी सेक्सटॉर्शन के जरिए लोगों को ब्लैकमेल कर उनसे रुपए ऐंठ रहे हैं, लेकिन इसमें सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि साइबर ठगी के आंकड़े कम हो गए हैं। साइबर क्राइम पोर्टल पर साइबर क्राइम से जुड़ी जो शिकायतें आ रही हैं उनमें अगर हम केवल सेक्सटॉर्शन के आंकड़े की बात करें तो हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आती है। झारखंड में हर दिन साइबर अपराधी लगभग 500 लोगों को सेक्स चैट में फंसा कर उन्हें ब्लैकमेल कर ठगी को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, लेकिन राहत की बात यह है कि 500 में से दो से तीन लोग ही सेक्सटॉर्शन के शिकार होते हैं, बाकी कोई भी साइबर अपराधियों की चाल में नहीं फंसता। वर्ष 2021 के फरवरी महीने में झारखंड में व्हाट्सएप, फेसबुक और दूसरे वीडियो एप के जरिए सेक्सटॉर्शन के मामले शुरू हुए थे। पहले लोग लोक लाज के भय की वजह से साइबर अपराधियों को पैसे दे देते थे और पुलिस तक रिपोर्ट नहीं करते थे, लेकिन साल 2022 में रांची में सेना के एक मेजर से साइबर अपराधियों ने सेक्सटॉर्शन कर पैसों की ठगी करनी शुरू की थी। मेजर ने हिम्मत दिखाते हुए रांची के सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। साइबर पुलिस ने मामले में सदर इलाके में ही छापेमारी कर विक्की कुमार आर्या को धर दबोचा। गिरफ्तार विक्की कुमार आर्या ने जो खुलासे किए हैं वह बेहद चौंकाने वाले थे।

पूछताछ में विक्की ने बताया था है कि झारखंड के हजारीबाग, जामताड़ा, देवघर और गिरिडीह जैसे शहरों में साइबर अपराधी वहां के युवकों को बकायदा सेक्सटॉर्शन के तरीके सिखाते हैं। सेक्सटॉर्शन कैसे करना है, किन एप का प्रयोग करना है इसकी ट्रेनिंग दी जाती है।

## अरबन हाट के बचे कामों को फाइनल करने को 10 करोड़ रुपये खर्च करेगी सरकार



राष्ट्रीय खबर

**कांके (रांची)**: के रॉक गार्डन के समीप स्थित अरबन हाट के अधूरे पड़े कामों के पूरे होने की उम्मीद जगी है। रांची नगर निगम ने इसके लिए पहल की है। निगम के चीफ इंजीनियर के स्तर से एक ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी किया गया है। इसके मुताबिक अरबन हाट निर्माण के अधूरे कार्यों के लिए करीब 11 करोड़ (10 करोड़ 62 लाख 86 हजार 28 रुपये) व्यय किए जाएंगे। जिस एजेंसी को इसका कार्य आवंटन होगा, उसे करीब डेढ़ सालों (548 दिन) के भीतर निर्धारित कामों को पूरा करना होगा। 18 जुलाई को वेबसाईट पर टेंडर संबंधी डिटेल और आवेदन जारी होगा। 11 अगस्त को इसे खोला जायेगा।गौरतलब है कि कांके में रॉक गार्डेन के पास दिल्ली की तर्ज पर अरबन हाट बनाए जाने की योजना है। बीते पांच सालों से इस पर काम चल रहा है और अब तक यह आधा अधूरा ही बना है। वर्ष 2022 में सीएम हेमंत सोरेन ने इस पर संज्ञान लिया था। इसके बाद इसे पूरा करने की दिशा में हलचल तेज हुई थी। गौरतलब है कि अर्बन हाट निर्माण की योजना अगस्त 2016 में बनायी गयी थी। 2017 में इस पर काम शुरू हुआ। इसके निर्माण पर अब तक 5 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की सूचना है। कुछ कमरे बनाए गये जो अब खंडहर हो चुके हैं। काम बंद रहने से यह बदहाल हो चुका है। नशेबाजों का अड्डा भी यह बन चुका है। यहां लगी पाइप और नल पूरी तरह से टूट चुके हैं। कुछ लोगों ने अतिक्रमण भी कर लिया है। बार-बार योजना बदले जाने से भी इस योजना पर असर पड़ा है। कभी अर्बन हाट तो कभी स्किल डेवलपमेंट सेंटर तो कभी गर्ल्स हॉस्टल बनाने की बात सरकार के स्तर से आती रही। अब फिर से इसके रिकंस्ट्रक्शन की योजना है।

### राजधानी में आकाशीय बिजली का कहर 6 से अधिक लोग घायल

**रांची**ः राजधानी के लापुंग थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर हुई बारिश के साथ वज्रपात में 11 मवेशी की मौत हो गई। जबकि आधे दर्जन से अधिक लोग इस हादसे में घायल हो गए हैं। पहली घटना दानेकेरा नदी टोली में जानवरों को चराने के दौरान की है। जहां बारिश के दौरान मवेशी पेड़ के नीचे थे। आकाशीय बिजली गिरने से इसकी चपेट में आकर 11 मवेशियों की मौत हो गई। 11 पशुओं की मौत में छह बकरी और पांच बैल शामिल है। इसमें गांव की प्रभा देवी की छह बकरी शामिल है। वहीं चारी देवी के तीन बैल इस हादसे का शिकार हो गए।

**कार्यक्रम** झारखंड के लिए देह व्यापार और महिला उत्पीड़न एक संवेदनशील विषय :चीफ जस्टिस

## महिला उत्पीड़न व देह व्यापार के उत्थान पर कार्यक्रम आयोजित

▶▶ दूसरे प्रांत से आए न्यायाधीशों ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम पर व्याख्यान पेश की

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** रविवार को महिला उत्पीड़न और देह व्यापार की रोकथाम पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस रांची के जुडिशल एकेडमी में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि चीफ जस्टिस झारखंड संजय कुमार मिश्र शामिल हुए। इनके इलावा झारखंड हाईकोर्ट के न्यायधीश चंद्रशेखर, न्यायधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायधीश रोगन मुखोपाध्याय, गुजरात हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सोनिया कोगानी अधिवक्ता और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत महिला उत्पीड़न पर जागरूकता से जुड़े पुस्तक विमोचन के साथ हुआ। इसके बाद झारखंड समेत दूसरे प्रांत से आए न्यायाधीशों ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम पर व्याख्यान पेश की।चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार और महिला उत्पीड़न एक संवेदनशील विषय है। अक्सर यह घटना पीड़ित के नजदीकी द्वारा किया जाता है। घटना के बाद सबसे बड़ी जिम्मेदारी आरोपी को सजा दिलाने को लेकर है। जिसमें पुलिस अधिवक्ता और न्यायाधीशों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार एक अभिशाप है। इसे कम करने की आवश्यकता है और यह जागरूकता के माध्यम से ही होगा। वहीं न्यायाधीश एसके द्विवेदी ने कहा कि झारखंड में इस तरह के मामलों की संख्या ज्यादा है। इसके कई कारण हैं। जागरूकता और त्वरित न्याय ही इससे बचाव का रास्ता है। वहीं अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि इस तरह के विषय पर कार्यशाला होनी चाहिए।

